CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम : 08°C

मुरादाबाद, गुरुवार 18 दिसम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 124 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 | 26 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सरकार कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को बना रही निशाना : खड़गे पेज 2



अरुण चक्रवर्ती, तिलक वर्मा आईसीसी पुरुष टी-20 प्लेयर रैंकिंग में चमके खेल टाइम्स




तो क्या सांप्रदायिक घटनाओं के बीच होगा नेपाल में चुनाव सम्पादकीय



गाजा में इजरायल का साथ देगी पाकिस्तान आर्मी! पेज 12



अदीस अबाबा : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अदीस इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में एक समारोह के दौरान उनके इथियोपियाई समकक्ष अबी अहमद अली द्वारा इथियोपिया के सर्वोच्च पुरस्कार द ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया से सम्मानित किया गया।

# समुद्र में चुनौती देने वालों को भारत देगा मुंहतोड़ जवाब

## नौसेना के ऑपरेशनल स्क्वाड्रन में शामिल हुए एमएच 60 आर. हेलीकॉप्टर

शाह टाइम्स ब्यूरो

- समुद्री ताकत को और मजबूत करने वाला बड़ा कदम



**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के प्रमुख (सीएन) की मौजूदगी में गोवा स्थित आईएन हंसा में आईएन 335 'आस्प्रे' स्क्वाड्रन को औपचारिक रूप से कमीशन किया गया। इसके साथ ही एमएच- 60आर मल्टी-रोल हेलीकॉप्टर पश्चिमी तट पर नौसेना के पहले ऑपरेशनल स्क्वाड्रन के रूप में शामिल हो गए।

इसे भारतीय नौसेना की समुद्री ताकत को और मजबूत करने वाला बड़ा कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने कहा कि यह अवसर इसलिए भी खास है, क्योंकि 2025 में नौसेना के फ्लीट एयर आर्म के गठन के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं, जिसने भारतीय नौसेना को एक बहुआयामी और शक्तिशाली बल बनाया। उन्होंने याद दिलाया कि 17-18 दिसम्बर 1961 को ऑपरेशन विजय के दौरान गोवा मुक्ति में भी नौसैनिक उड्डयन की अहम भूमिका रही थी। नौसेना प्रमुख ने कहा कि आज का समुद्री माहौल पहले से कहीं ज्यादा जटिल और चुनौतीपूर्ण हो गया है। भू-राजनीतिक बदलाव, नई तकनीकें और समुद्री मार्गों पर बढ़ते खतरे भारत की समुद्री सुरक्षा को और अहम बनाते हैं। ऐसे समय में भारत 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, जहां समुद्री सुरक्षा और मजबूत प्रतिरोध क्षमता बेहद जरूरी है। उन्होंने प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री के बयानों का हवाला देते हुए कहा कि भारत समुद्र में स्थिरता और सुरक्षा का भरोसेमंद स्तंभ बनकर उभर रहा है और इसके लिए नौसेना लगातार अपनी क्षमताएं बढ़ा रही है। समुद्री इलाके के लिए इसे दुनिया का सबसे उपयुक्त और शक्तिशाली हेलीकॉप्टर माना जाता है। इसकी मारक क्षमता करीब 834 किलोमीटर है और वजन 689 किलो है। इसे विमानन क्षेत्र की आधुनिक और चुनौतीपूर्ण नई प्रौद्योगिकियों के साथ कई मिशनों में सहयोग देने के लिए डिजाइन किया गया है। यह हेलीकॉप्टर हिंद महासागर में चीनी पनडुब्बियों की मौजूदगी का भी पता लगाने में भी माहिर है।

## संक्षिप्त समाचार

### नौसेना में औपचारिक रूप से शामिल हुआ DSCA-20 जहाज

**कोच्चि।** भारतीय नौसेना ने कोच्चि स्थित नौसेना स्टेशन में बुधवार को आयोजित एक औपचारिक समारोह के दौरान डाइविंग सपोर्ट क्राफ्ट (डीएससी) ए-20 को औपचारिक रूप से सेवा में शामिल किया। यह जहाज नौसेना की पानी के नीचे की क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डीएससी ए20 इस वर्ष शामिल किया गया 11वां नौसैनिक जहाज है, जो नौसेना की लगातार बढ़ती स्वदेशी जहाज निर्माण क्षमता और 'आत्मनिर्भर भारत' की ओर प्रगति को दर्शाता है। यह डीएससी ए-20 श्रेणी का पहला जहाज है, जो समुद्र के भीतर जाकर ऑपरेशन को अंजाम दे सकता है। यह एक ऐसा युद्धपोत है, जो अंडरवॉटर मिशन, निरीक्षण और रिकवरी कार्यों के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है।

### भारत वैश्विक व्यापार में 25 प्रतिशत हिस्सेदारी की ओर अग्रसर: वित्त मंत्री

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि भारत अपने मजबूत व्यापक आर्थिक आधार, लचीली विकास दर और तेजी से बढ़ते उद्यम के बल पर आने वाले वर्षों में वैश्विक व्यापार का 25 प्रतिशत हिस्सा हासिल करने की दिशा में काम कर रहा है। वित्त मंत्री ने बुधवार को दिल्ली में 'इंडिया इकोनॉमिक कॉन्क्लेव' को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में बड़ा बदलाव आ रहा है, जहां आयात शुल्क प्रतिबंधों और रणनीतिक बाधाओं के माध्यम से व्यापारिक गतिविधियों को प्रतिबंधित किया जा रहा है।

### आरजी कर रेप-हत्याकांड: स्वत: संज्ञान मामला कलकत्ता हाईकोर्ट ट्रांसफर

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में एक महिला डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के मामले में स्वत: संज्ञान से शुरू की गई कार्यवाही को कलकत्ता उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया, ताकि मामले में जारी निर्देशों के कार्यान्वयन की निगरानी की जा सके।

# दिल्ली की सीमाओं पर बने नौ टोल प्लाजा बंद कीजिए

## दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण संकट पर सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

### स्कूलों की छुट्टियां अभी जारी रहेंगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- कहा: प्रतिबंधों के कारण बेकार बैठे निर्माण श्रमिकों के पैसे अन्य लोगों के खातों में न जाएं
- राजधानी दिल्ली में अब केवल बीएस-4 और उससे ऊपर के मानक वाले वाहन ही सड़कों पर चल सकेंगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के गहराते संकट पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सुनवाई की। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के गंभीर स्तर को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एनएचएआई और एमसीडी को दिल्ली की सीमाओं पर बने नौ टोल प्लाजा को अस्थायी रूप से बंद करने या स्थानांतरित करने पर विचार करने को कहा।

वहीं न्यायालय ने स्पष्ट किया कि दिल्ली में केवल ऐसे वाहनों को ही चलने की अनुमति दी जाएगी, जो बीएस-4 उत्सर्जन मानक या उससे ऊपर की श्रेणी के हैं। न्यायालय के इस नए स्पष्टीकरण के बाद अब अधिकारी उन पुराने वाहनों के खिलाफ कार्रवाई कर सकेंगे, जो बीएस-चार मानकों को पूरा नहीं करते हैं। वहीं बीएस-4 या नए वाहनों को उनकी समय सीमा पूरी होने के बावजूद चलाने की अनुमति है। न्यायालय का यह नवीनतम आदेश, उसके गत 12 अगस्त के उस पिछले आदेश में संशोधन करता है, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में दस साल से अधिक पुराने डीजल वाहनों और पंद्रह साल से अधिक पुराने पेट्रोल वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने पर रोक लगा दी गई थी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति विपुल पांचोली की पीठ ने दिल्ली सरकार की उस याचिका पर यह स्पष्टीकरण जारी किया, जिसमें शहर में बिगड़ती वायु गुणवत्ता को देखते हुए पुराने वाहनों पर कार्रवाई की अनुमति मांगी गई थी। पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि केवल प्रोटोकॉल तैयार करने के बजाय मौजूदा उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने की जरूरत है, -शेष पृष्ठदो पर

### दिल्ली में एक्यूआई बहुत खराब, कई हिस्सों में कोहरे से दृश्यता कम हुई



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) का स्तर बहुत खराब बना हुआ है और शहर के कई हिस्सों में कोहरे एवं धुंध से दृश्यता कम हुई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार सफदरजंग में सुबह 6:30 बजे हल्के कोहरे में दृश्यता सबसे कम 900 मीटर दर्ज की गई, जबकि पालम में सुबह 7:00 बजे धुंध में 1,100 मीटर दृश्यता रही। सात से दस किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली पश्चिमी हवाओं ने दृश्यता में और गिरावट को रोकने में मदद की। भारत मौसम विभाग (आईएमडी) ने कहा कि इसका विमान और सड़क संचालन पर ज्यादा असर नहीं पड़ा, हालांकि मोटर चालकों को सुबह के समय सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। इस बीच, राष्ट्रीय राजधानीं में हवा की गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में बनी रही। 40 में से 39 मॉनिटरिंग स्टेशनों के डेटा के आधार पर दिल्ली का कुल एक्यूआई सुबह 6:05 बजे 329 था। कई इलाकों में प्रदूषण का स्तर काफी ज्यादा दर्ज किया गया, जिसमें मुंडका (371), एनएसआईटी द्वारका (361), नेहरू नगर (360), ओखला फेज-2 (339), पंजाबी बाग (340) और नरेला (340) में एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी में रहा।

# भारत ने ढाका में बंद किया वीजा आवदेन केंद्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

- बांग्लादेश की राजधानी ढाका में मौजूदा सुरक्षा स्थिति को देखते हुए लिया निर्णय
- भारत के खिलाफ बयानबाजी को लेकर बांग्लादेश के उच्चायुक्त को तलब किया

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में मौजूदा सुरक्षा स्थिति को देखते हुए भारत ने बुधवार को अपना भारतीय वीजा आवेदन केंद्र (आईवीएसी) अस्थायी रूप से बंद कर दिया।

यह केंद्र ढाका के जमुना फ्यूचर पार्क में स्थित है और राजधानी में सभी भारतीय वीजा सेवाओं का मुख्य, एकीकृत केंद्र माना जाता है। आईवीएसी ने एक बयान में कहा कि सुरक्षा हालात को ध्यान में रखते हुए बुधवार को दोपहर 2 बजे के बाद केंद्र बंद कर दिया गया। केंद्र ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन लोगों की बुधवार को आवेदन जमा करने की अपाइंटमेंट थी, उनकी तारीख आगे के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। वहीं विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यहां बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हमीदुल्लाह को तलब कर बांग्लादेश में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति, ढाका स्थित भारतीय मिशन की सुरक्षा और वहां के कुछ नेताओं की भारत के खिलाफ बयानबाजी को लेकर अपनी चिताओं से अवगत कराते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया। विदेश मंत्रालय ने बताया कि श्री हमीदुल्लाह का ध्यान विशेष रूप से कुछ उग्रवादी तत्वों की गतिविधियों की ओर दिलाया गया जिन्होंने ढाका स्थित भारतीय मिशन के आसपास सुरक्षा स्थिति को लेकर धमकी दी है। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट रूप से कहा है कि भारत बांग्लादेश में हाल की कुछ घटनाओं को लेकर उग्रवादी तत्वों द्वारा गढ़े जा रहे झूठे आख्यानों को पूरी तरह से खारिज करता है।

### पंकज चौधरी ने दिल्ली में की अमित शाह से मुलाकात

**लखनऊ/नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में भाजपा के नव निर्वाचित अध्यक्ष पंकज चौधरी ने बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच करीब आधे घंटे तक हुई बातचीत हुई में आगामी पंचायत और विधानसभा चुनावों को लेकर रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में पिंछड़ी जातियों से जुड़े राजनीतिक समीकरणों और प्रदेश संगठन की स्थिति पर भी विचार-विमर्श हुआ।

## राहुल गांधी के खिलाफ केस की सुनवाई अब लखनऊ की अदालत में होगी

- रायबरेली में चल रहा एक मामला लखनऊ ट्रांसफर होगा

**लखनऊ।** लखनऊ राहुल गांधी के खिलाफ रायबरेली में चल रहे एक मामले को लखनऊ ट्रांसफर किया जाएगा। अब इस मामले की सुनवाई लखनऊ की विशेष अदालत में होगी।

इसके लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने बुधवार को सुनवाई के बाद आदेश दे दिया है। न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की एकल पीठ ने याची की स्थानांतरण अर्जी पर सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया। दरअसल, भाजपा कार्यकर्ता एस. विग्नेश शिशिर ने राहुल गांधी की कथित ब्रिटिश नागरिकता को लेकर सवाल उठाए हैं। उसके द्वारा दाखिल अपराधिक परिवाद पर सुनवाई रायबरेली की विशेष कोर्ट में चल रही है।

# दिल्ली में आज से 50 % कर्मचारी घर से करेंगे काम

- दिल्ली के श्रम मंत्री कपिल मिश्रा ने आदेश जारी किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के श्रम मंत्री कपिल मिश्रा ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में सभी सरकारी और निजी संस्थानों के लिए गुरुवार (18 दिसम्बर) से 50 प्रतिशत 'वर्क-फ्रॉम-होम' सुनिश्चित करने के लिए दिशानिर्देश जारी किए।

श्री मिश्रा ने कहा कि ये निर्देश अस्पतालों, अग्निशमन सेवा, जेल प्रशासन, निजी परिवहन, बिजली और पानी विभागों, आपदा प्रबंधन और पर्यावरण विभाग सहित जरूरी सेवाओं पर लागू नहीं होगा। दिशानिर्देशों में यह भी कहा गया है कि ग्रैप-3 और ग्रैप-4 के तहत काम बंद होने के कारण प्रभावित पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को दिल्ली सरकार मुआवजे के तौर पर 10,000 रुपये देगी। नए जारी किए गए आदेशों का उल्लंघन करने पर पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इससे पूर्व, दिल्ली सरकार ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन समिति (सीएक्यूएम) की सिफारिश के बाद शहर में प्रदूषण का स्तर बढ़ने के कारण नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा तक के छात्रों के लिए शहर भर के स्कूलों को 'हाइब्रिड मोड' में बदलने का निर्देश दिया था। साथ ही पांचवीं कक्षा तक के छात्रों के लिए पूरी तरह से ऑनलाइन क्लास की भी घोषणा की गई थी।

### लॉरेंस बिश्नोई के पूर्व सहयोगी की हत्या मामले में 5 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने बुधवार को आरजू-अनमोल बिश्नोई-हैरी बॉक्सर गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार, इन पर इस महीने की शुरुआत में चंडीगढ़ में दूसरे गिरोह के एक गैंगस्टर की हत्या में शामिल होने का आरोप है। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के पूर्व करीबी सहयोगी इंद्रप्रीत सिंह उर्फ पैरी की एक दिसम्बर को चंडीगढ़ के सेक्टर 26 में क्लब से बाहर निकलने के कुछ ही देर बाद गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। यह घटना उस समय हुई जब पैरी अपनी एसयूवी में बैठा था, तभी एक बंदूकधारी ने उस पर करीब से गोली मार दी और अपने साथियों के साथ फरार हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई थी।

# नासा ने उत्तर भारत के प्रदूषण पर किया चौंकाने वाला दावा

शाह टाइम्स ब्यूरो

- कहा: पराली जलाने के टाइमिंग में हुए दो घंटे के बदलाव ने इन इलाकों को प्रदूषण से काफी प्रभावित किया




**नई दिल्ली।** अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के प्रदूषण पर चौंकाने वाला दावा किया है। नासा का कहना है कि पराली जलाने के टाइमिंग में हुए 2 घंटे के बदलाव ने इन इलाकों को प्रदूषण से काफी प्रभावित किया है।

नासा करीब एक दशक से भूस्थिर उपग्रह जीईओ-केओएमपीएसएटी -2। से प्राप्त डेटा के जरिये पराली जलाने का रिकॉर्ड रख रहा है। इसी रिकॉर्ड के आधार पर नासा ने यह रिपोर्ट जारी की है। नासा ने अपने बयान में कहा कि दशकों से हर साल अक्टूबर से दिसम्बर के बीच पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और अन्य राज्यों के किसान धान की कटाई के बाद पौधों के अवशेष जलाते हैं। इसकी वजह से उत्तरी भारत के इंडो-गंगा के मैदान में धुएं और धुंध की लंबी-लंबी धाराएं फैल जाती हैं। नासा का कहना है कि यही धुआं अन्य स्रोतों से निकलने वाले कणों और गैसों और धूल भरी आंधी के साथ मिलकर धुंध बनाता है। दिल्ली और एनसीआर के इलाकों में वायु प्रदूषण का गंभीर असर देखने को मिल रहा है। बीते कुछ दिनों से दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में एआईक्यूआई 600 के पार चला जा रहा है। प्रदूषण के खतरे को देखते हुए राजधानी में ग्रैप-4 लागू है। सरकार ने छोटे बच्चों और बुजुर्गों को घर से बाहर नहीं निकलने देने के लिए कहा है। प्रदूषण के खतरनाक स्तर को देखते हुए ब्रिटेन, कनाडा और सिंगापुर समेत कई देशों ने दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले अपने नागरिकों को घर के अंदर रहने और सावधानी बरतने की सलाह दी है। सिंगापुर दूतावास ने तो अपने नागरिकों को जरूरत के समय ही घरों से बाहर निकलने के लिए कहा है। नासा के मार्गन स्टेट यूनिवर्सिटी के वायुमंडलीय वैज्ञानिक हिरेन जेठवा के मुताबिक उत्तर भारत के राज्यों में पहले पराली दोपहर 1-2 बजे के आसपास जलाई जाती थी। अब इसमें बदलाव हो गया है। अब पराली 4-6 बजे के बीच जलाई जा रही हैं। नासा ने इसमें इसरो की एक रिपोर्ट का भी हवाला दिया है। इसरो की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2020 से पहले पराली जलाने का चरम समय दोपहर 1।30 बजे था, जो अब बदल गया है।

CMYK



## संक्षिप्त समाचार

### शस्त्र को शास्त्र से बड़ा मानने वाली शक्तियों को शिक्षालय व समाज से रखें दूर

लखनऊ। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इशारों ही इशारों में भाजपा सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि जो लोग शस्त्र को शास्त्र से बड़ा मानते हैं, उन्हें शिक्षालयों, विश्वविद्यालयों और समाज से दूर रखा जाना चाहिए। शिक्षा का मूल उद्देश्य हिसक और असभ्य सोच को सभ्य बनाना है, लेकिन कुछ नकारात्मक शक्तियां शिक्षा संस्थानों पर कब्जा कर नई पीढ़ी की सोच को कुचलना चाहती हैं। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अखिलेश ने पोस्ट करते हुए कहा कि समाज में ऐसे लोग सक्रिय हैं, जो अपने परंपरागत प्रभुत्व और वर्चस्व को बनाए रखने के लिए सामाजिक विभाजन और विद्वेष की राजनी. ति करते हैं। ये ताकतें प्रेम, सौहार्द और शांति के खिलाफ काम कर रही हैं, जिससे देश का अमन-चैन बिगड़ रहा है और तरक्की बाधित हो रही है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं भी हिसक और नकारात्मक सोच वाले लोगों से दूरी बनाएं और अपने परिवार व समाज को भी सतर्क करें।

### भारत को अमेरिका के साथ रचनात्मक चर्चा जारी रखनी चाहिए

**नई दिल्ली।** जानी-मानी अर्थशास्त्री और अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष की पूर्व अधिकारी गीता गोपीनाथ ने बुधवार को कहा कि भारत और अमेरिका को आपस में आयात शुल्क के मुद्दे के समाधान के लिए रचानात्मक चर्चा करनी चाहिए। चर्चा करते रहने से समय के साथ शुल्क नीचे आ सकते हैं। सुश्री गोपीनाथ ने यहां इडिया इकोनॉमिक कान्क्लेव के एक सत्र में भारत की व्यापार रणनीति को लेकर कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश और प्रौद्योगिकी संबंधों की गहराई को देखते हुए आने वाले वर्षों में अमेरिका के साथ बातचीत महत्वपूर्ण होगी।

# सरकार कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को बना रही निशाना:खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता



■ कांग्रेस अध्यक्ष ने चल रही कानूनी कार्यवाही को सुनियोजित 'राजनीतिक प्रतिशोध' करार दिया

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ चल रही कानूनी कार्यवाही को सुनियोजित 'राजनीतिक प्रतिशोध' करार दिया।

खड़गे ने एक महत्वपूर्ण अदालती फैसले के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि गांधी परिवार के सामने जो कानूनी चुनौतियां पेश की जा रही हैं, उनमें कोई दम नहीं है और वे विशेष रूप से राजनीतिक विरोधियों को परेशान करने के लिए बनाई गई हैं। दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने मंगलवार को नेशनल हेराल्ड मामले में वरिष्ठ नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी एवं पांच अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निद. शालय (ईडी) के धन शोधन के आरोपों पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया था। खड़गे ने इस बात पर जोर दिया कि कार्यवाही के शुरुआती चरणों में प्राथमिकी का न होना यह साबित करता है कि आरोप पूरी तरह बेबुनियाद है। खड़गे ने कहा कि वे (केन्द्र सरकार) यह सब राजनीतिक प्रतिशोध के लिए कर रही है। यह केस सिर्फ गांधी परिवार को परेशान करने के लिए है। इस मामले में कोई प्राथमिकी नहीं है। हमारा नारा 'सत्यमेव जयते' है और हम इस मामले में आए फैसले का स्वागत करते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष की यह टिप्पणी पार्टी के शीर्ष नेताओं से जुड़े लंबे समय से चल रहे एक कानूनी विवाद के बीच आई है। हालांकि इस विशिष्ट फैसले ने पार्टी को राहत या दी है, लेकिन खड़गे ने तुरंत इसे व्यापक संदर्भ से जोड़ते हुए कहा कि सत्ता पक्ष विपक्षी दलों को दबाने के लिए जांच एजेंसियों का इस्तेमाल कर रहा है। यह मामला पिछले कई वर्षों से भारतीय राजनीति में विवाद का केंद्र रहा है। यह कांग्रेस से जुड़ी संस्थाओं में वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों पर आधारित है। जहां सरकार और जांच एजेंसियां यह कहती रही हैं कि वे केवल कानून के शासन का पालन कर रही हैं, वहीं कांग्रेस पार्टी लगातार इस जांच को 'प्रक्रियात्मक अत्याचार' बताती रही है। कांग्रेस नेताओं ने अक्सर इस बात की ओर इशारा किया है कि ईडी ने औपचारिक प्राथमिकी के बजाय निजी शिकायतों के आधार पर जांच शुरू की थी।

### नेशनल हेराल्ड मामले में किसी को राहत नहीं मिली, ट्रायल जारी है: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी को कोई राहत नहीं मिली है। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह दावा किया कि नेशनल हेराल्ड मामले का ट्रायल जारी है, इस मामले में श्रीमती सोनिया गांधी आरोपी नंबर एक हैं और राहुल गांधी आरोपी नंबर दो अभी भी हैं। भाटिया ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में धोखाधड़ी मामले में सुनवाई जारी है। इस मामले में ट्रायल जारी है और इस मामले में सात साल की सजा संभव है। उन्होंने कहा कि आज इस मामले में जब कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से पत्रकार बंधुओं ने यह सवाल प्रेसवार्ता में पूछा, तो न मल्लिकार्जुन खड़गे के पास इसका कोई उत्तर था और न ही अभिषेक मनु सिघवी के पास इसका कोई उत्तर नहीं था।

# संसद में निजी स्कूलों पर लगा मुनाफाखोरी का आरोप

नई दिल्ली, वार्ता

राज्यसभा में बुधवार को निजी स्कूलों पर मुनाफाखोरी करने और बच्चों की पोशाक से लेकर किताब तक स्कूल से खरी. दने के लिए विवश करने के आरा. प पर शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने आपत्ति जताते हुए कहा कि सभी संस्थानों को एक ही रंग में रंगना गलत होगा। बीजू जनता दल की सुलता देव ने एक पूरक प्रश्न पूछते हुए आरोप लगाया कि निजी स्कूल शिक्षा के नाम पर मुनाफाखोरी कर रहे हैं।

अभिभावकों को पोशाक, किताबें, स्कूल बैग आदि स्कूल से ही खरीदने के लिए विवश किया जा रहा है। इसके जवाब में चौधरी ने कहा कि शिक्षा समवर्ती सूची का विषय है और राज्यों की इसमें बड़ी भूमिका होती है। मेरी आपत्ति है। एक ब्रश से सभी संस्थाओं को आप पेंट कर रही हैं, कह रही हैं कि निजी स्कूलों में मुनाफाखोरी हो रही है, ऐसा कहना भी अनुचित होगा। एक अन्य पूरक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि समावेशी शिक्षा के लिए मौजूदा वित्त वर्ष में 14,013 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। देश भर में कुल 14. 71 लाख स्कूल हैं, जिनमें से 11. 64 लाख में रैम्प हैं। उनके लिए टॉयलेट और अन्य सुविधाओं के निर्माण के लिए केंद्र सरकार राज्यों की मदद करती है। एक प्रश्न के लिखित उत्तर में मंत्री ने सदन को सूचित किया कि सरकारी स्कूलों में जहां शिक्षकों की संख्या बढ़ रही है, वहीं छात्रों की संख्या घट रही है।

# नकली दवाओं का कारोबार भाजपा के संरक्षण में

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सपा अध्यक्ष ने कहा: भाजपा सरकार में तमाम तरह का अवैध और नशे का कारोबार जारी

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि भाजपा सरकार के संरक्षण में कफ सिरप के नाम पर नकली दवाएं और जहर बेचा जा रहा है। यादव ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार में तमाम तरह का अवैध और नशे का कारोबार हो रहा है। अवैध कारोबारियों को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है।

उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार और अवैध कारोबार का सारा साम्राज्य भाजपा सरकार में खच हुआ है। इसमें ऊपर से नीचे तक सब मिले हुए हैं। भाजपाई एक तरफ भ्रष्टाचार करके सरकारी बजट लूट रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ प्रदेश में नकली सामान और दवाएं बनाकर जनता को लूटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था पर जीरो टॉलरेंस का दावा करते हुए बड़ी-बड़ी लफ्फाजी करने वाले अब कहां गुम हो गए हैं। नकली और जहरीली सिरप के हजारों करोड़ के अवैध कारोबार पर चुप्पी क्यों है। भाजपा सरकार में प्रदेश में अराजकता चरम पर है। भ्रष्टाचार और लूट की पराकाष्ठा है। यूपी में ऐसा फर्जीवाड़ा कभी नहीं हुआ था। भाजपा का भ्रष्ट सिस्टम प्रदेश की जनता को बीमार और बेहाल बना रहा है। यादव ने कहा कि इस सरकार में लोगों की जान की कोई कीमत नहीं रह गई है। प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं ध्वस्त हैं।

## उत्तर प्रदेश में अंदर आत्मविश्वास का प्रमुख कारण कानून का राज: योगी

# पीएसी का इतिहास अनुशासन, शौर्य, त्याग व समर्पण

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ मुख्यमंत्री ने लखनऊ में यूपीपीएसी के स्थापना दिवस समारोह-2025 का शुभारंभ किया

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि 78 वर्षों से पीएसी बल का इतिहास अनुशासन, शौर्य, त्याग व समर्पण का रहा है। उन्होंने जवानों से अपील की कि साहस, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, व्यावसायिक दक्षता व कठिन प्रशिक्षण ही आपकी पहचान बननी चाहिए।

सरकार आश्वस्त करती है कि आपके सम्मान व सरकार के स्तर पर मिलने वाली सुविधा-संसाधन में निरंतर वृद्धि होती रहेगी। उत्तर प्रदेश के अंदर आत्मविश्वास का प्रमुख कारण कानून का राज है। कानून का राज सुरक्षा के बेहतर माहौल में ही सुशासन की गारंटी दे सकता है। सुशासन में ही निवेश सुरक्षित हो सकता है और सुरक्षित निवेश ही युवाओं की आकांक्षाओं की पूर्ति का माध्यम बन सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपीपीएसी के स्थापना दिवस समारोह-2025 का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने पीएसी द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन व अवलोकन किया।

सीएम ने 78वर्ष के गौरवशाली इतिहास के लिए पीएसी बल को बधाई दी। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में पीएसी बल आंतरिक सुरक्षा, कानून व्यवस्था, आपदा प्रबंधन, प्रदेश में महत्वपूर्ण त्योहारों, अति. विशिष्ट महानुभावों के आगमन, लोकतंत्र के महापर्व 'चुनाव' को शांतिपूर्ण ढंग से सुनिश्चित करने के साथ ही संवेदनशील परिस्थितियों में अग्रिम मोर्च पर कार्य करता है। पीएसी के अधिकारी व कार्मिक विभिन्न आयामों के माध्यम से न सिर्फ यूपी, बल्कि देश के अंदर यूपी पीएसी बल, एसएसएफ, यातायात पुलिस, प्रतिसार निरीक्षक ड्यूटी, प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षक, एटीएस व एसटीएफ कमांडो के रूप में सेवाएं प्रदान कर कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने पीएसी बल के अदम्य साहस की चर्चा करते हुए बताया कि 30वीं वाहिनी पीएसी के जवानों ने 13 दिसम्बर 2001 को संसद पर हुए आतंकी हमले का जवाब दिया और पांचों आतंकवादियों को मुठभेड़ में मार गिराया था। जुलाई 2005 में श्रीराम जन्मभूमि परिसर अयोध्या में आतंकी हमले के दौरान सीआरपीएफ, पीएसी और यूपी पुलिस की संयुक्त टीम ने सभी आतंकियों को मार गिराया गया था। योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने पीएसी की 46 कंपनियों को पुनर्जीवित करते हुए यूपी के अंदर बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखा और आंतरिक सुरक्षा के माध्यम से यूपी की बेहतर छवि को देश के सामने प्रस्तुत करने में सफलता हासिल की। संख्या, क्षमता, प्रशिक्षण, तकनीक के स्तर पर पीएसी की सशक्त बनाने का कार्य निरंतर जारी है।

### कोहरे और ठंड को लेकर मुख्यमंत्री के अधिकारियों को सख्त निर्देश

**लखनऊ।** घने कोहरे और कड़ाके की ठंड को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को प्रदेश भर में अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने मंडलायुक्त, आईजी, जिलाधिकारी, पुलिस, ट्रैफिक और नगर निकायों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि जनजीवन, यातायात और निराश्रितों की सुरक्षा में किसी भी स्तर पर लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सड़कों, गलियों, हाईवे से लेकर एक्सप्रेस-वे तक सुरक्षा इंतजाम चाक-चौबंद रखे जाएं। इसके साथ ही, एक्सप्रेस-वे पर पेट्रोलिग बढ़ाने, ब्लैक स्पॉट पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने, टीमें तैनात करने, क्रेन और एम्बुलेंस को 24ग7 उपलब्ध रखने तथा टोल प्लाजा पर लाउडस्पीकर से चालकों को कोहरे की चेता. वनी देने के निर्देश दिए हैं। योगी ने खराब विजिबिलिटी में यातायात प्रबंधन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



सेंसेक्स 84559.65
निफ्टी 25818.55



सोना रु. 117330
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 190000
प्रति किलो



# शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन लुढ़के

## बिकवाली हावी, प्रमुख सूचकांक एक सप्ताह के निचले स्तर पर

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और प्रमुख सूचकांक एक सप्ताह के निचले स्तर पर बंद हुए। शुरुआती बढ़त के बाद बाजार में बिकवाली हावी हो गई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 120.21 अंक (0.14 फीसदी) गिरकर 84,559.65 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 41.55 अंक यानी 0.16 फीसदी नीचे 25,818.55 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों प्रमुख सूचकांकों का 10 दिसम्बर के बाद का निचला स्तर है। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.63 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचक. ांक 0.73 प्रतिशत फिसल गया। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रियलिटी, रसायन, मीडिया, निजी बैंकों और एफएमसीजी सेक्टरों में ज्यादा गिरावट रही।

वहीं सरकारी बैंकों, आईटी और धातु सेक्टरों में तेजी रही। संसेक्स की कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक का शेयर करीब डेढ़ फीसदी की बढ़त में रहा। इंफोसिस, सनफार्मा, टीसीएस, एक्सिस बैंक और मारुति सुजुकी के शेयर भी मजबूती के साथ बंद हुए। ट्रेंट का शेयर डेढ़ प्रतिशत के अधिक टूटा। एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में एक-एक फीसदी के करीब गिरावट रही। अडानी पोर्ट्स, बजाज फिनसर्व, बीईएल, टाइटन आईटीसी और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर भी नीचे बंद हुए।


# गिरावट से उबर कर रुपया 63 पैसे मजबूत हुआ

**मुंबई।** रुपया कई दिनों की गिरावट से उबरता हुआ बुधवार को मजबूत वापसी करने में कामयाब रहा और शुरुआती कारोबार में 63 पैसे की तेजी के साथ 90.3075 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी दिवस पर भारतीय मुद्रा 90.9375 रुपये प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर पर बंद हुई थी।

रिजर्व बैंक के डॉलर/रुपया स्वैप का पहला चरण मंगलवार को पूरा होने के बाद, जिसमें केंद्रीय बैंक ने वाणिज्यिक बैंकों से पांच अरब डॉलर खरीदा है, बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मांग कम हुई है। इससे रुपया मजबूत हुआ है। भारतीय मुद्रा आज 11.25 पैसे टूटकर 91.05 रुपये प्रति डॉलर पर खुली, लेकिन कुछ ही देर में तेजी से वापसी करते हुए 89.9675 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुई। हालांकि बाद में इसकी तेजी कुछ कम हुई और खबर लिखे जाते समय यह 63 पैसे की बढ़त में 90.3075 रुपये प्रति डॉलर पर रही।

# चावल, गेहूं मजबूत, दालें, चीनी नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़ जारी रही

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ गेहूं में भी तेजी रही। वहीं, चीनी और दालों के दाम घट गए जबकि खाद्य तेलों की कीमतों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत सात रुपये बढ़कर 3,864 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं छह रुपये महंगा हुआ और 2,866 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत तीन रुपये बढ़ गई। दाल.दलहनों में नरमी रही। तुअर दाल 65 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। उड़द दाल की कीमत 31 रुपये और चना दाल की 27 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मसूर दाल में 14 रुपये और मूंग दाल में आठ रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा तीन रिंगिट चढ़कर 3,965 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, मार्च का अमे. रिकी सोया तेल वायदा 0.59 प्रतिशत गिरकर में 48.62 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल 12 रुपये और पाम ऑयल 11 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सोया तेल भी 10 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। वनस्पति 17 रुपये और मूंगफली तेल सात रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सरसों तेल के भाव में टिकाव रहा। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 26 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। चीनी भी 13 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई।

**द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
**पंजीकृत कार्यालय एवं कारखाना:** द्वारिकेश नगर - 246 762, जिला बिजनौर, (उ.प्र.)
**फोन:** 01343 - 267057-64; **फैक्स:** 01343 - 267065
**कॉर्पोरेट कार्यालय:** 511, मेकर चैम्बर्स वी, 221, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400021.
**फोन:** 2283 2486, 2204 2945
**ई-मेल:** investors@dwarikesh.com; **वेबसाईट:** www.dwarikesh.com
**सीआईएन:** L15421UP1993PLC018642

**योग्य शेयरधारकों के लिए ट्रांस्फर डीड दोबारा जमा करने के लिए विशेष विंडो खोले जाने की सूचना**

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 01 अप्रैल, 2019 की प्रभावी तिथि से भौतिक रूप में उपलब्ध प्रतिभूतियों का हस्तांतरण बंद कर दिया था। तदुपरांत यह स्पष्ट किया गया कि 1 अप्रैल, 2019 की समय-सीमा से पहले जमा किए गए और डॉक्युमेंट में कमी की वजह से अस्वीकृत/वापस किए गए ट्रांस्फर डीड आवश्यक डॉक्युमेंट के साथ 31 मार्च, 2021 तक दोबारा जमा किए जा सकते हैं।

सेबी ने 2 जुलाई, 2025 दिनांकित सर्कुलर संख्या SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97 के माध्यम से यह सुविधा बढ़ाने और मूल रूप से 1 अप्रैल, 2019 से पहले जमा किए गए और डॉक्युमेंट या प्रक्रिया में कमी या अन्यथा किसी कारण से अस्वीकृत, वापस कर दिए गए या विचार नहीं किए गए भौतिक शेयरों के हस्तांतरण के अनुरोध दोबारा दर्ज करने के लिए एक विशेष अवधि देने/विंडो खोलने का निर्णय लिया है। **यह 7 जुलाई, 2025 से 6 जनवरी, 2026 तक छह महीने की अवधि होगी।**

योग्य शेयरधारकों से यह ध्यान रखने का अनुरोध किया जाता है कि इस अवधि में हस्तांतरण के लिए दोबारा जमा की गई प्रतिभूतियां/शेयर (आज की तिथि तक कंपनी/आरटीए के पास लंबित अनुरोध सहित) सिर्फ डीमैट रूप में जारी किए जाएंगे और इसकी प्रक्रियाएं विधिवत पूरी की जाएंगी। 01 अप्रैल, 2019 से पहले जिन शेयरधारकों ने भौतिक रूप में उपलब्ध शेयरों के हस्तांतरण का अनुरोध किया, परंतु उल्लिखित कारणों से यह अस्वीकार कर दिया गया या वापस कर दिया गया इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं और ऐसे शेयरों को हस्तांतरण के लिए दोबारा जमा कर सकते हैं।

किसी प्रश्न के उत्तर या सहायता के लिए कम्पनी के आरटीए से संपर्क कीजिए:
**आरटीए का नाम:** मेसर्स एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में मेसर्स लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड)
**ईमेल:** investor.helpdesk@in.mpms.mufg.com
**फ़ोन:** +91 22 49186000-79
**पता:** सी 101, एम्बेसी 247, एलबीएस मार्ग, विक्रोली (पश्चिम), मुंबई- 400 083
**यह सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.dwarikesh.com पर भी अपडेट कर दी गई है।**

**कृते द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
हस्ता./-
**बी. जे. माहेश्वरी**
**प्रबंध निदेशक एवं सीएस-सह-सीसीओ**
**डीआईएन : 00002075**

**स्थान** : द्वारिकेश नगर, जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश
**दिनांक:** 17 दिसंबर, 2025

### अमेठी में एसआईआर प्रक्रिया में चौंकाने वाले खुलासे

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले में मतदाता सूची के एसआईआर प्रक्रिया में चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई है। एसआईप्रक्रिया जिले में अब अंतिम चरण में है। इसके बावजूद जिले में करीब पौने तीन लाख मतदाता ऐसे हैं, जिनका पता नहीं चल पा रहा है। फिलहाल जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के बीएलए और बीएलओ को पुन: सूची से मिलान करने के निर्देश दिए है। जिले के चारों तहसीलों में कुल 14 लाख 36 हजार 528 मतदाताओं की वोटर लिस्ट की जांच की गई।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**दिल्ली की...**

क्योंकि प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया जाता है। सीजेआई ने टिप्पणी करते हुए कहा कि आइए इस खतरे के व्यावहारिक और कारगर समाधानों के बारे में सोचें। इस दौरान दिल्ली में स्कूलों को बंद किए जाने का मुद्दा उठा। वकील मेनका गुरुस्वामी ने दलील देते हुए कहा कि हर बार जब स्कूल बंद किए जाते हैं, तो गरीब बच्चों को सबसे ज्यादा नुकसान होता है, क्योंकि वे मिड-डे मील जैसी सुविधाओं से वंचित हो जाते हैं। इस पर भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि हमें इस मामले को विशेषज्ञों पर छोड़ देना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि स्कूलों की छुट्टियां जारी रहेंगी। उन्होंने कहा कि हम दुआ करते हैं कि छुट्टियां खत्म होने से पहले प्रदूषण कम हो जाए। सुनवाई के दौरान एक वकील ने दलील देने की कोशिश की। जिस पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि हमारी समस्या है कि ऐसे मामलों में हमें विशेषज्ञों की सलाह कम मिलती है और उनकी जगह वकील ही विशेषज्ञ बन जाते हैं। दिल्ली- एनसीआर में वायु प्रदूषण संकट पर सुनवाई के दौरान मजदूरों के संगठन की ओर से पेश वकील ने भत्ते के भुगतान न होने का मुद्दा उठाया। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को प्रतिबंधों के कारण बेकार बैठे निर्माण श्रमिकों की जांच करने और उनके खातों में पैसे भेजने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से प्रतिबंधों के कारण बेकार बैठे निर्माण श्रमिकों को वैकल्पिक काम उपलब्ध कराने पर विचार करने को कहा। दिल्ली सरकार ने दलील दी कि 2.5 लाख निर्माण श्रमिकों में से 7,000 का सत्यापन हो चुका है और उनके खातों में धनराशि हस्तांतरित कर दी जाएगी। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि श्रमिकों के खातों में स्थानांतरित किया गया पैसा गायब नहीं होना चाहिए, न किसी अन्य खाते में चला जाना चाहिए। सुनवाई के दौरान दिल्ली के कई टोल प्लाजा पर लगने वाले जाम के चलते होने वाले प्रदूषण का भी मुद्दा उठा। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अधिकारियों की ओर से क्यों नहीं कहा जाता है कि जनवरी तक कोई टोल प्लाजा नहीं रहेंगे। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि कल को दिल्ली सरकार कनाट प्लेस में टोल प्लाजा बना देगी, क्योंकि उसे पैसे चाहिए। सीजेआई ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार के 9 टोल प्लाजा कुछ समय के लिए बंद किए जाने पर विचार किया जाए। उन्होंने इस पर फैसला लेने के लिए एक हफ्ते की समयसीमा भी तय की।

# भारतीय उद्यमियों की सूची में दीपिंदर गोयल शीर्ष पर

## वैल्युएशन 27 प्रतिशत बढ़कर 3.2 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया

नई दिल्ली, वार्ता

■ एवेन्यू सुपरमार्ट्स के राधाकिशन का वैल्युएशन 13 प्रतिशत कम हुआ

हुरुन इंडिया ने नई कंपनी खड़ी करने वाले शीर्ष 200 भारतीयों की सूची जारी की है जिसमें इटरनल के दीपिदर गोयल पहले स्थान पर हैं। हुरुन इंडिया की आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के साथ जारी इस सूची में गोयल ने पहली बार शीर्ष स्थान हासिल किया है। उनका वैल्युएशन 27 प्रतिशत बढ़कर 3.2 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है।

इस सूची में उन उद्यमियों को शामिल किया गया है, जिन्होंने साल 2000 के बाद खुद अपने दम पर कंपनी खड़ी की है। पिछले साल पहला स्थान हासिल करने वाले एवेन्यु सुपरमार्ट्स के राधाकिशन दमानी का वैल्युएशन 13 प्रतिशत कम हुआ है और यह तीन लाख करोड़ रुपये रह गया है। इंटरग्लोबल एविएशन (इंडिगो) के राहुल भाटिया और राकेश अग्रवाल को पहली बार इस सूची में जगह मिली है और वे सीधे तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

कंपनी का वैल्युएशन 2.2 लाख करोड़ रुपये है। पेटीएम और लेंसकार्ट ने भी शीर्ष 10 में जगह बनाई है, जबकि रेजरपे और जेरोधा शीर्ष 10 से बाहर हो गए हैं। हुरुन इंडिया के संस्थापक एवं मुख्य अनुसंधानकर्ता अनस रहमान जुनैद ने कहा कि इस सूची में शामिल सभी उद्यमों का संयुक्त कारोबार 469 अरब डॉलर है। वहीं सूची में पांच ऐसी कंपनियां भी हैं, जिनकी स्थापना साल 2020 के बाद हुई थी। उनका संयुक्त नेटवर्थ 78,000 करोड़ रुपये है। सूची में मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट के अभय सोय चौथे, स्विगी के हर्ष मजेटी तथा नंदन रेड्डी पांचवें, मेकमायट्रिप के दीप कालरा तथा राजेश मगाव छठे और पॉलिसी बाजार के याशिष दहिया तथा आलोक बंसल सातवें स्थान पर हैं। आठवें स्थान पर पेटीएम के विजय शेखर शर्मा, नवें स्थान पर नायका की फाल्गुनी नायर तथा अद्वैता नायर और 10वें स्थान पर लेंसकार्ट के पीयूष बंसल, अमित चौधरी, नेहा बंसल और सुमित कपाही हैं।

CMYK

# संदिग्ध हालत में महिला की मौत

## जांच में जुटी पुलिस

**विशेष संवाददाता**

**बिजनौर।** शिवाला कलां थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई के लिए भेज दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार शिवाला कलां थाना क्षेत्र के ग्राम मुराहट निवासी अभिषेक की 30 वर्षीय पत्नी कोमल देवी बुधवार की शाम करीब चार बजे घर पर अचानक गिर पड़ी। आनन-फानन में परिवार के लोग उसे सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। चिकित्सक ने महिला की संदिग्ध मौत मानते हुए शिवाला कलां पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई के लिए भेज दिया। कोमल की पांच वर्ष पहले शादी हुई थी। उनके दो बच्चे एक पुत्री 4 साल की व एक पुत्र 2 साल का है। मौत के बाद दोनों बच्चों और अभिषेक का रो-रो कर बुरा हाल था। थाना प्रभारी निरीक्षक लखपत सिंह ने बताया कि एक महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

# एससी/एसटी आयोग के सदस्य सुनी समस्याएं

## अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**झालू।** नगर पंचायत कार्यालय में एससी/एसटी आयोग के सदस्य महिपाल सिंह ने कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर कई समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया शुरू कराई। बैठक के दौरान कर्मचारियों ने वेतन, सेवा-संबंधी दिक्कतों, कार्यस्थल की सुविधाओं तथा अन्य प्रशासनिक समस्याओं को आयोग सदस्य के समक्ष विस्तार से रखा, जिन पर उन्होंने तत्काल संज्ञान लिया।

महिपाल सिंह ने स्पष्ट कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं की अनदेखी किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी और न्यायसंगत निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि कर्मचारियों को अनावश्यक रूप से भटकना न पड़े और कार्यस्थल पर सकारात्मक वातावरण बना रहे।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी ने कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल ने आयोग सदस्य को नगर पंचायत की व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए कहा कि प्राप्त निर्देशों का पालन प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

बैठक में वरिष्ठ लिपिक अनुज अग्रवाल, लिपिक अनिल कुमार शर्मा उपस्थित रहे। विद्युत विभाग से उपखंड अधिकारी द्वितीय अरविंद कुमार बिंद एवं जेई सुदेश कुमार, चकबंदी विभाग से राजस्व निरीक्षक जोगेंद्र सिंह, लेखपाल सेवाराम एवं तहसील लेखपाल विवेक कुमार भी मौजूद रहे। इसके अलावा नगर पंचायत के बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी भी बैठक में उपस्थित रहे और उन्होंने अपनी समस्याएं खुलकर रखीं। अंत में आयोग सदस्य महिपाल सिंह ने कहा कि कर्मचारियों के हितों की रक्षा आयोग की प्राथमिक जिम्मेदारी है और भविष्य में भी इस प्रकार के निरीक्षण व संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि जमीनी स्तर की समस्याओं का समय रहते समाधान हो सके।

## एक नजर

### रैन बसेरे का औचक निरीक्षण



**नगीना।** नवागत एसडीएम विजय शंकर व सीओ डा. अंजनी कुमार चतुर्वेदी द्वारा नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित रैन बसेरा, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन व अलाव का आकास्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान रैन बसेरा में बिस्तर, गददा, रजाई व प्रकाश की सभी व्यवस्थाएं चुस्त दुरूस्त पायी गयी। एसडीएम ने नगर पालिका कर्मियों को निर्देश दिए कि साफ सफाई की व्यवस्था अच्छी रहनी चाहिए। एसडीएम द्वारा रैन बसेरा में उपस्थित लोगों से व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली एवं पूछा कि कोई पैसा तो नहीं ले रहा है। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी विजय शंकर, पुलिस क्षेत्राधिकारी डा. अंजनी कुमार चतुर्वेदी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका नगीना आशुतोष जायसवाल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### कवि हुक्का बिजनौरी की पत्नी का निधन

**बिजनौर।** जनपद के वरिष्ठ पत्रकार एवं सुप्रसिद्ध हास्य कवि अशोक कुमार जैन 'हुक्का बिजनौरी' की धर्मपत्नी श्रीमती निर्मला जैन (76 वर्ष) का मंगलवार की देर शाम निधन हो गया। वह काफी समय से बीमार थीं। उनका अंतिम संस्कार आज दोपहर मध्य गंगा बैराज पर किया गया। उनकी शवयात्रा सुबह उनके नई बस्ती स्थित आवास से शुरू हुई, जिसमें जिले के अनेक स्थानों से आए पत्रकारों, साहित्यकारों, व्यापारी नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों ने भाग लेकर श्रीमती निर्मला जैन को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### करंट की चपेट में आकर बंदर झुलसा



**सहसपुर।** ग्राम मेवा नवादा में शब्बू किराना स्टोर के निकट पश्चिम वाली मस्जिद से सटे विद्युत पोल के सामने मकान पर एक बंदरों का झुंड गुजर रहा था। इसी दौरान एक बंदर विद्युत पोल पर करंट की चपेट में आकर झुलस गया। स्थानीय ग्रामीणों ने डंडे से उसे नीचे गिराया। कुछ देर बाद बंदर में कम्पन की स्थिति में बढ़ोतरी हुई। बंदर में पुनः जान आने से अपने दूसरे स्थान पर चला गया। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि बंदरों के प्रतिदिन के आतंक से कड़ाके की सर्दी में घरों की छत पर बैठना जिंदगी से खिलवाड़ करना जैसा है। बंदरों के आतंक से भय माहौल पूरे गांव में बना हुआ है।

### हादसे में बोलेरो कार चालक घायल



**अफजलगढ़।** सहारनपुर डिपो की बस संख्या यूपी78जे8780 आज दोपहर सहारनपुर से टनकपुर बनबसा जा रही थी। धामपुर मार्ग नेशनल हाईवे पर सामने से आ रही बोलेरो कार से उसकी टक्कर हो गई। रोडवेज बस से टकराने के बाद बोलेरो अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर जाकर पलट गई। हादसे में बोलेरो का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बोलेरो कार चालक ठेकेदार अनीस अहमद पुत्र शफीक अहमद गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत एसआई कमरूल इस्लाम खान की टीम ने सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने घायल की नाजुक हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रैफर कर दिया। बताया जा रहा है कि अनीस अहमद पेशे से बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन ठेकेदार हैं, जो स्थानीय सेंटमेरी स्कूल में चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लेकर किरतपुर जा रहे थे।

### जंगल जाने का रास्ता बंद करने से उबाल



**स्योहारा।** ग्राम अमीनाबाद में वन विभाग द्वारा किसानों का जंगल की ओर जाने वाला रास्ता बंद किए जाने से किसानों में भारी रोष व्याप्त है। रास्ता बंद होने के कारण खेतों में कटा हुआ गन्ना पड़ा है, जो समय पर परिवहन न होने से सूखने लगा है। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों ने ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह टिकैत को ग्राम बुलाकर समस्या से अवगत कराया। किसानों ने बताया कि वर्षों से उपयोग में आ रहा यह रास्ता अचानक बंद कर दिया गया है, जिससे खेती-किसानी के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। किसानों की पीड़ा को गंभीरता से लेते हुए चौ. गजेंद्र सिंह टिकैत ने वन विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता कर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की। शाम के समय आयोजित बैठक में डिप्टी रेंजर विजय भारत, नायब तहसीलदार तथा थाना प्रभारी संजय कुमार किसानों के बीच पहुंचे। अधिकारियों ने किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्या का समाधान करते हुए रास्ता शीघ्र खुलवाया जाएगा। डिप्टी रेंजर ने किसानों से आग्रह किया कि वन विभाग की भूमि पर हर वर्ष होने वाले पौधारोपण को पशुओं से सुरक्षित रखा जाए, क्योंकि कई बार गांव के पशु नए पौधों को नुकसान पहुंचा देते हैं। बैठक को संबोधित करते हुए भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह टिकैत ने कहा कि किसान देश की रीढ़ है और उसके साथ किसी भी प्रकार का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने किसानों से भी अपील की कि वे नए पौधारोपण स्थलों पर पशुओं को न चराएं, क्योंकि वन संरक्षण सभी के हित में है। साथ ही उन्होंने प्रशासन से मांग की कि नए वृक्षारोपण वाले क्षेत्रों में तारबंदी कराई जाए ताकि पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। बैठक में सत्यवीर सिंह, भूपेंद्र सिंह, राजीव कुमार, शफीक अहमद, अकुल आदि किसान मौजूद रहे।

## एक नजर

### रेलवे स्टेशन का तेजी से कायाकल्प



**नगीना।** अमृत भारत योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेशन के कायाकल्प का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। मौके पर मौजूद निर्माता कंपनी ओम प्रकाश सिंह फर्म के पार्टनर नजीबाबाद निवासी नंदलाल चक्रवर्ती ने बताया कि यदि निर्माण कार्य निर्बाध चलता रहा तो अक्टूबर 2023 से शुरू हुआ 8 करोड़ 36 लाख रूपए लागत का यह प्रोजेक्ट अगले तीन माह में पूरा हो जाएगा। योजना के अनुसार प्लेटफार्म का चौड़ीकरण, पार्किंग क्षेत्र का विस्तार, सौंदर्यीकरण, नया वातानुकूलित वेटिंग हॉल, पुल का चौड़ीकरण व शेड कार्य और यात्रियों की सुविधाओं को बढ़ाने से जुड़े कई निर्माण कार्य प्रस्तावित थे। कुछ नई सुविधाओं में लिफ्ट, कार पार्किंग आदि शामिल हैं।

### ई-रिक्शा नाले में गिर, कई घायल

**नगीना।** बीती देर शाम एक ई-रिक्शा बढ़ापुर रोड से सवारियों को लेकर जैसे ही लकड़ियों की टाल के पास पहुंची, तभी वह संतुलन खोकर सवारियों सहित नाले में जा गिरी। बताया जा रहा है कि घना कोहरा होने के कारण ई रिक्शा चालक नदीम अहमद को नाले की पुलिया स्पष्ट दिखाई नहीं दी। ई-रिक्शा में महिलाएं और बच्चे भी सवार थे, जिन्हें हादसे में मामूली चोटे आई। हादसे के बाद सवारियों की चीख-पुकार सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को नाले से बाहर निकाला। यह नाला लगभग 4 से 5 फिट गहरा है और इसमें गंदा पानी बहता है। नाले की पुलिया पर कोई बाउंड्री वॉल, रोक या चेतावनी साइन बोर्ड नहीं लगा है, जिस कारण यहां दुर्घटना का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ समय पहले भी इसी स्थान पर एक मैजिक वाहन पलट गया था। इसके बावजूद भी संबंधित अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है, जिस कारण इस प्रकार की घटनाएं हो रही हैं।

### कड़ाके की ठंड में भी अखबार बांट रहे आशु




**नगीना।** एक तरफ जहां कड़ाके की ठंड एवं घने कोहरे में कोई भी घर से निकलने को तैयार नहीं है। वहीं स्थानीय न्यूज पेपर एजेंट आशु जैन तड़के से ही नगर में अखबार बांटना शुरू कर देते हैं। उन्होंने अपना पूरा जीवन अखबारों को ही समर्पित कर दिया है। वह पूरा नगीना नगर से परिचित है और तड़के के अंधेरे में भी घने कोहरे के बीच अखबार बांटते हैं। बुजुर्ग होने के बावजूद उन्हें मौसम से कोई फर्क नहीं पड़ता है। चाहे बारिश का मौसम हो या गर्मी का, सभी मौसम में वह खुद अखबार बांटते हैं। वह आज के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। शाह टाइम्स परिवार उनकी सेहत के लिए दुआ करता है।

# स्कूली बच्चों पर प्रशासन को आखिर आ गया तरस

## मात्र एक दिन का अवकाश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कड़ाके की ठंड एवं घने कोहरे की वजह से स्कूली बच्चों व अभिभावकों को हो रही परेशानी को देखते हुए जिला प्रशासन को आखिरकार उन पर सिर्फ एक दिन के लिए तरस आ गया है। जिला प्रशासन के द्वारा कल (आज) एक दिन के लिए कक्षा एक से बारह तक के स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार जनपद में पड़ रही कड़ाके की ठंड एवं घने कोहरे में बच्चों को स्कूल जाना पड़ रहा है। पिछले दो दिनों से घना कोहरा आ रहा है। सुबह सवेरे जब बच्चे स्कूल जाते है, तो घने को. हरे की वजह से सड़कों पर कुछ भी दिखाई नहीं देता है। पिछले दो दिनों से साइकिल, स्कूटी, बाइक, घोड़ा-बुग्गी एवं ई-रिक्शाओं से स्कूल जाने वाले बच्चे व अभिभावक बहुत ज्यादा परेशान है। आज जब स्कूलों की छुट्टी हुई, तो उस समय भी सूरज दिखाई नहीं दे रहा था और कड़ाके की ठंड पड़ रही थी। ठंड से बच्चे कांप रहे थे।

अभिभावकों का कहना है कि जिला प्रशासन को मौसम विभाग से जानकारी प्राप्त कर जब तक कड़ाके की ठंड व घना कोहरा पड़ता है, तब तक स्कूलों में अवकाश घोषित किया जाना चाहिए। अभिभावकों का कहना है कि मात्र एक दिन के लिए अवकाश घोषित होने से स्कूली बच्चों को कोई राहत मिलने वाली नहीं है। आगे भी इसी तरह की ठंड पड़ेगी। प्रशासन को कम से कम पंद्रह दिनों के लिए अवकाश घोषित करना चाहिए।

# साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** निकटवर्ती ग्राम नांगल जट इंटर कॉलेज में साइबर अपराध जागरूकता एवं मिशन शक्ति कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम उच्चाधिकारियों के निर्देशन में संचालित हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं को तेजी से बढ़ते साइबर अपराधों से सतर्क रहने और उनसे बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने मोबाइल, सोशल मीडिया, ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी धोखाधड़ी, साइबर बुलिंग और डिजिटल सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सरल एवं प्रभावशाली तरीके से जानकारी साझा की। विद्यार्थियों को बताया गया कि किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या मैसेज पर बिना जांच के प्रतिक्रिया न करें तथा अपनी व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा न करें। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत विशेष रूप से बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और आपात स्थिति में सहायता प्राप्त करने के तरीकों के बारे में अवगत कराया गया।

अधिकारियों ने कहा कि बालि. काएं निर्भीक होकर अपनी समस्याएं साझा करें और किसी भी प्रकार की असहज स्थिति में तुरंत पुलिस या हेल्पलाइन नंबरों की सहायता लें।

इस अवसर पर उप निरीक्षक गुरु चरण गिल, उप निरीक्षक संदीप कुमार, कांस्टेबल हिमांशु शर्मा, कांस्टेबल विकास कुमार एवं हेड कांस्टेबल सुधा रानी ने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए उनके सवालों के उत्तर भी दिए। कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहा और इस पहल की सराहना की।

विद्यालय प्रशासन ने पुलिस विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों को सुरक्षित, सजग और आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# मनरेगा योजना का नाम बदलने के प्रस्ताव का विरोध

## पूर्व सांसद ओमवती के नेतृत्व में मुख्यालय पर विशाल विरोध प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बिजनौर।** मोदी सरकार के द्वारा मनरेगा योजना का नाम बदले जाने का भारी विरोध हो रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री श्रीमती ओमवती के नेतृत्व में इसके विरोध में प्रदर्शन किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार आज कांग्रेस कार्यालय में पूर्व सांसद श्रीमती ओमवती देवी की अध्यक्षता में केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के प्रस्तावित नाम परिवर्तन के विरुद्ध एक विरोध सभा का आयोजन किया गया। पूर्व मंत्री श्रीमती ओमवती ने कहा कि भाजपा सरकार योजनाओं का नाम बदल कर इनका दुरुपयोग कर रही है। भाजपा सरकार नाम परिवर्तन के अलावा कुछ नहीं कर सकती है। इसके पास न तो कोई जनकल्याणकारी योजना है और न ही यह आम आदमी का भला कर सकती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश का विकास किया था और भाजपा सरकार देश का विनाश कर रही है। आज देश में महंगाई चरम पर है और बेरोजगारी काफी ज्यादा बढ़ गई है, लेकिन भाजपा सरकार इन मुद्दों से जनता का ध्यान भटक रही है। सभा में कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की इस नीति का जोरदार विरोध किया। सभी वक्ताओं ने एक स्वर से कहा कि मनरेगा योजना कांग्रेस सरकार की देन है, जिसने ग्रामीण भारत के गरीबों को रोजगार का अधिकार प्रदान किया। महात्मा गांधी के नाम को हटाकर इस योजना का नाम बदलना राष्ट्रपिता का अपमान है तथा गरीब विरोधी कदम है।

श्रीमती ओमवती देवी के ओजस्वी नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय से महात्मा गांधी पार्क तक एक विशाल विरोध मार्च निकाला। मार्च में शामिल सभी कार्यकर्ताओं ने नारे लगाते हुए केंद्र सरकार से इस प्रस्ताव को वापस लेने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पार्टी इस मुद्दे पर संसद से सड़क तक संघर्ष जारी रखेगी और महात्मा गांधी के नाम तथा ग्रामीण गरीबों के अधिकारों की रक्षा करेगी।

इस अवसर पर पूर्व आईएएस आर के सिंह, जावेद अंसारी जिला उपाध्यक्ष, मौहम्मद अकबर, मीनू गोयल, विक्रम सिंह, प्रदीप ठाकुर, मौहम्मद सलीम, हरिराज सिंह, फुरकान महमूद, गौतम सिसोदिया जिलाध्यक्ष युवा, खालिद अंसारी, वसीम अकरम, काजी आतिफ, प्रदीप ठाकुर, अनिल त्यागी, जहांगीर जैदी, एहसान अंसारी, हुकुम सिंह, अहसन जमील, जसराम सिंह, हरि सिंह सागर, रईस कुरैशी, विश्वमोहन, मुकीम अहमद, गुलशन कुमार, हाफिज सद्दन, अजहर मंसूर, एड. शाजिया, एड. सविता, नाजिम जबीं, शाहिद मंसूरी, इमरान सिद्दीकी, वंश राजपूत, मुरसलीन, मौहम्मद नदीम, इमामुद्दीन, महेंद्र सिंह कश्यप, शादीलाल मारवाड़ी, सुरेंद्र सिंह, सुकन्दी लाल, दिलेराम सिंह, होशियार सिंह आदि उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने किया आतिशबाजी फैक्ट्री का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नहटौर।** जिलाधिकारी के निर्देश पर उप जिला अधिकारी धामपुर ने नहटौर में बूढ़पुर मार्ग पर संचालित इसरार फायरवर्क्स आतिशबाजी फैक्ट्री का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आतिशबाजी बनने का कार्य बंद मिला।

जिला अधिकारी के निर्देश पर जलालाबाद में हुई आतिशबाजी फैक्ट्री में विस्फोट की घटना के दृष्टिगत एसडीएम धामपुर स्मृति मिश्रा ने नहटौर-बूढ़पुर मार्ग पर संचालित इसरार फायरवर्क्स आतिशबाजी फैक्ट्री का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान फैक्ट्री मे आतिशबाजी बनाने का कार्य बंद मिला। साथ ही संचालक इसरार अहमद का भतीजा सलमान अहमद मौके पर मिला। उन्होंने अभिलेख मांगे, जिसमें उपस्थित रजिस्टर में 30 मजदूरों की हाजिरी मिली। साथ ही उप जिला अधिकारी ने संचालक को कार्य सावधानीपूर्वक करने के निर्देश दिए। इस अवसर उन्होंने गोदाम में रखें कट्टो को भी देखा। इस अवसर पर फायर ब्रिगेड की टीम, राजस्व विभाग के लेखपाल मौके पर मौजूद रहे। बुधवार को सीओ धामपुर अभय कुमार पांडे, थानाध्यक्ष धीरज नागर ने नहटौर अमराबाद मिलक पर संचा. लित दोनों आतिशबाजी फैक्ट्री का निरीक्षण किया, जिसमें एक फैक्ट्री पूर्ण तरह से बंद मिला। इसी मार्ग पर रऊफ आतिशबाजी फैक्ट्री का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर आतिशबाजी बनती हुई मिली। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने उपस्थिति रजिस्टर देखा, जिसमें 8 मजदूर उपस्थित थे। मौके पर भी 8 मजदूर कार्य कर रहे थे। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि निरीक्षण के दौरान एक फैक्ट्री पूर्ण तरह से बंद मिली तथा दूसरी फैक्ट्री में 8 मजदूर काम करते हुए मौके पर मिले। इस मौके पर लेखपाल परवेज आलम, गगनदीप सिंह, ब्रह्म सिंह रवि, सीएफओ, दरोगा फायर दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

# इलाज या लूट?

## धरती के भगवान से छिनती मानवता, कमीशन की दवा से कराहता गरीब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कभी चिकित्सा सेवा मानवता की सबसे पवित्र मिसाल मानी जाती थी। मरीज की पीड़ा ही डॉक्टर का धर्म होती थी और इलाज सेवा का प्रतीक। लेकिन आज हालात इतने बदल चुके हैं कि इलाज बीमारी से कम और खर्च से ज्यादा डराने लगा है। सवाल यह है- क्या अब अस्पताल सेवा के नहीं, मुनाफे के केंद्र बनते जा रहे हैं?

चिकित्सकों को आज भी 'धरती का भगवान' कहा जाता है, मगर इस भगवान की बढ़ती फीस, महंगी दवाइयां और लंबी-लंबी जांचों ने आम आदमी की सांसें रोक दी हैं। इलाज इतना महंगा हो गया है कि गरीब ही नहीं, मध्यम वर्ग भी अस्पताल का नाम सुनते ही घबरा जाता है। हर साल लाखों परिवार इलाज के नाम पर कर्ज में डूब जाते हैं, जमीन-जायदाद बेचने को मजबूर होते हैं और देखते-देखते गरीबी रेखा के नीचे फिसल जाते हैं।

कैंसर, हृदय रोग और मानसिक बीमारियों से जूझ रहे मरीजों की आधी कमाई केवल इलाज में ही खत्म हो जाती है। जीवन बचाने की कोशिश जीवनभर की कमाई निगल जाती है।

उधर ग्रामीण क्षेत्रों में बने स्वास्थ्य उपकेंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बदहाली के शिकार हैं- कहीं डॉक्टर नहीं, कहीं दवाइयां नहीं, तो कहीं मशीनें ही खराब पड़ी हैं। मजबूरन ग्रामीण मरीज निजी अस्पतालों का रुख करते हैं, जहां इलाज जेब से नहीं, हिम्मत से बाहर होता है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा जेनेरिक दवाइयों का उत्पादक देश है, फिर भी मरीजों को सस्ती दवाइयों की जगह महंगे ब्रांड थमाए जाते हैं। जरूरत से ज्यादा दवाइयां लिखी जाती हैं, क्योंकि हर पर्ची के पीछे कमीशन की परछाई बताई जाती है। यही खेल जांचों में भी खुलकर चल रहा है। मरीजों को खास जांच केंद्रों पर भेजा जाता है और बाहर की रिपोर्ट को संदेह की नजर से देखा जाता है। आज इलाज जरूरत नहीं, सौदा बन गया है। सवाल सिर्फ पैसों का नहीं, इंसानियत का है। अगर सरकार ने समय रहते सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत नहीं किया, निजी चिकित्सा पर सख्त निगरानी नहीं रखी और जेनेरिक दवाओं को बढ़ावा नहीं दिया, तो गरीबों के लिए इलाज सपना नहीं, सजा बन जाएगा। अब वक्त है सोचने का-क्या हम मानवता को बचाएंगे या इलाज को सिर्फ मुनाफे का धंधा बनते देखते रहेंगे?

# पालिका के अस्थाई रैन बसेरे से राहत

**शेख मौहम्मद यूसुफ**




## मुख्य चौराहों पर अलाव की व्यवस्था

**अफजलगढ़।** नगर पालिका परिषद द्वारा अस्थाई रैन बसेरा स्थापित कर रात्रि विश्राम करने वाले राहगीरों को राहत पहुंचाई गई। नगर में चेयरपर्सन तबस्सुम जावेद एवं चेयरपर्सन पति जावेद विकार की तारीफ हो रही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार भारी ठंड व घने कोहरे के चलते यात्रियों व राहगीरों की सुविधा हेतु नगर पालिका परिषद द्वारा जसपुर मार्ग पर विद्युत उपकेंद्र के समीप अस्थाई रैन बसेरा स्थापित किया गया है। जिसमें महिलाओं व पुरुषों की सुविधा के लिए लिए अलग-अलग कैम्प बनाए गए हैं। नगर पालिका परिषद द्वारा रैन बसेरा के तीन केयर टेकर मौहम्मद इमरान प्रातः 6:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे, मौहम्मद इस्माईल दोपहर 2:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक व रामकुमार रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 6:00 बजे तक कार्यरत रहेंगे।

नगर पालिका परिषद के बाबू संजीव कुमार अग्रवाल ने बताया कि नगर पालिका के मुख्य चौराहों, बस स्टैंड, कालागढ़ मार्ग पर भीषण सर्दी के चलते हुए अलाव जलाए जा रहे है। उन्होंने बताया कि जहां भी जरूरत महसूस होगी, वहां पर अलाव जलाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुविधा का पूरा ख्याल रखा जाएगा। दूसरी तरफ नगर में चेयरपर्सन तबस्सुम जावेद एवं चेयरपर्सन पति जावेद विकार की तारीफ हो रही है। उनके द्वारा नगर पालिका की सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखा जा रहा है। अधिशासी अधिकारी भी सफाई कार्य की निगरानी कर रहे हैं। हालांकि नागरिक सफाई कर में पूरा सहयोग नहीं कर रहे हैं। बार-बार मना करने के बावजूद उनके द्वारा पॉलिथीन का इस्तेमाल किया जाता है, जिसकी वजह से गंदगी फैलती है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

## एक नजर

### पंचायतों की आय बढ़ाने को प्रशिक्षण



**नूरपुर।** विकासखण्ड के ग्राम पंचायतों की स्वयं की आय के स्रोत विषय पर पंचायत सहायक एवं सचिवों का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायतों की स्वयं की आय किस प्रकार बढ़ाई जाये मंथन करना था। सभी प्रतिभागियों के द्वारा अच्छे सुझाव प्राप्त हुए। कार्यशाला का संचालन करते हुए राज्य प्रशिक्षक हरिश्चंद्र के द्वारा पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 37 पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए पंचायतों की आय हेतु कर लगाने के प्रावधानों पर चर्चा की। इसी क्रम में सत्येन्द्र शर्मा सीनियर फैकल्टी कम मैनजर डीपीआरसी गजरौला अमरोहा के द्वारा पंचायतों की स्वयं की आय के गैर-कर तरीके जैसे- बाजार का पट्टा, तालाबों का पट्टा, पार्कों में ओपन जीम बनाकर, पुस्तकालय आदि से पंचायते अपनी स्वयं की आय बढ़ा सकती है। प्रशिक्षक मौहम्मद वसीम द्वारा पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 220 से 233 पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रशिक्षण में सीनियर फैकल्टी मैनेजर सतेंद्र शर्मा, प्रशिक्षक मौहम्मद वसीम, हरिश्चंद्र, खुशी व पंचायत सहायक, सचिव आदि मौजूद रहे।

### बहला-फुसला कर ले जाने का आरोप

**बढ़ापुर।** थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी एक व्यक्ति ने थाने में दर्ज कराए केस में कहा है कि तीन दिन पहले की रात्रि गांव का युवक उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। सुबह होने पर लड़की को तलाश किया लेकिन लड़की नहीं मिली। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाई शुरू कर दी है।

### नवमनोनीत पदाधिकारियों का किया सम्मान



**धामपुर।** भाजपा मंडल की ओर से नव मनोनीत राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पार्षदों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। दुर्गा विहार कॉलोनी स्थित पूर्व सांसद के आवास पर हुए समारोह में पार्टी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय परिषद के सदस्य एवं पूर्व सांसद डॉ. यशवंत सिंह, भूमि विकास बैंक के मंडल डायरेक्टर महेंद्र धनोरिया तथा प्रांतीय पार्षद भूपेंद्र सैनी को अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे मजबूत कड़ी है। उन्होंने कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है, जहां एक सामान्य कार्यकर्ता भी मेहनत और निष्ठा के बल पर बड़े दायित्वों तक पहुंच सकता है। जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे वर्तमान में चल रही एसआईआर प्रक्रिया में पूरी सक्रियता से भाग लें और अपने-अपने बूथों पर प्रत्येक पात्र व्यक्ति का प्रपत्र भरवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता पर निर्भर करती है। पूर्व सांसद डॉ. यशवंत सिंह ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है। भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की विचारधारा है। कार्यक्रम का संचालन राकेश चौधरी ने किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गोयल सहित राजू गुप्ता, डॉ. एनपी सिंह, दिनेश सैनी, सुभाष चौहान, डॉ. दीप सौरभ सिंह, डीएस चौहान, नागेश्वर दयाल, मंगल सैनी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दहेजलोभियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**बढ़ापुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर मुज्जफर उर्फ मुजफ्फरनगर निवासी सुल्ताना ने थाने में दर्ज कराए मुकदमे में आरोप लगाया है कि लगभग दस महीने पहले उसकी शादी नदीम से हुई थी। शादी में दिए गए दान दहेज से ससुराल वाले खुश नहीं थे और शादी के तीन-चार दिन बाद ही दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता का पति भी दो महीने बाद विदेश चला गया और दहेज के लिए फोन पर ही तीन तलाक देने की धमकी देने लगा। दो महीने पहले जब पीड़िता अपनी ससुराल पहुंची तो ससुराल पक्ष के लोगों ने गाली गलौज कर मारपीट कर घर से निकाल दिया और दहेज की मांग की। आरोप है कि उसके पति नदीम ने भी फोन पर दहेज की मांग करते हुए गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए तीन तलाक देने की धमकी दी। पुलिस ने ससुराल पक्ष की तीन महिलाओं सहित छह लोगों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पटाखा गोदाम का निरीक्षण

**नगीना।** नगर के हरेवाली रोड पर बूढ़ावाला चुंगी स्थित पटाखा गोदाम का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कोई अनियमितता नहीं पाई गई। यह निरीक्षण एसडीएम विजय शंकर व सीओ डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने किया। यह निरीक्षण नजीबाबाद के पास एक पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण धमाके और उसमें एक मजदूर की दर्दनाक मौत के बाद प्रशासन की सतर्कता का हिस्सा था। अधिकारियों ने गोदाम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एसडीएम विजय शंकर ने बताया कि निरीक्षण के दौरान गोदाम में कोई अनियमितता नहीं मिली। सीओ डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने लाइसेंस धारक को नियमानुसार कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुरक्षा संबंधी लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**बढ़ापुर।** मौहल्ला घोसियान निवासी जाकिर ने न्यायालय के आदेश पर दर्ज कराए मुकदमे में कहा कि मौहल्ला सत्तीयान निवासी इकबाल दूध की डेयरी का कारोबार करता था। पीड़ित ने एक वर्ष तक दूध लेने के लिए एक लाख 25 हजार रुपए जमा किए थे। समय पूरा होने पर पीड़ित ने जब रुपये वापस लौटाने को कहा तो उसने दो लाख रुपए की और मांग की। पीड़ित के मना करने पर इकबाल पशुओं को बेचकर डेयरी बंद कर दिल्ली भाग गया। फोन पर पैसे मांगने पर गाली गलौज करने लगा। दिल्ली से वापस लौटने पर पीड़ित द्वारा रुपए मांगने पर इकबाल आग बबूला हो गया और डंडे से मारपीट की। मारपीट में पीड़ित को गंभीर चोट आई। शोर शराबे की आवाज सुनकर जफर, नाजिम व शेखर ने बचाया। जाते समय दोबारा रुपए मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाई शुरू कर दी है।

### कृषि निवेश मेले का आयोजन

**अफजलगढ़।** स्थानीय खण्ड विकास कार्यालय कासमपुर गढ़ी में रबी कृषि निवेश मेला का आयोजन किया गया। जिसमें जागरूक किसानों ने भाग लिया। विकास खण्ड कार्यालय प्रांगण स्थित राजकीय कृषि निवेश व बीज भण्डार के समक्ष कृषि विभाग द्वारा कृषि मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख प्रदीप कुमार ने की तथा कार्यक्रम का संचालन रामप्रसाद सिंह एसएमएस नगीना द्वारा किया गया। कृषि मेला में प्राकृतिक खेती के महत्व प्राकृतिक खेती के महत्व, उनके प्रयोग और मानव स्वास्थ पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों की जानकारी दी गई। मुख्य वक्ता सहायक विकास अधिकारी करन सिंह धामपुर द्वारा जैविक खेती के उपयोग लाभ और दीर्घकालिक प्रभावों पर विस्तृत चर्चा की गयी। गन्ना विभाग से नुकुल कुमार गन्ना पर्यवेक्षक के द्वारा गन्ना विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी किसानों के साझा करते हुए गन्ना रोग से बचाव एवं सुरक्षित रहने के उपाय बताए गए। सहायक विकास अधिकारी कृषि रोहित कुमार ने गेहूं की खेती एवं प्रबंधन पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। मेले में कृषि विभाग की पूरी टीम के साथ बड़ी संख्या में प्रगतिशील किसान जोगेन्द्र सिंह, परमेन्द्र सिंह, बलवन्त सिंह, भूपेन्द्र सिंह, सत्यवीर सिंह, नेपाल सिंह सहित अनेक किसान शमिल रहे। कृषि निवेश मेले में भिन्न-भिन्न विभागों द्वारा स्वदेशी निर्मित पदार्थों के स्टाल लगाए गए, जिसमें बाल विकास विभाग, गन्ना विभाग, धानुका पेस्टिसाइड प्रधानमंत्री फसल बीना आदि के स्टाल लगाए गए।

# चेयरमैन लोकेंद्र चौधरी का संवेदनशील कदम

## रैन बसेरे की शुरुआत नगर में जलाए गए अलाव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी एक बार फिर अपनी सक्रियता और जनसेवा के भाव को लेकर चर्चा में हैं। विकास कार्यों के साथ-साथ मौसम के अनुसार नगरवासियों की जरूरतों का ध्यान रखते हुए उन्होंने कड़ाके की ठंड शुरू होने से पहले ही बेघर और असहाय लोगों के लिए राहत के इंतजाम सुनिश्चित कर दिए हैं।

ठंड से बचाव के उद्देश्य से नगर पंचायत के पुराने भवन को तैयार कर वहां रैन बसेरे की व्यवस्था शुरू की गई है। इस अस्थायी रैन बसेरे में जरूरतमंदों के ठहरने के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग स्थान निर्धारित किए गए हैं, ताकि सभी को सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण मिल सके। इसके साथ ही नगर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर अलाव भी जलवाए गए हैं, जिससे राहगीरों, मजदूरों और खुले में रहने को मजबूर लोगों को ठंड से राहत मिल सके। नगर पंचायत द्वारा स्वच्छता और व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

चेयरमैन लोकेंद्र चौधरी ने कहा कि नगर में कोई भी व्यक्ति ठंड के कारण परेशानी न झेले, यही नगर पंचायत का उद्देश्य है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि रैन बसेरे और अलाव की व्यवस्था नियमित रूप से सुचारु रूप से चलती रहे। इस मानवीय पहल को लेकर स्थानीय नागरिकों ने नगर पंचायत अध्यक्ष की भूरी-भूरी प्रशंसा की है। लोगों का कहना है कि सर्दी की शुरुआत के साथ ही रैन बसेरे और अलाव की व्यवस्था कर देना जनप्रतिनिधि की संवेदनशील सोच को दर्शाता है, क्योंकि वास्तव में मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है।

# पीएमओ ने माना पसमांदा मुस्लिम समाज का सुझाव

**नजीबाबाद।** पसमादा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीस मंसूरी की पहल रंग लाई है। पीएमओ ने पसमांदा मुस्लिम समाज का सुझाव मान लिया है। इस संबंध में पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय महासचिव हाजी शाहनवाज मंसूरी ने बताया कि अब जातीय विवरण आधार कार्ड में दर्ज होगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी की निरंतर ठोस व दूरदर्शी पहल को केंद्र सरकार ने औपचारिक रूप से स्वीकार कर लिया है। जातिगत जनगणना कराए जाने व आधार कार्ड में जातीय विवरण दर्ज किए जाने संबंधी सुझाव को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने संज्ञान में लेते हुए अधिकारिक रूप से रिकार्ड पर दर्ज कर लिया है। जिससे यह स्पष्ट होता है कि मामला सीधे प्रधानमंत्री कार्यालय के स्तर पर दर्ज हुआ है।

## प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी गठित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** प्रेस क्लब चंदक-मंडावर बालावाली की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया।

अध्यक्ष सुनील पाल मनोहारिया ने मंडावर स्थित स्काई हेल्थ सेंटर पर एक बैठक का आयोजन किया। जिसमें क्षेत्र के कई पत्रकारों ने भाग लिया और अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में अध्यक्ष सुनील पाल मनोहारिया ने सभी साथी पत्रकारों का आभार व्यक्त किया तथा कंधे से कंधा मिलाकर एकजुट होकर चलने का आह्वान किया। इसके बाद उन्होंने नई कार्यकारिणी के पदों की घोषणा की। नवनिर्वाचित पदाधिकारी संरक्षक योगेश कुमार उर्फ बंटी, मीडिया प्रभारी आविद अंसारी, कोषाध्यक्ष कामेंद्र शर्मा, महामंत्री - रावेन्द्र राजपूत, उपाध्यक्ष - मिर्जा बैग, जगमोहन शर्मा, पंकज शर्मा, रणवीर सिंह, सचिव -मेहताब राणा, राहुल कुमार, सर्वेंद्र चौधरी, सचिन चौधरी, उप कोषाध्यक्ष - विशाल पाल, कानूनी सलाहकार - आजम हुसैन रहे। मंडावर थानाध्यक्ष सुमित राठी ने भी नवगठित कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को शुभकामनाएं दीं। प्रेस क्लब के सदस्यों ने उम्मीद जताई की नई टीम क्षेत्र में पत्रकारिता को मजबूती प्रदान करेगी तथा पत्रकारों के हितों की रक्षा करेगी।

## सेंट मेरी के वार्षिकोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** सेंट मेरी स्कूल प्रांगण में विद्यालय का वार्षिक समारोह आयोजित किया गया। यह आयोजन प्रबंधक फादर जोस वर्गिस और प्रधानाचार्य सिस्टर लिसी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नजीबाबाद विकास खंड के ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजमोहन गुप्ता थे। जबकि विशिष्ट अतिथि गढ़वाल एवं बिजनौर धर्मप्रांत के प्रधान अध्यक्ष विशप डॉ. विन्सेन्ट नेल्लाईपरमविल रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा बैंड की सलामी के साथ हुआ। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन किया। जिसके बाद प्रार्थना गीत और नृत्य प्रस्तुत किए गए। विद्यालय के बच्चों ने कई आकर्षक नृत्य और गायन प्रस्तुत किए, जिसमें छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत कव्वाली भी शामिल थी। इस अवसर पर विशप डॉ. विन्सेन्ट नेल्लाईपरमविल ने अपने संबोधन में कहा कि सेंट मेरी स्कूल और डायसिस के अन्य विद्यालय ऐसे कार्यक्रमों का संचालन करते रहते हैं। उन्होंने इन गतिविधियों में शिक्षकों की अहम भूमिका पर जोर दिया, जो बच्चों को इनमें पारंगत बनाते हैं। मुख्य अतिथि राजमोहन गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने बताया कि यह बच्चों को एक मंच प्रदान करता है, जिससे उनकी प्रतिभा का विकास होता है और उनके अंदर की संकोच की भावना समाप्त होती है।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक फादर जोस वर्गिस ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# रबी कृषि गोष्ठी एवं किसान मेला

## कृषि रक्षा रसायनों की जानकारी दी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** राजकीय कृषि बीज भंडार पर आज रबी कृषि गोष्ठी एवं किसान मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में किसानों को रबी फसलों के बेहतर उत्पादन के लिए संतुलित उर्वरकों के उपयोग एवं संस्तुत कृषि रक्षा रसायनों की जानकारी दी गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज आयोजित कृषि मेले में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। जिसका किसानों ने स्टालों पर पहुंचकर विभागीय योजनाओं की जानकारी ली। गोष्ठी में एडीओ पीपी राजू सिंह ने किसानों को बीज शोधन, भूमि शोधन एवं रसायनों के सुरक्षित उपयोग की की जानकारी विस्तार से दी। गन्ना पर्यवेक्षक मौहम्मद नासिर खान ने गन्ना विभाग की समस्त योजनाओं की जानकारी देते हुए गन्ने की नवीनतम प्रजातियों 13235, 14201, 16202, 18231 आदि की जानकारी दी।

एडीओ कृषि अमोल तोमर ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 12 दिसंबर से 29 दिसंबर तक 25 ग्राम पंचायतों में किसान पाठशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। अब तक 10 ग्राम पंचायतों में हो चुका है। अभी 15 ग्रामों किशनपुर भोगन, खजुरा जट, बसावनपुर, कासमपुर लेखराज, चक गोवर्धन, खिजरपुर, ताहरपुर सैद, अकबरपुर गारव, फजल अलीपुर, अल्हैदादपुर मुबारक, इब्राहिमपुर सादो एवं ढकोली में होने वाली पाठशालाओं में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर विभागीय योजनाओं को जानकारी लेकर लाभ उठाएं।

पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनुराग चौधरी ने पशुओं में होने वाले नि:शुल्क टीकाकरण योजना एवं कृत्रिम गर्भाधान योजना की विस्तार से जानकारी दी तथा पशुओं को होने वाले संक्रमित रोगों से बचाव के लिए साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने के लिए किसानों से आग्रह किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह ने कृषकों को सहफसली खेती एवं प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित करते हुए मृदा स्वास्थ्य परीक्षण अवश्य कराने के लिए जागरूक किया। गोष्ठी में प्रधान संघ अध्यक्ष उदित चौधरी सहित एडीओ आईएसबी दीन दयाल सिंह, पुनीश कुमार, परवेंद्र, कमल, लोकनाथ, शशिबाला, सुधा आदि अधिकारी कर्मचारी सहित प्रगति शील कृषक मास्टर विजयपाल सिंह, सुभाष चंद्र, नरेंद्र, जकीउद्दीन, पीतम, महिपाल सिंह, सत्यवीर, जसवंत सिंह, पिंकी, नीतू, रीना, रेनू आदि कृषकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन एडीओ कृषि रक्षा सुभाष सिंह ने किया।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, चांदपुर ( बिजनौर )**

पत्रांक :- 832 / न.पा.परि.चांदपुर/नि.सू./ 2025 दिनांक :- 17 दिसम्बर, 2025

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना ( द्वारा ई-टेण्डर )**

समस्त ठेकेदारों/ फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद चांदपुर द्वारा राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से 01 आपूर्ति कार्य को कराने हेतु दिनांक 18.12.2025 से समय दोपहर 11.00 बजे से दिनांक 24.12.2025 समय 11.00 बजे दिन तक www.etender.up.nic.in पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा अभिलेख एवं शर्तें वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 18.12.2025 प्रातः 11.00 बजे से दिनांक 24.12.2025 तक प्रातः 11.00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे, जहां से इसे डाउनलोड किया जा सकता है। सभी निविदादाता दिनांक 24.12.2025 को प्रातः 11.00 बजे तक वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाइन अपनी निविदा दर/दरे डाल सकते है। निविदाओं को दिनांक 24.12. 2025 को समय 01:00 बजे दिन को खोला जायेगा।

| | |
|---|---|
| Tender Refrence Number | |
| Publish Date and time for RFP | 18-12-2025 को प्रातः 11:00 बजे |
| Last date and time for submission of E-Tender | 24-12-2025 को प्रातः 11:00 बजे तक |
| Date and time of Opening Tender | 24-12-2025 को दोपहर 01:00 बजे से |
| Place of Opening E-Tender | Executive Officer Nagar Palika Parishad Chandpur (Bijnor) |
| E-Tender Security | 10% of Tender Value. |
| E-Tender Document processing | As per Tender List. |

नोटः- (1) निविदाकर्ता को निविदा के साथ प्रत्येक कार्य के सापेक्ष पृथक 10 प्रतिशत धरोहर राशि राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर./एन.एस.सी./ डाकघर की बचत पासबुक अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, चांदपुर के नाम बंधक कराकर निविदा के साथ मूल प्रति से स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य है अथवा नगर पालिका परिषद, चांदपुर के भारतीय स्टेट बैंक शाखा चांदपुर में खाता संख्या 38989775664 (IFSC Code SBIN0001599) में आर.टी.जी.एस. के माध्यम से भी जमा कर सकते है।

( कु. सलमा नूर हमीदी ) लेखाकार अके.

( अजय कुमार ) अवर अभियंता (सिविल)

( नितिन तेवतिया ) उपजिलाधिकारी/ अधिशासी अधिकारी

( जीनत परवीन ) अध्यक्ष

## एक नजर

### टूटी सड़कों की मरम्मत की मांग

**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ब्लॉक नजीबाबाद के पदाधिकारियों ने स्थानीय लोक निर्माण विभाग कार्यालय पहुंचकर विभागीय अधिकारियों से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन देकर क्षेत्र की जर्जर एवं खराब पड़ी सड़कों की मरम्मत कराने की मांग की। ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी कुलबीर सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष पुनीत चौहान, ब्लॉक सचिव हिमांशु चौधरी, क्षेत्रीय अध्यक्ष नवीन राजपूत, विजय सिंह एवं अतुल चौधरी ने अधिकारियों को अवगत कराया कि खराब सड़कों के कारण आम जनता, किसानों व राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मौके पर कुलबीर सिंह, विजय सिंह, नवीन राजपूत, पुनीत चौहान, हिमांशु चौधरी, अतुल कुमार, सफदर शेख, रूपेंद्र सिंह, समरपाल सिंह, पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

### जरूरतमंद बच्चों को ड्रेस वितरित



**कालागढ़।** श्री मनोरथ प्रसाद हरिवंश स्मृति ट्रस्ट उत्तराखंड के द्वारा उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की सीमा से लगे ग्रामों के जरूरतमंद स्कूली बच्चों को स्कूल ड्रेस वितरित की गई। कार्यक्रम के द्वितीय चरण का उद्घाटन ट्रस्ट की संरक्षक श्रीमती कमला देवी, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती योगिता जोशी, मुख्य अतिथि डा. मयंक चौहान नगर स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम कोटद्वार, विशिष्ट अतिथि डा.सतीश कुमार प्रधानाचार्य इंटर कॉलेज कालागढ़ ने दीप प्रज्वालित कर किया। ट्रस्ट कि राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती योगिता जोशी ने बताया की ट्रस्ट द्वारा निरन्तर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि भविष्य में ट्रस्ट द्वारा होनहार प्रतिभावन छात्रों को स्कालरशिप भी प्रदान की जाएगी ताकि प्रतिभावान छात्रों की पढ़ाई में आर्थिकी बाधा न बने। इस अवसर पर स्कूली छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। ट्रस्ट द्वारा विद्यालय के 22 छात्रों को ड्रेस वितरित की गई।

### मीरामपुर में मिशन शक्ति कार्यक्रम



**नजीबाबाद।** जिले के मंडावली थाना क्षेत्र स्थित मीरामपुर बेगा के सनराइज जूनियर हाईस्कूल में मिशन शक्ति फेज 5 अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम 16 दिसंबर, 2025 को हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा और उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान, उपनिरीक्षक रुचि, महिला कांस्टेबल मानसी (714), हेड कांस्टेबल जयवीर सिंह और होमगार्ड जगबीर सिंह ने विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी। इनमें महिला हेल्पलाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एंबुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 और साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 शामिल थे। कार्यक्रम में साइबर अपराधों के बारे में भी अवगत कराया गया और साइबर अपराध होने के बाद की कानूनी कार्यवाही की जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं की समस्याएं भी सुनीं और उन्हें उच्च अधिकारियों द्वारा दिए गए आदेशों व निर्देशों से अवगत कराया।

### शेरी नशिस्त का आयोजन



**नगीना।** बीती रात मौहल्ला नालबन्दान स्थित हाफिज विसाल के निवास पर बज्मे रंग की ओर से एक तरहई शेरी नशिस्त का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता नईम अख्तर रंग ने तथा संचालन शरीफ अहमद शरीफ ने किया। नशिस्त का आगाज रंग नगीनवीं की नाते पाक से हुआ। देर रात तक चली इस नशिस्त में शायरों ने अपने कलाम सुना कर खूब वाह वाही लूटी। इस दौरान नशिस्त में अब्दुल बाकी, सईद राईन, अजीम राईन, रईस अहमद, फरीद अहमद, मौहम्मद शारिक, नौमानी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। हाफिज विसाल ने शायरों तथा श्रोताओं का शुक्रिया अदा किया।

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147 (2) यू.पी.म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्री दीपक गोयल पुत्र श्री सतीश चन्द्र मौहल्ला श्यामली** तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर में नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्रीमती नीलम गोयल पत्नी श्री मनोज कुमार गोयल आदि** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु बजरिये रजिस्टर्ड बैनामा व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अतः प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: 216/1 श्यामली, नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147 (2) यू.पी.म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्री फरमान पुत्र श्री मौहम्मद नासिर मौहल्ला वाहिदनगर** तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर में नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्री मौहम्मद अहसान पुत्र श्री मौ. इस्माईल** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु बजरिये रजिस्टर्ड बैनामा व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अतः प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: वाहिदनगर नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि साहू हरिशचन्द्र पुत्र जगदीश चन्द्र निवासी पुराना राजपुर रोड, देहरादून जिनकी सम्पत्ति संख्या 99/79 के लिए साहु हरिश्चन्द्र पुत्र रामनाथ के पुत्र जगदीश के दत्तक पुत्र श्रीओम अग्रवाल द्वारा अपने स्वामित्व के सम्बन्ध में नामांतरण हेतु नगर निगम देहरादून में आवेदन किया गया है। अगर किसी व्यक्ति या पक्षकार को इस पर कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति प्रकाशन के 10 दिनों के भीतर नगर निगम देहरादून में प्रस्तुत कर सकता है। 10 दिनों के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**-प्रेषक श्री ओम अग्रवाल**

एक नजर

## एसडीएम को सौंपा ज्ञापन




**धामपुर।** राजस्व पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की ओर से पेंशनर्स दिवस के अवसर पर तहसील सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मदनपाल सिंह ने की, जबकि संचालन सचिव रथीन्द्र कुमार द्वारा किया गया। बैठक की शुरुआत राष्ट्रगान एवं प्रार्थना के साथ की गई। बैठक का मुख्य विषय भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित 8वें वेतन आयोग 2025 में पेंशनर्स को सुविधाओं से वंचित किए जाने की संभावनाओं पर चिंता व्यक्त करना रहा। इस संबंध में रणनीति बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने बताया कि आयोग गठन में प्रयुक्त शब्दावली को लेकर पेंशनर्स में असंतोष है। इससे पूर्व 2 दिसंबर 2025 को जिला कार्यकारिणी के निर्देश पर तहसील कार्यकारिणी द्वारा प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन एसडीएम धामपुर को सौंपा गया था। बैठक में पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं, उनके कल्याण एवं समाज के प्रति दायित्वों पर भी चर्चा हुई। वक्ताओं ने बताया कि शीघ्र ही असहाय एवं गरीब वर्ग के लोगों को ठंड से बचाव के लिए कंबल एवं ऊनी वस्त्र वितरित किए जाएंगे। इस विषय पर बलराम दत्त, श्यामलाल, बीरेंद्र सिंह, मुनेश चंद्र शर्मा और लोकेन्द्र सिंह ने अपने विचार रखे। बैठक में स्वर्गीय प्रदीप कुमार लेखपाल की धर्मपत्नी एवं राजदीप लेखपाल की माता श्रीमती राजकुमारी के 9 दिसंबर को हुए निधन पर दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से आत्मा की शांति एवं सद्गति की प्रार्थना की गई। अंत में बैठक की विधिवत घोषणा के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## बाबा खाटू श्याम के दरबार में उमड़े भक्त

**धामपुर।** दुर्गा विहार कॉलोनी में आयोजित किए गए बाबा खाटू श्याम जी के 139 वे दरबार में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने विभिन्न भजनों तथा पारंपरिक जय कारों से श्याम बाबा के चरणों में अपनी श्रद्धा भावना प्रदर्शित की। इस अवसर पर आयोजित विशाल भंडारे में भी धर्म नगरी धामपुर के विभिन्न भागों तथा आसपास के ग्रामों से पहुंचे श्रद्धालु परिवारों ने प्रसाद ग्रहण किया। दुर्गा विहार कॉलोनी के श्री नवदुर्गा बाबा खाटू श्याम मंदिर मे मंदिर के पीठाधीश्वर एवं प्रसिद्ध शिव महापुराण कथा और श्रीमद् भागवत कथा वाचक आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ जी महाराज के संरक्षण में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया। इसके मुख्य यजमान ग्राम पुराना धामपुर निवासी धर्मवीर जोशी रहे, जिन्होंने अपने सभी परिजनों सहित पूजन कार्यक्रम में सहभागिता बनाते हुए श्याम बाबा के चरणों से सभी सनातन परिवारों में शांति खुशहाली एवं समृद्धि का वातावरण बनाए रखने की कामना की। पूजन कार्यक्रम पंडित सुमित कुमार वशिष्ठ तथा पंडित अमित कुमार वशिष्ठ ने प्रभावी मंत्र उच्चारण के बीच संपादित कराया। इस दौरान महिलाओं ने विभिन्न भजनों के माध्यम से बाबा का गुणगान किया। सामूहिक आरती श्याम वंदना और विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## राधे-राधे सेवादल ने पिलाई चाय



**धामपुर।** सनातन धर्म सभा शिव मंदिर पंजाबी कॉलोनी तथा धार्मिक एवं सामाजिक संस्था राधे-राधे सेवादल की ओर से आज घने कोहरे के बीच नगीना चौराहा पर गरमा गरम चाय और मिष्ठान प्रसाद का शिविर लगाया गया। इस दौरान दोनों संस्था के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नगीना चौराहा से गुजर रहे राहगीरों और मॉर्निंग वॉक पर निकले नगर के विभिन्न भागों के नागरिकों के अलावा वाहनों में सवार होकर जा रहे यात्रियों को उनके वाहन रुकवा कर चाय पिलवाई और मिष्ठान का वितरण किया। इस दौरान कार्यक्रम स्थल वृंदावन निवासी परम संत जुगल किशोर दास जी महाराज के मुखारविंद से उच्चारित आध्यात्मिक वाणी तथा कर्णप्रिय भजनों के अलावा महामंत्र के उच्चारण से गूंज उठा। चाय और मिष्ठान प्रसाद ग्रहण करने वाले सभी राहगीरों, नागरिकों और यात्रियों मे आज से प्रारंभ हुए इस जनकल्याणकारी शिविर की मुक्त कंठ से प्रशंसा होती देखी गई। मंदिर की प्रबंध समिति के अध्यक्ष जितेंद्र मोहन कपूर एवं सचिव जगदीश लाल अरोड़ा प्रसिद्ध समाजसेवी लक्ष्मी नारायण अग्रवाल तथा राजेश कुमार छाबड़ा राधे-राधे सेवा दल के महंत डीके सलूजा एवं महंत अनमोल अरोड़ा, समा. जसेवी गौरव भाटिया, पुलकित अरोड़ा, शिक्षाविद दीपेंद्र सिंह चौहान, श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल के भजन उच्चारण कार्यक्रम प्रभारी निखिल अरोड़ा, नानू अरोड़ा, महंत मोती लाल शर्मा, मनोज कुमार दुआ, जगदीश लाल दुआ, संजय कुमार सेवादार आदि रहे। पूजन कार्यक्रम मंदिर के पुजारी आचार्य पंडित अश्विनी कुमार शर्मा महाराज ने प्रभावी मंत्र उच्चारण के बीच संपादित कराया।

## दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

**स्योहारा।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की स्वयं की आय के स्रोत विषय पर पंचायत सहायक एवं ग्राम सचिवों का दो दिवसीय प्रशिक्षण उपनिदेशक पंचायत मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद के निर्देशन में विकास खण्ड सभागार में आयोजित किया गया। सभी प्रतिभागियों के द्वारा अच्छे सुझाव प्राप्त हुए। कार्यशाला का संचालन करते हुए नरेंद्र द्वारा पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 37 पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए पंचायतों की आय हेतु कर लगाने के प्रावधानों पर चर्चा की। पंचायतों की स्यं की आय के गैर-कर तरीके जैसे बाजार का पट्टा, तालाबों का पट्टा, पार्कों में ओपन जीम बनाकर पंचायते अपनी स्वयं की आय बढ़ा सकती है और अपनी पंचायतों को स्वावलंबी बना सकती है।

## भूमि विकास बैंक के कर्मचारी घायल



**नहटौर।** धामपुर मार्ग पर ग्राम कश्मीरी के पास अज्ञात वाहन ने भूमि विकास बैंक के कर्मचारियों की बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें कर्मचारी घायल हो गए। घायल को सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया गया। आज दोपहर करीब दो बजे हल्दौर में स्थित भूमि विकास बैंक के कर्मचारी शिव शंकर वर्मा धामपुर के टीचर कॉलोनी में रहते हैं। वह मूल रूप से लखनऊ के रहने वाले है। बताया जाता है कि वह नहटौर-धामपुर मार्ग पर जा रहे थे। ग्राम कश्मीरी के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें शिव शंकर वर्मा घायल हो गए। पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायल को सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया। जहां उनका उपचार किया गया। पुलिस ने उनके परिवार वालों को सूचना दी है।

## भाजपा की जीत पर खुशी जताई

**नजीबाबाद।** भाजपा पिछड़ा मोर्चा सोशल मीडिया के जिला प्रमुख व संस्कृति फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष रितेश सैन ने नजीबाबाद विधानसभा के गांव सैफाबाद में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर केरल चुनाव में कांग्रेस के सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने कार्यकर्ताओं के साथ जीत पर हर्ष जताते हुए कहा कि पार्टी केरल की जनता व कार्यकर्ताओं की आभारी है, जिन्होंने बीजेपी को जीत दिलाई। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष को नियुक्ति पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी गई। बैठक में मनोज राठी, चौधरी ईशम सिंह, अरविंद विश्वकर्मा, गीता सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कोहरे में ट्रक व पिकअप की टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** हरेवली-शेरकोट मार्ग पर सुबह घने कोहरे और तेज रफ्तार के चलते एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। बिजनौर से खाद लेकर हरेवली की ओर जा रहे ट्रक और अफजलगढ़ से मुर्गों से भरी पिकअप गाड़ी की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में पिकअप चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अफजलगढ़ निवासी जुबेर बुधवार सुबह अपनी पिकअप गाड़ी में मुर्गे भरकर शेरकोट की ओर आ रहा था।






### पिकअप चालक गंभीर रूप से घायल

जैसे ही वह ग्राम नूरपुर छीपरी के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी पिकअप में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक जुबेर उसमें फंस कर घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल चालक को तत्काल उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भिजवाया। इसके बाद पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर थाने भिजवा दिया। बताया जा रहा है कि हादसा सुबह के समय घने कोहरे और वाहनों की तेज गति के कारण हुआ।

# गंगा एक्सप्रेस-वे को बिजनौर से जोड़ने के लिए हर संघर्ष में रहेंगे साथ: चंद्रहास

### मुहिम को मजबूत करने के लिए पोस्ट कार्ड भेंट किए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने गंगा एक्सप्रेस-वे को महात्मा विदुर की भूमि बिजनौर से जोड़ने की मांग का समर्थन करते हुए भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह को अपने आवास पर पोस्टकार्ड की मुहिम को मजबूत करने के लिए पोस्टकार्ड भेंट किए।

इस अवसर पर चंद्रहास सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नजीबाबाद सभा के दौरान तथा कुछ माह पूर्व सदन में भी बिजनौर को गंगा एक्सप्रेस-वे की सौगात देने की घोषणा की थी। बिजनौर का आम जनमानस मुख्यमंत्री जी द्वारा किए गए वादे से आश्वस्त थे, लेकिन आज राजनीतिक षड्यंत्रों के कारण गंगा एक्सप्रेस-वे को महात्मा विदुर की भूमि से दूर करने का निंदनीय कार्य किया जा रहा है। गंगा एक्सप्रेस-वे उत्तर प्रदेश की एक बड़ी 594 किमी लंबी 6-लेन (8-लेन तक विस्तार योग्य) ग्रीनफील्ड परियोजना है, जो मेरठ को प्रयागराज से जोड़ती है, यात्रा का समय घटाकर 6-7 घंटे करती है। चौधरी दिगंबर सिंह ने इस मुहिम को बहुत मजबूती के साथ ईमानदारी से उठाते हुए सरकार से गंगा एक्सप्रेसवे को बिजनौर से जोड़ने की मांग की है, जो अत्यंत सराहनीय कदम है। गंगा एक्सप्रेस-वे का लक्ष्य आम जनमानस का आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह द्वारा गंगा एक्सप्रेस-वे को महात्मा विदुर की भूमि (बिजनौर) के लिए जो भी संघर्ष होगा, हम उनके संघर्ष के साथ है।



इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार अवनीश गौड, कौशल गौतम, शुभांशी, कीर्ति राव गौतम, अवि कीर्ति राव गौतम, अंशी कीर्ति राव गौतम आदि मौजूद रहे।

## शिक्षकों ने की बीएसए से समस्याओं के निस्तारण की मांग

**नजीबाबाद।** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मिलकर शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराकर उनके निस्तारण की मांग की। जिस पर बीएसए ने अपने स्तर से शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। संघ के प्रांतीय मीडिया प्रभारी मोबीन हसन तथा जिला अध्यक्ष सुधाकर चौधरी के नेतृत्व में मिले प्रतिनिधिमंडल ने मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्य में बीएलओ के रूप में लगे शिक्षकों को विशेष अवकाश देने, शिक्षकों के समस्त उपार्जित अवकाश को मानव सम्पदा पोर्टल पर अंकित किये जाने, विकास खण्डों में सीसीएल, प्रसूति अवकाश को अनावश्यक रूप से रिजेक्ट नहीं करने तथा निरीक्षण के नाम पर शिक्षकों का शोषण बंद करने की मांग की। जिस पर बीएसए सचिन कसाना ने अपने स्तर से शीघ्र हल करने तथा किसी भी स्तर पर शिक्षकों का शोषण नहीं होने देने, इस प्रकार की शिक्षकायत मिलने पर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## अंतर फसल पद्धति को किसानों ने अपनाया: प्रदीप सोलंकी

**चांदपुर।** पीबीएस फूड्स चांदपुर चीनी मिल के विकास प्रमुख प्रदीप सोलंकी ने आज विकास विभाग के साथ मिलकर सैंद्वार और तोहफापुर गांवों का दौरा किया। दौरे का मुख्य उद्देश्य चीनी मिल क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों और उन्नत कृषि पद्धतियों को अपनाने की प्रगति का आंकलन करना था। इस दौरान यह पाया गया कि स्थानीय किसान धीरे-धीरे, लेकिन उत्साहजनक तरीके से अंतर्फसल (इंटरक्रॉपपिंग) पद्धति को अपना रहे हैं। इस तकनीक में किसान मुख्य गन्ना फसल के साथ-साथ सहायक फसलें उगाते हैं, जिससे प्रति इकाई क्षेत्र से अधिकतम उपज प्राप्त होती है और भूमि का इष्टतम उपयोग होता है। निरीक्षण में गन्ना के साथ उगाई गई सहायक फसलों में विभिन्न तिलहन (जैसे सरसों) और दलहन (जैसे चना, मटर, उड़द और मूँग) शामिल थीं। किसानों की यह पहल उन्नत कृषि तकनीकों के प्रति उनकी बढ़ती समझ को दर्शाती है। उन्होंने विशिष्ट कृषक उदाहरण देते बताया कि ग्राम सैंद्वार मे किसान भुवनेश्वर पुत्र सत्यपाल ने 1- हेक्टेयर क्षेत्र में गन्ने के साथ सरसों की सफल अन्त: फसल का प्रदर्शन किया। जबकि ग्राम तोहफापुर में किसान शेषपाल पुत्र लखन सिंह ने ट्रेंच विधि (गन्ना बोने की एक उन्नत पद्धति) से गन्ने की बुआई की और उसमें सफलतापूर्वक सरसों की अंतर्फसल ली। अधिकारियों का कहना था कि यह पद्धति किसानों को एक ही खेत से अपनी संभावित आय को दोगुना करने का अवसर प्रदान करती है। यह जानकारी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक वीएम पाठक (एससीडीआई) ने दी है।

# पश्चिमी बंगाल में अमीर नहटौरी सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** महफिल ए खुशरंग हावड़ा पश्चिमी बंगाल द्वारा आयोजित 13वे वार्षिक सम्मान समारोह में प्रख्यात शायर व अदीब अमीर नहटौरी को उर्दू साहित्यिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान पर अल्लामा शिबली एवार्ड से सम्मानित किया गया।

महफिल ए खुशरंग द्वारा हर वर्ष देश भर से उर्दू, हिंदी बंगाली आदि भाषाओं के प्रख्यात शायरों, साहित्यकारों एवं पत्रकारों को कमेटी द्वारा चयनित करके प्रदेश स्तर पर सम्मानित करती है।

सम्मान समारोह में प्रो. मंसूर आलम, हलीम साबिर, जावेद अहमद खान, इस्माईल परवाज, इम्तियाज अहमद एडवोकेट, फिरोज मुजफ्फर देहली व अफजल अहमद खान जैसे गणमान्य द्वारा अमीर नहटौरी को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अमीर नहटौरी की किताबों पर भी चर्चा हुई।जबकि अमीर नहटौरी ने वर्तमान समय में उर्दू भाषा को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि यह भाषा केवल मुस्लिमों या किसी विशेष समुदाय, विशेष वर्ग जाति की नहीं अपितु यह हिंदुस्तान में जन्मी सभी देश वासियों के आपसी मेल-जोल से पैदा होने वाली मधुर भाषा है। यह जनपद बिजनौर के लिए गर्व की बात है कि अमीर नहटौरी को अबतक सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं, अंजुमनों तथा विभिन्न आर्गनाइजेशन द्वारा देहली, सहारनपुर, अलीगढ़, मुजफ्फरनगर, मुरादाबाद, नहटौर, किरतपुर, लखनऊ आदि शहरों से अनेकों बार मौलाना अबुलकलाम आजाद, बाबा ए उर्दू अब्दुल हक, मिर्जा गालिब, मुजाहिद ए उर्दू नामक एवार्डस एजाजात प्राप्त हो चुकें हैं। आपको उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी द्वारा भी इनाम व प्रशस्ति पत्र प्राप्त हो चुका है। शिक्षा विभाग व जिलाधिकारी द्वारा भी आप को कई बार सम्मानित किया जा चुका है।



### उर्दू भाषा को बढ़ावा देने पर जोर

अमीर नहटौरी अल्प आयु से ही उर्दू / हिन्दी साहित्यिक सेवा में विशेष रूप से योगदान दे रहे हैं। यह जनपद बिजनौर के पहले ऐसे शायर है, जिनका कम उम्र में ही उर्दू, हिंदी गजल संग्रह प्रकाशित हुआ और बड़े-बड़े अदीबों ने उस पर अपने प्रशंसनीय विचार लिखे जो उर्दू, हिंदी के पत्र-पत्रिकाओं, समाचारों में प्रकाशित हुए। उनके द्वारा अबत क गजल संग्रह व शोध साहित्य पर उर्दू की कई पुस्तकें राष्ट्रीय विकास भाषा परिषद दिल्ली के अनुदान से प्रकाशित हो चुकी हैं।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, नजीबाबाद ( बिजनौर )

पत्र संख्या-112/न.पा.परि./नजी.-पुन: निविदा/2025 दिनांक:- 17. 12. 2025

**-: अल्पकालीन पुन: ई-निविदा आमंत्रण सूचना :-**

नगर पालिका परिषद नजीबाबाद (बिजनौर) द्वारा बोर्ड फण्ड/ राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित नियम व शर्तों के अधीन नगर पालिका परिषद नजीबाबाद एवं अन्य शासकीय/ अर्द्धशासकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से नगर पालिका सीमान्तर्गत जी.आई.एस. आधारित मैपिंग एवं सर्वेक्षण प्रोपर्टी यू.आई.डी. सिस्टम साफ्टवेयर मॉडयूल आदि का कार्य हेतु डबल बिड पद्धति अपनाते हुऐं दिनांक 18/12/2025 से ई-निविदा पुन: आमंत्रित की जाती है। जो विभागीय वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 18/12/2025 प्रात: 10.00 से दिनांक 27/12/2025 की दोपहर 03.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है। जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 27/12/2025 को साय: 04.00 बजे से पालिका कार्यालय में ऑनलाइन खोली जायेगी। विस्तृत निविदा सूचना https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार की भूलवश टंकणीय/लिपिकीय त्रुटि के संशोधन के लिये उपरोक्त वेबसाइट को निरन्तर देखते रहें। विस्तृत सूचना किसी भी कार्य दिवस पर नगर पालिका परिषद नजीबाबाद कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| Tender Reference | 112/NPPNBD/Re Tender/2025 |
| Publish Date and time for E-Tender | 18.12.2025 10:00A.M |
| Start date of downloading E-Tender | 18.12.2025 10:00A.M |
| Last Date and Time for Submission of E-Tender | 27.12.2025 03:00P.M |
| Date and Time of Opening E-Tender | 27.12.2025 04:00P.M |
| Place of Opening E-Tender | Office NPP Najibabad, Bijnor |
| E-Tender security | 10% of estimated cost |
| E-Tender document Processing | As per E-Tender list |
| Financial bid opening After Evaluation of Technical Bids | |

| | |
|---|---|
| ( प्रिंस कुमार ) | ( इन्जीनियर मुअज्जम ) |
| अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष |
| नगर पालिका परिषद, नजीबाबाद | नगर पालिका परिषद, नजीबाबाद |
| ( बिजनौर ) | ( बिजनौर ) |


एक नजर

## गुलदार से बचाव का प्रशिक्षण



**कोतवाली देहात।** ब्लॉक के सभागार में पीलीभीत टाइगर रिजर्व से आए नीरज कुमार ने गुलदार मित्रों को गुलदार से बचाव के बारे में बताया। उन्होंने गुलदार के पद चिन्हों की पहचान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वन्य जीव के पद चिन्ह की पहचान महत्वपूर्ण है। गुलदार के हमलों से बचने के लिए जागरूकता की जरूरत है। गोष्ठी में गुलदार के पद चिन्हों से संबंधित पुस्तक वितरित की गई। वन दरोगा धर्मेंद्र कुमार ने जनपद बिजनौर में हमलावर हो रहे गुलदारों के बारे में बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय वन अधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा ने तथा संचालन विशाल प्रताप सिंह ने किया। गोष्ठी में अनिल कुमार, अंकित कुमार, विवेक कुमार, मोहित कुमार आदि मौजूद रहे।

## खानपुर में परामर्श शिविर



**धामपुर।** श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल पीपलसाना धामपुर के सौजन्य ग्राम खानपुर मानक मे डॉक्टरों की टीम द्वारा एक निशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे 115 रोगियों का सकुशल इलाज किया। इस शिविर में ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन जांच एवं शुगर की निशुल्क जांच की गई। दवाइयां भी निशुल्क वितरित की गई। इस शिविर में 1 वर्ष का नि:शुल्क मेंबरशिप कार्ड भी बनाए गए। शिविर में डा. आकाश कुमार, डा. रेनू सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा। श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल मैनेजर त्रिवेंद्र राणा एवं स्टाफ अंकुर कौशिक, कुलदीप कुमार, वर्षा चौहान, निशु रानी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। शिविर में श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल पीपलसाना के चेयरमैन डा. एनपी सिंह भी मौजूद रहे।

## हाईकोर्ट बेंच स्थापना की मांग



**चांदपुर।** पश्चिमी उ.प्र. में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की मांग को लेकर सिविल बार एसोसियेशन चांदपुर कार्यकारिणी की एक बैठक अध्यक्ष शमशाद अहमद एडवोकेट की अधयक्षता एवं महासचिव हरिष्वर सिंह एडवोकेट के संचानल मे आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करते हुए कहा गया कि हाईकोर्ट बेंच स्थापना केन्द्रिय संघर्ष समिति पश्चिमी उप्र. द्वारा पश्चिमी उप्र की आम जनता के हितार्थ विगत 50 वर्षो से चली आ रही न्यायसंगत मांग को लेकर केन्द्रय संघर्ष समिति की बैठक के अनुपालन मे सम्पूर्ण पश्चिमी उ.प्र.को बंद किये जाने का निर्णय लिया गया है। इस बाबत एक मांग पत्र उपजिलाधिकारी चांदपुर को भी सौंपा गया। उपजिलाधिकारी को मांग पत्र सौंपने वालो में सिविल बार एसोसियेशन के समस्त पदाधिकारी व सदस्यगण मौजूद रहे। आज अधिवक्ताओं के द्वारा कार्य बंद रखने को लेकर वादकारियों का भी सहयोग मिला। हालांकि कुछ परेशान भी देखे गये।

## हॉकी टूर्नामेंट के आयोजक सम्मानित



**चांदपुर।** गत दिवस हिन्दू इंटर कॉलेज के मैदान में खेले गये बाबू कैलाश चंद्र मित्तल एवं इकबाल सिंह लोहिया मेमोरियल नॉर्थ जोन विवेक हॉकी टूर्नामेंट में सहयोग करने एवं टूर्नामेंट के सफल आयोजन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वालो को शॉल ओढ़ा कर और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले गुरु कमलेश यादव, अफजल फारूकी, रफीउज्जमा, नदीम जकी, ललित कुमार, तरुण कुमार, पटेल, इमरान अहमद, प्रिन्स, पारुल शेख, नफीस अहमद के साथ-साथ पत्रकार व समिति से जुड़े सभी लोगों को सम्मानित किया गया। इससे पहले चांदपुर में नॉर्थ जोन हॉकी टूर्नामेंट का सफल आयोजन करने के लिए चांदपुर स्पोर्ट्स सोसाइटी से जुड़े लोगों को बधाई दी गई तथा भविष्य में भी नगर में हॉकी टूर्नामेंट के आयोजन कराये जाने का आहवान किया गया। इस अवसर पर हिंदू इंटर कॉलेज के सेवानिवृत प्रधानाचार्य विनेश त्यागी, कॉलेज के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार शर्मा, जगत शर्मा, अफजल फारुकी व उनकी पूरी टीम उपस्थित रही।

## भजनों से गूंजा वातावरण



**धामपुर।** नगीना रोड स्थित साकेत विहार कॉलोनी में धार्मिक वातावरण देखने को मिला, जहां श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल के तत्वावधान में सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आशुतोष चौहान के आवास पर किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। हनुमान चालीसा पाठ के उपरांत भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। इस दौरान 'हम तो बाबा के भरोसे चलते हैं' भजन ने श्रद्धालुओं का विशेष मन मोह लिया, जिस पर सभी ने तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। पूरा वातावरण भक्ति और श्रद्धा से ओत-प्रोत नजर आया। कार्यक्रम के समापन पर आयोजक परिवार को श्रीराम दरबार भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजन में विजयपाल सिंह, ज्योति चौहान, नक्षय चौहान, सुनील चौहान, प्रियांशु कुमार, अंकित चौहान, मयंक चौहान, अंश चौहान सहित परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल के नेतृत्व में मनोज रस्तोगी, प्रीतम सैनी, संदीप शर्मा, राम प्रकाश वर्मा, शोभित अग्रवाल, संजीव भारद्वाज, विजय शर्मा, प्रवेश मिश्रा सहित अन्य सदस्यों ने कार्यक्रम में सहभागिता की।



सम्भल- हाईकोर्ट बैंच स्थापना की मांग को नई तहसील पर प्रदर्शन करते अधिवक्ता।

# हाईकोर्ट बैंच स्थापना की मांग को सड़कों पर उतरे अधिवक्ता

**0बैंच स्थापना समिति के आह्वान पर एकजुट हुए अधिवक्ता, व्यापारियों, राजनीतिक दलों ने किया समर्थन, जुलूस में हुए शामिल, महामहिम राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच स्थापना समिति के आहवान पर अधिवक्ता सड़कों पर उतर आए। एकजुटता के साथ सभी बार एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ताओं ने विशाल जुलूस निकालकर नारेबाजी की और महामहिम राज्यपाल व मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपकर हाईकोर्ट बैंच की स्थापना की मांग की।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच स्थापना संघर्ष समिति के आहवान पर जिले भर में अधिवक्ता सड़क पर आ गए। सारे कामकाज छोड़ सड़क पर अधिवक्ताओं ने हाईकोर्ट बैंच स्थापना समिति की मांग का समर्थन किया और बैंच स्थापना की घोषणा न करने पर रोष जताया। विरोध में आए अधिवक्ताओं ने विशाल जुलूस निकालकर नारेबाजी की और नई तहसील पहुंचकर महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी सम्भल को सौपकर बैंच की शीघ्र स्थापना कराने की मांग की। इस दौरान मोहम्मद इस्लाम एडवोकेट ने कहा कि हाईकोर्ट की बेंच पश्चिम उत्तर प्रदेश के अधिवक्ताओं का हक है। प्रदीप गुप्ता एडवोकेट ने कहा कि पश्चिम उत्तर प्रदेश के अधिवक्ता लगातार 40 सालों से हाईकोर्ट की बैंच की स्थापना की मांग कर रहे हैं। सरकार को अधिवक्ताओं की मांग को मानते हुए पश्चिम उत्तर प्रदेश मैं हाई कोर्ट की बेंच की स्थापना करनी चाहिए। शरद चंद भारद्वाज एडवोकेट ने कहा कि सरकार को अधिवक्ताओं की इस मांग को तत्काल मान लेना चाहिए। अमित कुमार उठवाल एडवोकेट ने कहा कि पश्चिम उत्तर प्रदेश का अधिवक्ता सड़कों पर है। सरकार को चाहिए कि जनता को सस्ता और सुलभ न्याय देने के उद्देश्य से तत्काल पश्चिम उत्तर प्रदेश के किसी भी जिले मैं तत्काल हाई कोर्ट की बेंच की स्थापना करे। उन्होने सरकार को इस मांग को पूरा नहीं करने पर अधिवक्ताओं को उग्र धरना प्रदर्शन को बाध्य होनो की भी चेतावनी दी। इस मौके पर मुख्य रूप से देवेन्द्र पाल, अब्दुल जब्बार, अब्दुल रहमान, गय्यूर अहमद, असद गय्यूर, मौहम्मद नवाज़, उमर अल्वी, सरफराज हुसैन, माधव मिश्रा, राजीव भटनागर, मुनीश शर्मा, राकेश गुप्ता, मुहम्मद कामिल शादाब बिन,सादिक, मौ. अनस, राकेश भारद्वाज, हिलाल मनाजिरूल इस्लाम, अली सादिक, मोहम्मद जफर, सचिन चौहान, डा. अमित कुमार उठवाल, अभिलाष शुक्ला, नैमत अली, अ. मुत्तलिब, इकबाल हुसैन, रफत अली, सकेश शर्मा, कपिल चन्द्र, देवेन्द्र सागर, मुख्तार फात्मा, शाहिन जमाल, टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मौ. अकरम खान, सचिव महफूज हुसैन, मौ. हमजह, नासिर कुरैशी व व्यापारियों में हाजी अहतेशाम, शोभित गुप्ता, हाजी बब्बू, नरेन्द्र अग्रवाल, जमीलुर्रहमान, बहुजन समाज पाटी के जिलाध्यक्ष जितन्द्र कुमार एड. आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष शहज़ाद खां, डा. नाजिम मुस्तहसिन रजा जैदी, रामपाल सिंह, समीर, शुएब वास्ती, मौ. अजीम,मुकेश कुमार आर्य, पुनीत बाबू वार्ष्णेय, शकील अहमद अशरफी, फरोग अहसन, उरूज अनवर, जसवीर सिंह, मौ. सलीम, नेहाल सिंह, मुशिफक हुसैन, राजू रस्तोगी,राजेन्द्र कुमार सैनी,नरेश कुमार शुक्ला, वसीम अहमद, शाहनवाज, फरहत अली, मौ अनस, शबीना, अरविंद सिंह, गजेन्द्र सिंह, सचिन चोहान खलीक अहमद, जावेद सलमानी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# संसद में विरोध के बाद सड़क पर उतरेंगे कांग्रेसी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** संसद में विरोध के साथ अब कांग्रेसी सत्तारूढ़ केन्द्र सरकार का सड़क पर उतरकर भी विरोध करेंगे। मुख्य विपक्षी दल और कांग्रेस नेताओं के साथ प्रतिशोधक (बदले की भावना) से कार्रवाई के विरोध में भाजपा कार्यालय का घेराव कर विरोध दर्ज करायेंगे।

केन्द्र में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस विभिन्न मामलों में केन्द्र सरकार का विरोध कर अब संसद के बाद सड़क पर भी विरोध प्रर्दशन करने उतरेंगे। कांग्रेस के नेताओं और मुख्य विपक्षी दल के नेताओं पर बदले की भावना से कार्रवाई के आरोप में कांग्रेसी सड़क पर उतरकर आज भाजपा कार्यालय का घेराव करेंगे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष हाजी आरिफ तुर्की ने सभी सम्मानित वर्तमान एवं पूर्व आईसीसी/पीसीसी सदस्य, पूर्व सांसद/विधायक, 2022 विधानसभा का चुनाव लड़े प्रत्याशी, जिला कांग्रेस एवं शहर कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारियों, सभी प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष,ब्लॉक अध्यक्ष नगर अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष और कार्यकारिणी सदस्यों समेत सभी कांग्रेस जनों से गुरूवार आज भाजपा कार्यालय का घेराव कार्यक्रम में पहुंचने के निर्देश दिये है। जिलाध्यक्ष हाजी आरिफ तुर्की ने बताया कि पिछले एक दशक से केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार द्वारा मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पार्टी में उसके नेताओं के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध और बदले की भावना से गैर कानूनी तरीके से कार्यवाही की जा रही है। उसी के चलते पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ ईडी द्वारा यंग इंडिया को लेकर कार्रवाई की गई। जिसे माननीय उच्च न्यायालय ने गलत पाया और सोनिया गांधी व राहुल गांधी जी को निर्दोष पाया।

**0भाजपा कार्यालय का करेंगे घेराव**

# गुन्नौर में कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**बबराला।** बार वेलफेयर एसोसिएशन, गुन्नौर के पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता बार अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव द्वारा की गई। बैठक में पश्चिमी उत्तर प्रदेश हाई कोर्ट बैंच स्थापना की केंद्रीय संघर्ष समिति के आहवान पर हाईकोर्ट बेंच की स्थापना के संबंध में विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। विचारोपरांत सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि उक्त आहवान के समर्थन में बार वेलफेयर एसोसिएशन, गुन्नौर के समस्त अधिवक्ता न्यायिक कार्य में पूरी तरह विरत रहे। अधिवक्ताओं ने अदालती कार्य नहीं किये। अदालतों के कार्य बहिष्कार से मुकदमों की सुनवायी को कड़ाके की ठंड में पहुंचे वादकारियों को बिना किसी सुनवायी के तारीखें लेकर लौटना पड़ा। इस दौरान बार एसोसिएशन की ओर से प्रस्ताव पारित कर किसी भी पत्रावली में न्यायालय तहसील गुन्नौर के पीठासीन अधिकारियों से कोई प्रतिकूल आदेश पारित न करने की भी मांग की। संचालन महासचिव सुरेश यादव द्वारा किया गया। इस दौरान अम्बरीश यादव, बीरेश, श्रीकृष्ण भारद्वाज, मुनीश पाल सिंह, विजयपाल, अनुराग यादव आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## व्यापारी बोले हाईकोर्ट की बैंच समय की ज़रूरत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** पउप्र. में हाईकोर्ट बैंच की स्थापना की मांग को वकीलों के साथ आन्दोलन में कूदे व्यापारियों ने न केवल बैंच स्थापना की मांग का सर्मथन किया बल्कि इसे समय की ज़रूरत बताते हुए इसके लिए आन्दोलन में कांधे से कांधा मिलाकर चलने का भी प्रण किया।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-मुख्य आरक्षी से उपनिरीक्षक के स्टार लगे पुलिसकर्मी एसपी के साथ।

## प्रोन्नत मुख्य आरक्षियों के कांधे पर लगाए स्टार

**सम्भल।** मुख्य आरक्षी से उपनिरीक्षक के पद पर प्रोन्नति पाये पुलिस कर्मियों के कांधे पर पुलिस अधीक्षक ने रैंक प्रतीक चिन्ह लगाकर उत्साहवर्धन किया। जिले में 112 पर तैनात गजराम सिंह व न्यायालय सुरक्षा में इफ्तेखार अहमद और सत्यवीर सिंह पाल तथा थाना असमौली पर तैनात बिजेन्द्र सिंह एवं यू पी 112 पर तैनात सूबेराम एवं यातायात में तैनात सत्यप्रकाश शर्मा को मुख्य आरक्षी से उपनिरीक्षक के पद पर प्रोन्नत किया गया है। बुधवार को पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने पुलिस कार्यालय पर मुख्य आरक्षी से उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नति पाने वाले आधा दर्जन पुलिस कर्मियों के कांधे पर प्रोन्नत के प्रतीक चिन्ह स्टार लगाकर उनका उत्साहवर्धन किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की।

## सड़क किनारे खड़े वाहनों की होगी जॉच

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में स्कूली वाहनों की फिटनेस और नो हेलमेट नौ फ्यूल और सड़क हादसें की तुलनात्मक समीक्षा की।

कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया और पुलिस अधीक्षक के के विशनोई की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सुनील प्रकाश ने पूर्व में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिये गये निर्देशों के पालन की जानकारी दी। जबकि जिले में नये चैक पोस्ट को लेकर भी जानकारी ली गई। बैठक में स्कूली वाहनों के फिटनेस ,नो हेलमेट नो फ्यूल,जनपद की सड़क दुर्घटनाओं की तुलनात्मक समीक्षा ई- रिक्शा आदि बिन्दुओं पर भी चर्चा की गयी।बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सड़क के किनारे खड़े रहने वाले वाहनों को प्रत्येक दशा में चैक करने और जनपद में क्रिटिकल कॉरिडोर टीम का गठन इसके माध्यम से और कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कोहरे की दृष्टिगत 112 की गाड़ियां सही स्थान पर रहे और उन्होंने कहा कि पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाई जाने को भी निर्देशित किया। डीएम ने ट्रैक्टर ट्रॉली पर रिफ्लेक्टर लगाए जाने की कार्रवाई की जानकारी लेकर कहा कि शुगर मिलों के द्वारा इस कार्रवाई को और बढ़ाया जाए।इसके अलावा जिलाधिकारी ने दिव्यांग बच्चों को लाने ले जाने के लिए स्कूल की गाड़ियों के लिए स्कूल के प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन स्तर पर 21 तरह की दिव्यंगिता को चिन्हित किया है उसका सभी स्कूल सहयोग करें और उन बच्चों को मूल धारा में लाने के लिए अपना योगदान दें।

## करंट की चपेट में आकर संविदाकर्मी झुलसा

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** सैद नगली बिजलीघर पर कार्यरत संविदा कर्मचारी अषे करंट की चपेट में आ गया। बताते हैं संविदा कर्मचारी सैदनगली बिजली घर पर कार्यरत है। डयूटी के दौरान वह करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया। आसपास मौजूद कर्मचारी गंभीर रूप से झुलसे संविदा कर्मचारी को तुरंत इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां से भर्ती कराया, जहां उसका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार झुलसे संविदा कर्मचारी की हालत गम्भीर है। कर्मचारी नखासा थाना क्षेत्र के ग्राम मन्नीखेड़ा में काम करना बताया जा रहा है।

## निरीक्षण में सम्भागीय परिवहन कार्यालय का निर्माण कार्य मिला बंद

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** परिवहन आयुक्त किंजल सिंह ने अधिकारियों को शीतकालीन भ्रमण के दिये। जबकि उप संभागीय परिवहन कार्यालय सम्भल का संभागीय परिवहन अधिकारी, मुरादाबाद राजेश कुमार सिंह ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति चैक की गई। जबकि बकाया की गाड़ियों को नोटिस व वसूल पत्र भेजने और लम्बे समय से थानों में निरूद्ध वाहनों की नीलामी की कार्यवाही कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा शीत रितु में विशेष अभियान चलाकर, ओवर स्पीड़ वाहन न चलाने, कोहरे के दृष्टिगत वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाने, वाहनों में फॉग लाइट का प्रयोग करने, वाहन चलाते समय मोबाईल फोन का प्रयोग न करने, शराब पीकर वाहन न चलाने का व्यापक प्रचार प्रसार कर जनता को जागरूक व प्रेरित करने को निर्देशित किया। साथ ही ऐसा न करने पर नियमानुसार अभियोगो में अभियान चलाकर ज्यादा से ज्यादा प्रवर्तन की कार्यवाही करने के निर्देश दिये। कार्यालय भवन की साफ सफाई एवं पत्रावलियों के रख रखाव उचित ढंग से किये जाने को निर्देशित करते हुए कार्यालय में स्थापित पटलों का निरीक्षण किया।मौके पर मौजूद मिले आवेदकों से उनके आवेदनों के निस्तारण की जानकारी ली। साथ ही निर्माणाधीन सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय भवन किसौली का भी निरीक्षण करने पर निर्माणाधीन भवन कार्य बंद मिलने पर उच्च स्तर पर पत्राचार करने के निर्देश दिए।

## मानस पोर्टल एवं समग्र भारत ड्रग्स के प्रसार प्रचार पर की चर्चा

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की अध्यक्षता में नारकोटिक्स एनकॉर्ड बैठक में मानस पोर्टल एवं समग्र भारत में ड्रग्स की शिकायतों को जारी हेल्पलाइन नंबर 1933 के प्रचार प्रसार पर चर्चा की और पम्पलेट छपवाते हुए हर थाना, चौकी एवं स्कूल विद्यालयों में चस्पा करने के निर्देश दिए।

## कक्षा एक से आठ तक के नौनिहालों का समय बदला

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** कड़ाके की ठंड और कोहरे क भयंकर कहर एवं शीत लहर के प्रकोप के चलते डीएम के निर्देश पर सकूलों का समय बदल दिया गया है। अब नौनिहाल सुबह 10 बजे जायेंगे।

दो दिनों से कोहरे का भयंकर प्रकोप है। सुबह से लेकर रात तक कोहरे का प्रकोप कम नहीं हो रहा है जबकि बर्फीली हवाएं आग में घी डालने का काम कर रही है। शीत लहर और कोहरे की भयंकर चादर ओढ़े शहर के विभिन्न स्कूलों में नौनिहाल सुबह सवेरे कॉपते हुए स्कूलों को पहुंचते है। जिससे उनके ठंड की चपेट में आकर बीमार होने की सम्भावनाएं तेज हो गयी है। दो दिन से भयंकर कोहरा और दिन भर सूरज नहीं निकलने पर छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य के मददेनजर प्रशासन ने स्कूलों का समय बदल दिया है। जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया के आदेश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा ने जिले के सभी बोर्डों से मान्यता प्राप्त व परिषदीय और माध्यमिक एवं सहायता प्राप्त स्कूलों में कक्षा एक से कक्षा आठ तक के छात्र-छात्राओं की कक्षायें सुबह 10 बजे से सांय तीन बजे तक संचालित होंगी।

# छायी घने कोहरे की चादर, रेंग-रेंग कर हाईवे पर चले वाहन

**0निजि कार्यालय पर खोली पीडीए पाठशाला**

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**गवॉ।** बुधवार की सुबह घने कोहरे की चादर तनी रही। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक छाए कोहरे के चलते दृश्यता बेहद कम रही। हाईवे पर वाहन रेंगते हुए नजर आए। तापमान गिरावट होने से ठंड बढ़ गई। दूसरे सप्ताह से ठंड अपने रुप में आ गई। कोहरा इतना घना रहा कि चारों तरफ धुंधली दिखाई दी। सम्भल गवां अलीगढ़ हाईवे पर भी इसका असर दिखा, सड़कों पर यातायात की रफ्तार थम गई। चार पहिया और दो पहिया वाहन फॉग लाइट जलाकर धीरे-धीरे रेंगते दिखे। दिन भर सूर्य देव के दर्शन हुए नहीं हुए। हालांकि दोपहर को कुछ देर को सूर्यदेव चमके, लेकिन कोहरे की धुंध में सूर्य की चमकी फीकी पड़ गयी। कोहरे में पुलिस प्रशासन ने चालकों को सलाह दी है कि अनावश्यक यात्रा से बचें और वाहन चलाते समय हेडलाइट्स का उपयोग करें। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी, से इसका सीधा असर मैदानी क्षेत्रों में दिखने लगा है। इसके कारण सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी रही।



## कोहरे में सावधानी से चलने की हिदायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** सुबह व रात को कोहरा वाहनों को चलाने में दिक्कतें पैदा कर रहा है। सर्दी जैसे-जैसे बढ़ेगी कोहरे का प्रकोप भी बढ़ने लगेगा। कोहरा केवल वाहनों की रफ्तार ही नहीं रोकता बल्कि हादसों का भी सबब बनता है। ऐसे में अनट्रेंड वाहन चालक ,ओवरलोड वाहन और गन्ने से भरे ट्रैक्टर हादसों के कारक बनते हैं। ओवरलोड वाहन खराब होने पर उन्हें सड़क पर ही खड़ा छोड़ दिया जाता है। जो कोहरे में दिखाई नहीं देते। लोग अपने वाहन इन्हीं में ठोक देते हैं। ऐसे कई हादसे होते हैं। इनके लिए कौन जिम्मेदार है। वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर भी नहीं लगे हैं। जिससे वह दिखाई दे सकें। कोहरे की धुंध वाहनों की धार को कुंद कर देती है। अनट्रेंड वाहन चालक ऐसे में गाड़ी सही से नहीं चला पाते हैं। वह या तो खुद इसका शिकार होते हैं या दूसरे वाहनों को दुर्घटना का शिकार बनाते हैं। ऐसे में इन पर अंकुश लगाने को विभाग को अभियान चलाना चाहिए। इनके खिलाफ अभियान जबर्दस्त चलाया जाना चाहिये। इन पर शिकंजा कसा जाना जरूरी है। कोतवाल गुन्नौर राजीव कुमार ने बताया कि चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने की हिदायत दी जा रही है। रविराम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जिजोड़ा डांडा के प्रधानाचार्य संजय शर्मा ने कहा कि विद्यालय सड़क के नजदीक है। विद्यालय की छुट्टी होने के बाद स्टाफ बच्चों को सड़क पार कराता है।

# सुबह सवेरे घने कोहरे में कॉपते हुए स्कूल जा रहे हैं नौनिहाल

**0कक्षाओं के ठंड से बचाव के नहीं इंतेजाम ठिठुरते शिक्षण कार्य करते हैं नौनिहाल**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कोहरे का कहर निरंत बढ़ता जा रहा है। सांय से ही घना कोहरा छाने लगता है। कोहरा शहर और आसपास का क्षेत्र पूरी तरह से ढंक लेता है। जबकि सुबह सवेरे कोहरा भयंकर रूप ले लेता है। आसपास का भी नजर नहीं आता जबकि ठिठुरन में स्कूली नौनिहाल कॉपते हुए स्कूलो को पहुंच रहे हैं।

दो दिनों से कोहरा अपना कहर जमकर बरपा रहा है। सांय होते ही कोहरा उतरना शुरू हो जाता है। जबकि धीरे-धीरे उतरता कोहरा आसमान से ज़मीन पर फैलने लगता है। सड़कों और गली मौहल्लों में कोहरे का कहर से बचने को लोगों की चहल-पहल बंद हो जाती है। जिससे हर ओर सूनापन छा जाता है जबकि आवागमन बंद हो जाने से मानो आधी रात्रि का समय महसूस होने लगता है। देर रात्रि तक कोहरा शहर को पूरी तरह अपने आगोश में ले लेने से विजन काफी कम हो जाती है। पास खडे हुआ दिखायी देना मुश्किल हो रहा है। जबकि सुबह सवेरे कोहरे का कहरा इतना अधिक हो जाता है कि दिन का पारा चढ़ने पर भी कोहरे का कहर थमता नहीं है बल्कि इस कदर बढ़ जाता है कि दो पहिया वाहन ही नहीं पैदल चलना भी दूभर हो जाता है जबकि ऐंसे में स्कूल आने-जाने वाले नौनिहालों के लिए यह ठंड काफी नुक्सानदायक माना जाता है लेकिन ऐंसे में नौनिहालों को स्कूल आना-जाना पड़ रहा है। कोहरे की चादर ओढ़े शहर की सड़कों पर रिक्शा और दो पहिया वाहनों से स्कूल ले जाते मासूम ठिठुरन में कॉपते हुए पहुंचते हैं जबकि कक्षाओं में भी उनके बैठने के दौरान कंपकंपी छूट जाती है। स्कूलों में कक्षाओं के अंदर ठंड से बचाव के कोई प्रबंध नहीं होने से नौनिहाल धूप निकलने तक ठंड में कॉपते हुए शिक्षण कार्य पूरा करते है।

# कल्कि अवतार मामले में उत्पन्न भ्रम दूर करने की सम्भलवासियों की जिम्मेदारी

**0हिंदू जागृति मंच की बैठक में दिया ज़ोर होगी पत्रकार वार्ता**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** हिंदू जागृति मंच की बैठक में सम्भल के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व के विशेष प्रचार प्रसार की योजना बनाने, व्यापक जनसंपर्क करने, प्रकाशित ऐतिहासिक पौराणिक ग्रंथों के माध्यम से भगवान कल्कि अवतार स्थली सम्भल के महत्व का डंका बजाने का निर्णय लिया गया।

कोट पूर्वी में स्थित संस्था के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अग्रवाल की निवास पर संपन्न हुई बैठक में महिला मंच की जिलाध्यक्ष मीनू रस्तोगी ने कहा कि हाल ही में भगवान कल्कि अवतार संबंधी उत्पन्न किए गए भ्रम को दूर करने की जिम्मेदारी सम्भल वासियों को ही उठानी पड़ेगी। सम्भल के महत्व का डंका सम्भल वासियों को ही बजाना होगा। इसके अंतर्गत उन्होंने प्रेस वार्ता करने, ज्ञानी, विद्वान, विदुषी, इतिहासकारो के सम्भल में विशेष सम्मेलन आयोजित करने तथा सम्भल महात्म्य, ऐतिहासिक पौराणिक ग्रंथों के माध्यम से सम्भल की हिंदू जागृति मंच के सभी सदस्यों से उठाने का आहवान किया। प्रदेश महामंत्री सुबोध कुमार गुप्ता ने कहा कि जिन ग्रंथों में भगवान श्री कल्कि विष्णु का अवतार स्थली संबंधी वर्णन किया गया है। उन सभी ग्रंथों ऐतिहासिक पुस्तकों तथा संतों के साथ संभ्रांत जन संत महात्मा इतिहासकार और समाजसेवियो की उपस्थिति में पत्रकार वार्ता आयोजित करने का निर्णय लिया गया।


# मंदिर के नाम में दरगाह शब्द होने पर दिल्ली प्रशासन ने की तोड़फोड़

**0पंजाबी समुदाय ने किया विरोध भाजपा जिलाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** मंदिर दरगाह बाबा पीर रतन नाथ मंदिर में हुई तोड़फोड़ का विरोध तेज हो गया है। पंजाबी समाज में इसके कड़े विरोध पर उतर आया है। दरगाह मंदिर में एकत्र हुए पंजाबी समुदाय के लोगो ने तोड़फोड का कड़ा विरोध किया और प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन भाजपा के जिलाध्यक्ष को सौंपकर विरोध दर्ज कराया।

दिल्ली के झंडेवालान स्थित मंदिर दरगाह बाबा पीररतन नाथ मंदिर में हुई तोड़फोड़ का पंजाबी समाज ने कड़ा विरोध किया। शहर के मौहल्ला कोट पूर्वी में एकत्र हुए पंजाबी समाज ने दिल्ली के झंडेवालान स्थित मंदिर दरगाह बाबा पीररतन नाथ मंदिर में हुई तोड़फोड़ का कड़ा विरोध किया। 29 नवंबर को दिल्ली प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई की निंदा की। पंजाबी समाज के लोगों का आरोप है कि मंदिर के नाम में 'दरगाह' शब्द होने के कारण उसे गलत तरीके से चिन्हित कर तोड़फोड़ की गई और मंदिर की भूमि को दिल्ली प्रशासन द्वारा अधिग्रहित कर लिया गया। पंजाबी समुदाय के लोगों ने स्पष्ट किया कि यह मंदिर हिंदुओं का आस्था स्थल है और बाबा पीररतन नाथ को गुरु गोरखनाथ का शिष्य माना जाता है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि मंदिर की जमीन तत्काल वापस की जाए और तोड़फोड़ से हुए नुकसान की उचित भरपाई की जाए। इसके साथ ही पंजाबी समाज ने ज्ञापन सौंपकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से इस मामले में न्याय की गुहार लगाई। पंजाबी समाज के प्रतिनिधियों ने ज्ञापन भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा।



सम्भल- दिल्ली के झंडेवालान दरगाह मंदिर पीर रतन नाथ जी पर तोड़फोड़ के विरोध में भाजपा जिलाध्यक्ष को ज्ञापन देते पंजाबी।

# ई-रिक्शा बने जाम की वजह

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** गुन्नौर तहसील क्षेत्र में पुलिस प्रशासन का खौफ नहीं होने से अनफिट वाहन चालकों द्वारा आये दिन जाम लगने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पूरे क्षेत्र में ऑटो चालक और ई-रिक्शा गुन्नौर तहसील तिराहा,सदर बाजार,बबराला बदायूं रोड,राजघाट चन्दौसी रोड व अन्य सभी रोड पर अनफिट वाहन चालकों द्वारा आये दिन जाम लगने से लोग परेशान रहते है। ऑटो चालक थाने के सामने भी जाम लगा देते है। इन ऑटो चालकों को पुलिस प्रशासन का बिल्कुल खौफ नहीं है। आए दिन रोड पर जाम लगा रहता है और एंबुलेंस भी जाम में फंसी रहती है लेकिन इन ऑटो चालकों को इन सब बातों से कोई मतलब नहीं इनको सिर्फ अपनी सवारी से मतलब है। अधिकारी कर्मचारी संज्ञान नहीं ले रहा है। चालक और टेंपो चालकों का आतंक बढ़ता जा रहा है। इन लोगों की बजह से जगह-जगह जाम की स्थिति पैदा हो जाती है जिससे घंटो तक लोग जाम में फंस जाते है। इसमें स्कूल जाने वाले बच्चों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है और जो लोग घर से डयूटी आते जाते है उन्हें भी बहुत तकलीफ होती है। इनमे बहुत से ऐसे वाहन है जिनके कागज ही नहीं है।व्यवसायी नीरज उर्फ कल्लू वार्ष्णेय व अन्य परेशान लोगों ने उच्चाधिकारियों से समस्या के समाधान की मांग की है।



बबराला- गुन्नौर बबराला में ई-रिक्शा से जाम में फंसे लोग।

# मांस दुकानों पर खाद्य सुरक्षा विभाग की गाज गिरी

**0 दो लाइसेंस निरस्त दो को किया निलम्बित**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** डीएम के निर्देश पर मांस दुकानों पर की गई जॉच में दो मांस विक्रेता गोवध अधिनियम के आरोपी मिले। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने दोनों दुकानदारों के लाईसेंस को निलम्बित कर जवाब तलब किया है। जबकि दो मांस दुकानदारों के संतोष जनक जवाब न मिलने पर लाईसेंस को निरस्त कर दुकानों को स्थायी रूप से बंद करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने ग्राम मदाला फतेहपुर थाना असमोली स्थित शाने आलम मीट शॉप के संचालक शाने आलम पुत्र मौ असलम व नाजिम मीट शॉप, नाजिम पुत्र भूरे की जांच की। जांच के दौरान दोनो मांस दुकानदारों के संचालकों पर उ.प्र. गौवध निवारण अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत होने के दृष्टिगत पूर्व में मीट शॉप का पंजीकरण निलंबित कर अपना उत्तर/स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। दोनों मांस दुकानदारों ने कोई भी संतोषजनक जवाब पेश नहीं किया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से दोनों मांस दुकानों के के खाद्य पंजीकरण निरस्त कर दिए और दुकानों को स्थायी रूप से बंद रखने' के निर्देश दिए। इसके अलावा 'चाँद आलम मीट शॉप, सिरसी' (चांद आलम पुत्र शमसुद्दीन) के प्रतिष्ठान की धार्मिक स्थल से दूरी खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 व नियम एवं विनियम 2011 में निहित प्रावधानों के अनुरूप ना होने के कारण खाद्य पंजीकरण निलंबित कर दिया गया। एवं मीट शॉप को तत्काल बंद करने के निर्देश दिए गए है। निर्धारित अवधि । में संतोषजनक जवाब/स्थान परिवर्तन ना करने पर पंजीकरण निरस्त कर दिया जाएगा।

## सड़क हादसे में घायल की मदद करने वाले को दिया प्रशस्ति पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सड़क हादसे में घायल की मदद करने वाले गुड सेमेरिटन जितेन्द्र कुमार को पुलिस अधीक्षक के के विशनोई ने प्रशस्ति पत्र देकर प्रशंसा की। पुलिस अधीक्षक ने अन्य लोगों से भी सड़क हादसो में घायलों की मदद करने को अधिक से अधिक लोगों के आगे रहने की अपील की।

# दादा दलाई जमीन पर कब्जा करने के विरोध में अवैध तमंचा से फायरिंग

**■ मारपीट करने पर 26 नाम जद 15 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**करनपुर।** गांव काजीपुरा में खेती की जमीन पर कब्जा करने के विरोध में दबंगों ने फायरिंग कर मारपीट कर घायल कर ने की घटना से सनसनी फैल गई, थाना डिलारी पुलिस ने 26 नाम जद 15 अज्ञात के नाम मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी, घटना उस समय की है कि जब, आशियाना मुरादाबाद निवासी अवधेश शर्मा, मयंक शर्मा, नरेश कुमार शर्मा, हरेंद्र सिंह, विपक्ष कुमार, गांव काजीपुरा स्थित अपनी दादी इलाही 100 बीघा कृषि भूमि पर गेहूं की बुवाई कर रहे थे, तभी गांव काजीपुरा सिहाली, मुस्तफापुर, तीन अलग-अलग गांव निवासी तहजीब, इंसाफ,उस्मान, नबी हसन जिले हसन, शमी, आस मोहम्मद, आसिफ, भूरा,मतलूब, शमशाद, वाहिद,हसीन, इलियास, इकराम, आबू असीम, जमशेद, जावमा, मुनाजिर, मोहम्मद उमर, इंसाफ अली आदि 26 दबंग और 15 अज्ञात असलेह,और लाठी डंडे लेकर अपनी भूमि बताते हुए,गंदी गंदी गालियां देते हुए खेत पर पहुंचे, विरोध करने पर लाठी डंडों से मारने पीटने लगे, दबंगों ने अवैध तमंचे से जान से करने के लिए फायरिंग की, चीख पुकार की आवाज सुनकर खेतों पर काम कर रहे लोगों ने घटनास्थल पर पहुंचकर बड़ी मुश्किल से बचाया, घटना से अपरा तफरी मच गई, इससे पूर्व दबंगों ने खेत पर लगे यूकेलिप्टस पॉपुलर के भारी भरकम पेड़ काट लिए, जिनकी कीमत 24 लाख 80 हजार रुपए है, लगभग ढाई लाख की कीमत का गन्ना काट लिया, पीडितों ने 112 नंबर डायल कर पुलिस को सूचना दी, जिस पर पीआरबी घटनास्थल पर पहुंची, पीडितो ने थाना डिलारी को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की ,पुलिस ने जांच कर अभियोग पंजीकृत कर लिया, थाना अध्यक्ष कृष्ण कुमार भंगेला ने बताया कि आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ताबड़तोड़ दविश दे रही है। उधर पीड़ितो ने जान माल एवं परिवार की सुरक्षा की दुहाई लगाई है

# पेंशनर्स के हित में काम करने का आश्वासन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** कोषागार और उत्तर प्रदेश राजकीय सिविल पेंशनर्स परिषद द्वारा राष्ट्रीय पेंशनर्स दिवस के अवसर पर तहसील सभागार में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी अनुज सिंह ने किया।इस अवसर पर वरिष्ठ पेंशनर्स को सम्मानित किया गया और कोषागार में कार्यरत कर्मचारियों को पेंशनर्स के प्रति मधुर व्यवहार के लिए सम्मानित किया गया। पत्रकार बंधुओं को भी परिषद के कार्यक्रमों को नि:शुल्क और प्राथमिकता के आधार पर प्रकाशित करने के लिए सम्मानित किया गया।परिषद के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश सक्सेना ने जिलाधिकारी को पेंशनर्स की स्थानीय समस्याओं के संबंध में एक ज्ञापन दिया। उन्होंने चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों के निस्तारण और पेंशनर्स की अन्य समस्याओं के निस्तारण के लिए त्वरित कार्यवाही की मांग की।जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि पेंशनर्स के हित में काम किया जाएगा और उनकी समस्याओं का निस्तारण त्वरित कार्यवाही से किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य अधिकारियों ने भी पेंशनर्स के प्रति सहानुभूति प्रकट की और उनकी समस्याओं का निस्तारण करने का आश्वासन दिया।कार्यक्रम को सफल बनाने में कमल कुमार, सरदार सिंह, धनश्याम सिंह चौहान, अजब सिंह चौहान, मालती देवी,सविता सिंहल, सुनील कुमार शर्मा, राजीव सक्सेना,महिपत सिंह, राकेश कुमार भटनागर, जयानन्द सुयाल, राम प्रसाद सिंह, रूप किशोर, मनोज कुमार, शैलेश त्यागी, प्रमोद सक्सेना, नरेश कुमार, विजय सिंह, के0 के0 सिंह,कल्लू सिंह,मौ0 नईम सिद्दीकी, छिद्दा खॉं, आर0 सी0 शर्मा, रोहताश सिंह त्यागी, बाल किशन, राम स्वरूप,चन्द्र पाल सिंह , राम पाल भटनागर, कोषागार कार्यालय से कुलदीप , पंकज कुमार रस्तोगी, काजल, विजय शर्मा, प्रदीप सिंह, का विशेष सहयोग रहा।

## एक नजर

### एसआईआर में क्वालिटी कंट्रोल को लेकर बीएलओ की तहसील में बैठक



**कांठ( शाह टाइम्स )** एस आई आर के चल रहे कार्य में क्वालिटी कंट्रोल को लेकर आज बीएलओ और सुपरवाइजर की तहसील में बैठक आयोजित की गई। जिसमें एसडीएम ने मानक के अनुरूप काम करने और मैपिंग आदि में पूरी तरह से ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एस आई आर से संबंधित प्रपत्रों का काम पूर्ण हो चुका है लेकिन अब इसमें संशोधन और क्वॉलिटी मेंटेन करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार ही सभी बीएलओ एवं सुप. रवाइजर अपने-अपने काम को अंजाम देंगे। उन्होंने मैपिंग पर पूरी तरह से ध्यान दिए जाने और समय सीमा के दौरान काम पूर्ण किए जाने के लिए कहा। इस मौके पर बीएलओ एवं सुपरवाइजर मौजूद रहे।

### नगर अध्यक्ष के पत्र पर एडीएम ने लोक निर्माण विभाग को दिए पुलिया चौडीकरण के संबंध में निर्देश

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** मुख्य मार्ग पर स्थित दो पुलियों को चौड़ी कराए जाने के लिए नगर अध्यक्ष इकबाल आलम अंसारी द्वारा लिखे गए पत्र पर संज्ञान लेते हुए अपर जिला अधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए हैं। बतादे की कुमार फिलिंग स्टेशन एवं जनता नर्सिंग होम यानी लाल मस्जिद के पास स्थित नालों पर बनी पुलिया काफी तंग है वहां सड़क चौड़ी होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

डॉक्टर युसूफ द्वारा भी इस संबंध में कई बार अलग-अलग माध्यमों से पुलिया चौड़ी कराए जाने की मांग की जाती रही है लेकिन इस संबंध में अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल आलम अंसारी ने इस समस्या के समाधान के लिए जिला अधिकारी को पत्र लिखकर सड़क के चौड़ीकरण में बाधक बने बिजली के खंबे एवं गल चुके खम्बो को हटवाने और इन दोनों पुलियों को चौड़ी कराए जाने की मांग करते हुए पत्र लिखा था। जिस पर अपर जिला अधिकारी ने लोक निर्माण विभाग को पत्र लिखकर इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया है। इससे एक बार फिर इन समस्याओं के समाधान की उम्मीद जग गई है।

### 1 से 8 तक के सभी स्कूलों का बदला समय डीएम ने जारी किया नया टाइम टेबल

**ठाकुरद्वारा।** कड़ाके की ठंड के चलते मुरादाबाद डीएम ने कक्षा 1 से 8 तक के सभी स्कूलों का समय बदल दिया है। क्षेत्र में कड़ाके की ठंड पड़नी शुरू हो गई है। सुबह और शाम अब घना कोहरा भी दिखाई देने लगा है। घना कोहरा छाने की वजह से सुबह के समय दृश्यता काफी घट गई है। कड़कड़ाती सर्दी और कोहरे को देखते हुए बेसिक शिक्षा विभाग ने स्कूलों का समय बदल दिया है। मुरादाबाद डीएम ने स्कूलों के समय बदलने को लेकर आदेश भी जारी किए हैं। डीएम के अनुसार कक्षा आठ तक के सभी स्कूलों को अब 10:00 बजे से 3:00 बजे तक संचालित किया जाएगा। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी ने एक से आठ तक के सभी स्कूलों का समय बदल दिया है। डीएम ने आदेश में कहा कि सर्दी को देखते हुए जिले में परिषदीय, माध्यमिक एवं सहायता प्राप्त, समस्त बोडो से मान्यता प्राप्त स्कूलों का समय बदलकर उनकी कक्षाओं को 10:00 बजे से शुरू कर कर 3 बजे तक संचालित किया जाएगा। जिलाधिकारी के इस आद. ेश को सभी स्कूल प्रबंधकों को भेज दिया गया है।

### घरेलू कलह में जहर खाने से महिला की मौत, दो बच्चों के सिर से उठा मां का साया

**ठाकुरद्वारा।** सीओ सर्किल क्षेत्र के काशीपुरख्रमुरादाबाद हाईवे स्थित गांव लौंगी खुर्द में घरेलू विवाद के चलते जहरीला पदार्थ खाने वाली महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। भगतपुर थाना क्षेत्र के गांव उदोवाला निवासी अल्पना चौहान (32 वर्ष) का विवाह कोतवाली ठाकुरद्वारा क्षेत्र के गांव लौंगी खुर्द निवासी युवक परविंदर के साथ हुआ था।

दंपति के दो छोटे बेटे हैं। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी के बीच आए दिन किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता रहता था। इसी घरेलू कलह के चलते महिला ने करीब दो दिन पूर्व जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे तत्काल हायर सेंटर लेकर पहुंचे, जहां उसकी स्थिति लगातार नाजुक बनी रही। उपचार के दौरान मंगलवार देर रात/बुधवार तड़के महिला ने दम तोड़ दिया। महिला की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है । पुलिस ने मामले की जांच जांच शुरू कर दी।

### टाउन तीन की आज बाधित रहेगी बिजली

**शाह टाइम्स संवाददाता बिलारी।** 33 केवी विद्युत उपकेंद्र से जुड़े टाउन 3 के उपभोक्ताओं को आज परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। सवेरे 11 बजे से शाम 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। टाउन 3 में तहसील के पास पुरानी एबीसी बदलने का कार्य चलने के कारण सवेरे से लेकर शाम 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति नहीं मिलेगी। विद्युत वितरण खंड मुरादाबाद ग्रामीण के अधिशासी अभियंता ने कहा कि सभी उपभोक्ता बिजली से संबंधित सभी कार्य बिजली कटौती से पहले पूरा कर ले ताकि परेशानियों का सामना न करना पड़े।

# गैंगरेप के बाद महिला को जिंदा जलाने का मामला!

**चन्दौसी।** इंसानियत को शर्मसार करने वाले इस जघन्य कांड में हत्यारों का दिल नहीं पसीजा। महिला बचाव के लिए चीखती रही, लेकिन न तो पुलिस समय पर पहुंची और न ही कोई पारिवारिक सदस्य उसे बचा सका। आरोप है कि अपने ही परिवार की बहू के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया और बाद में उसे जिंदा जला कर मार डाला गया। घटना ने उस समय मीडिया में व्यापक सुर्खियां बटोरी थीं। मामले में लापरवाही सामने आने पर तत्कालीन पुलिस अधीक्षक के खिलाफ भी कार्रवाई की गई थी, बावजूद इसके पीडिघ्ता के परिजनों को वर्ष 2018 से अब तक न्याय नहीं मिल सका है। लगातार तारीख पर तारीख पड़ती रही और पीडिघ्त परिवार आज भी न्याय की आस लगाए बैठा है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना 13/14 जुलाई 2018 की रात की है। आरोप है कि अभियुक्त आराम सिंह पुत्र सोरन सिंह, महावीर पुत्र होरीलाल, गुल्लू उर्फ जयवीर पुत्र टुंडी और मोना उर्फ कुंवरपाल पुत्र ब्रजपाल ने पति की गैर मौजूदगी में महिला को अकेला पाकर दबोच लिया। आरोपियों ने बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया और जान से मारने की धमकी देकर वहां से चले गए। बताया गया कि कुछ ही देर बाद आरोपी पुन: लौट आए। इस दौरान महिला ने अपनी जान बचाने के लिए 112 डायल कर पुलिस को सूचना दी, लेकिन पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। इसके बाद हत्यारों ने सात वर्षीय बेटी के सामने ही महिला को झोपड़ी में बंदकर जिंदा जला डाला, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। यह मामला न केवल दुष्कर्म बल्कि नृशंस हत्या का भी है, जिसने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया था। महिला आखिरी सांस तक मदद की गुहार लगाती रही, लेकिन समय पर कोई सहायता नहीं मिली।

# न्यायिक प्रक्रिया व पुलिस तंत्र की लापरवाही के चलते 2018 से पीड़िता को नहीं मिला न्याय




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** महिलाओं के खिलाफ बढ़ते जघन्य अपराध एक बार फिर कानून-व्यवस्था और पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं। ऐसा ही एक दुर्लभ और क्रूरतम मामला जिला संभल के थाना रजपुरा के गांव पाठकपुर का सामने आया, जहां सामूहिक दुष्कर्म के बाद महिला को फूस की झोपड़ी में बांधकर जिंदा जला दिया गया। मामला मीडिया में आने के बाद पुलिस की लापरवाही उजागर हुई। तत्कालीन संबंधित पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया तथा एसपी संभल के खिलाफ भी प्रतिकूल प्रविष्ट दर्ज की गई थी। इसके बावजूद पीडित परिवार को लंबे समय तक केवल तारीख पर तारीख ही मिलती रही। बताया गया कि आरोपियों ने पहले महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया और जाते समय उसे जान से मारने की धमकी दी। जान बचाने के लिए पीडिता ने डायल 112 पर फोन किया, लेकिन पुलिस कंट्रोल रूम से कॉल रिसीव नहीं की गई। यदि समय रहते 112 डायल से सहायता मिल जाती तो संभवत: महिला की जान बचाई जा सकती थी। इसके बाद पीडिघ्ता ने अपने सगे भाई को फोन किया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। अंतत: ममेरे भाई ने फोन रिसीव किया, जिस पर पीडिघ्ता ने अपनी आपबीती बताई। इसी दौरान आरो. पियों द्वारा की जा रही घटना व महिला की आवाजें उसके फोन में रिकॉर्ड हो गईं जो बाद में एक महत्वपूर्ण साक्ष्य के रूप में सामने आईं। आरोपियों ने इसके बाद महिला को फूस की झोपड़ी में बांधकर आग लगा दी, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना को महिला की सात वर्षीय बेटी ने भी अपनी आंखों से देखा। मामले की सुनवाई पहले अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुशील कुमार की अदालत में हुई, लेकिन लंबे समय तक निर्णय नहीं हो सका। वर्तमान अपर जनपद न्यायाधीश संभल/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अवधेश कुमार सिंह द्वारा मामले की संवदेनशीलता व गंभीरता को देखते हुए अविलंब बची न्यायिक कार्यवाही को पूर्ण कर साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर अभियुक्तों को दोषी करार दिया गया और जिला कारागार भेजा गया। अब न्यायालय द्वारा सजा के ऐलान की प्रक्रिया शेष है जो कि आगामी 19 दिसंबर को सुनाई जायेगी।

यहां यह भी उल्लेख किया जाना आवश्यक है कि यह वही न्यायालय है जिसमें सात माह में एक से एक अत्यन्त दुर्लभ वादों का शीघ्रता से निस्तारण किया गया है। इसी क्रम में माननीय न्यायालय द्वारा बीएनएस के तहत इस जनपद का ही नहीं बल्कि मंडल में एक लैंगिक अपराध का 06 दिनों में निस्तारित कर नया कीर्तिमान स्थापित किया गया। बताते चलें कि मुकदमे की सुनवाई उच्च न्यायालय के निर्देश पर की गई। इस दुर्लभ केस में शासकीय अधिवक्ता हरिओम प्रकाश उर्फ हरीश सैनी ने गवाही इत्यादि कराकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं कोर्ट पैरोकार अमित कुमार व विजेन्द्र कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। केस की विवेचना आईओ प्रवीन कुमार सोलंकी द्वारा की गई जिसमें जला कपड़ा, महिला की बिछुआ, राख व बाल के अवशेष व महत्वपूर्ण साक्ष्य मोबाइल मिला जिसकी रिकॉर्डिंग की सत्यता सामने आई।

वहीं पीडिता की बेटी ने भी जानकारी दी। इन्हीं साक्ष्यों के आधार पर दोष सिद्ध किया गया। इस पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल पुलिस की कार्यवाही को लेकर उठता है। यदि पीडिता की 112 डायल कॉल समय पर रिसीव की जाती और त्वरित पुलिस सहायता पहुंचती, तो एक निर्दोष महिला की जान बचाई जा सकती थी। यह मामला न केवल न्यायिक प्रक्रिया बल्कि पुलिस तंत्र की जवाबदेही का भी गंभीर उदाहरण बनकर सामने आया है।

# दयानंद में यौन उत्पीड़न पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**कांठ ( शाह टाइम्स )** महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज पट्टी मौढा कांठ में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज के प्रधानाचार्य मदन सिंह ने पॉश एक्ट( कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न) पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि हमारे विद्यालय में आंतरिक परिवाद समिति गठित की गई है महिला शिक्षिकाए एवं छात्राएं बिना किसी संकोच के ऐसी किसी भी घटना पर अपनी बात समिति के सामने रख सकती है।

उन्होने कार्य स्थलों पर हो रहे यौन शोषण के प्रति समाज में जागरूकता लाने के लिए लोगों को समझाने की अपील भी की राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी एवं परिवाद समिति की सदस्य श्रीमती ऊषा सिंह ने इस पर कानून के इतिहास और समितियों के बारे में विस्तार से समझाया और बिना संकोच के अपनी बात रखने की बात कही।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह,ऊषा सिंह, दीपक सिंह, पीताम्बर सिंह, निशिकांत पाठक, अतवीर सिंह त्यागी, सुन्दर सिंह आदि शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ-साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# आड़े तिरछे ई-रिक्शा खड़े रोड पर लगाते हैं जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के रेलवे स्टेशन रोड ओवर ब्रिज के नीचे शुगर मिल से बिलारी के लिए दर्जनों ई-रिक्शा का संचालन होता है । ई रिक्शा रेलवे स्टेशन को जाने वाले रास्ते पर आगे पीछे खड़े कर देते हैं। जिससे विद्यालय जाने वाले विद्यार्थियों तथा आम आदमियों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है और कई बार ई रिक्शा वालों से तू तू में में तक की नौबत आ जाती है।

बार-बार कहने के बाद भी ई रिक्शा को व्यवस्थित करना शुरू नहीं किया है। इस बाबत नगर पालि. का को भी अवगत कराया जा चुका है। क्षेत्रीय जनता तथा ग्रामीणों का कहना है कि यदि ई रिक्शा चालकों ने अपने ई-रिक्शाओं को व्यवस्थित रूप से या ई रिक्शा स्टैंड पर खड़े नहीं किया तो आंदोलन करना पड़ेगा।

राहगीर व विद्यार्थी सनम, आदित्य, सरफराज,आरती, कुसुम, हर्वती आदि ने बताया कि सुबह के समय विद्यालय जाने के लिए ई -रिक्शाओं के बीच से गुजरना पड़ता है और काफी मशक्कत के बाद इनके बीच से निकल पाते हैं । चालक बीच रास्ते में भी सिगरेट का धुआं उड़ाते रहते हैं तथा आपस में भद्दी बातें करते हैं जिससे शर्मिंदगी उठानी पड़ती है। इन्हें व्यवस्थित ढंग से खड़े करने के लिए नगर पालिका स्टैंड की व्यवस्था करें। ई -रिक्शा के मुंशी को भी एक सप्ताह का समय दे दिया गया है इस बीच विद्यालय के विद्यार्थी एस डी एम बिलारी व क्षेत्राधिकारी सर्किल बिलारी से मिलकर इस व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग करेंगे।



### खोया-पाया सूचना

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2018 अनुक्रमांक 0930 996 व इण्टरमीडिएट वर्ष 2020 अनुक्रमांक 0690127 का प्रमाण पत्र -सह-अंक पत्र एव बीए प्रथम, बीए द्वितीय वर्ष, तृतीय वर्ष 2023 अनुक्रमांक 210011023747 की मार्कशीट वास्तव में कहीं खो गया है।

**अरुन कुमार पुत्र राजेंद्र प्रसाद निवासी ग्राम, ठिरिया जसोदा तहसील बहेड़ी, बहेड़ी, बरेली उत्तर प्रदेश।**

# ओवर हाइट गन्ने के ट्रक में फंसकर विद्युत लाइन गिरने से बाल बाल बची, घंटों रहा यातायात प्रभावित



**कांठ ( शाह टाइम्स )** ओवर हाइट गन्ने का ट्रक सड़क के आर पार गुजर रहे विद्युत केबल में फंस गया जिसकी वजह से विद्युत लाइन टूटते टूटते रह गई।

लेकिन केवल लटक जाने के कारण वाहनों की संख्या बढ़ गई और यहां घंटो तक यातायात प्रभावित रहा। बताया गया कि दोपहर के वक्त एक् ट्रक कांठ की ओर से गन्ना लेकर गुजरा जैसे ही वह सैफी धर्म कांटे के पास पहुंचा सड़क के इस ओर से उस और जा रही विद्युत लाइन के केवल में गन्ना फस गया जिसकी वजह से पूरी लाइन हिल गई लोगों ने शोर मचाया तो चालक ने ट्रक को रोक लिया इससे लाइन तो क्षतिग्रस्त होने से बच गई लेकिन केवल काफी नीचे तक लटक गया केवल लटकने के कारण गन्ने के ट्रक एक साइड में खड़े हो गए कुछ देर के लिए वहां वाहनों की संख्या बढ़ने से जाम के हालात भी बने रोडवेज बस चालकों ने बसों को साइड से करके निकाला। लोगों ने इस पर नाराजगी भी जताई विद्युत लाइन ठीक करने के लिए विद्युत कर्मी भी पहुंचे लेकिन वह भी देखभाल करके वापस आ गए जिसकी वजह से घंटो तक यातायात प्रभावित रहा लोगों ने ओवर हाइट व्यवस्था पर लगाम लगाए जाने की मांग की है।

### ग्राम प्रधान से झगड़ा करने पर पिता पुत्र सहित तीन शांतिभंग में गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** गांव तरफ दलपतपुर की ग्राम प्रधान से झगड़ा करने पर पुलिस ने पिता पुत्र सहित तीन आरो. पियों को शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। गांव की प्रधान दीपा देवी की गांव के कुछ लोगों से काफी समय से रंजिश चल रही है। ग्राम प्रधान की दूसरे पक्ष की महिलाओं से कहासुनी हो गई। प्रधान की शिकायत पर पुलिस गांव में पहुंची। आरोप है की जांच के दौरान पुलिस ने उत्तेजित हो रहे दूसरे पक्ष के धर्मपाल सिंह आदि को समझाने का प्रयास किया। उनके न मानने पर पुलिस ने धर्मपाल सिंह, उसके पुत्र डालचंद और उमेश को शांति भंग करने का आरोप में गिरफ्तार कर लिया। तीनों का चालान कर उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने तीनों को जमानत पर छोड़ दिया।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिलारी (मुरादाबाद)।**

**पत्रांक:** 651/ न0पा0परि0वि0/2025-2 **दिनांक:** 17.12.2025

**- ई-निविदा सूचना :-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, बिलारी ( गुरादाबाद) द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-2025 में अवस्थापना विकास निधि ( 02 प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क) एवं वित्तीय वर्ष 2025-2026 में अंत्येष्टि स्थल विकास योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्माण कार्य कराये जाने हेतु दिनांक 09.01.2026 की सायं 05:00 बजे तक ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। कार्यों की विस्तृत सूचना एवं ई-निविदा की शर्तें बेबसाईट **http://etender.up.nic.in** व किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में देखी जा सकती हैं। ई-निविदाऐं दिनांक 18.12.2025 की पूर्वान्ह 10:00 बजे से दिनांक 09.01.2026 की सायं 05:00 बजे तक डाउनलोड व अपलोड की जा सकती है। प्राप्त ई-निविदाएँ दिनांक 12.01.2026 को कार्यालय अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) महोदय, मुरादाबाद के कार्यालय में अपरान्ह 01:00 बजे से ई-निविदादाताओं की उपस्थिति में खोली जाएँगी। उक्त ई-निविदाओं में प्रतिभाग करने हेतु शासनादेश संख्या- एक/706/ कम्प्यू0 सेल / 2019 दिनांक 27 सितम्बर, 2019 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद, बिलारी जनपद मुरादाबाद में ई-निविदा स्वीकृत होने की दशा में पंजीकरण हेतु नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। किसी भी ई-निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृति करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, बिलारी में निहित रहेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद,**
**बिलारी ( मुरादाबाद )**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद,**
**बिलारी ( मुरादाबाद )**

# चक्कर की मिलक में पानी की टंकी से कूदकर युवक ने दी जान, परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सिविल लाइन्स थाना क्षेत्र के चक्कर की मिलक इलाके में बुधवार को एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जिसने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया। पुराने आरटीओ कार्यालय के पास स्थित पानी की ऊंची टंकी से कूदकर एक युवक ने अपनी जान दे दी। मृतक की पहचान नूर कमर (23 वर्ष) पुत्र नासिर के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नूर कमर अचानक करीब ढाई सौ फीट ऊंची पानी की टंकी पर चढ़ गया। आसपास के लोगों ने उसे नीचे उतरने के लिए समझाने का प्रयास भी किया, लेकिन इससे पहले कि कोई कुछ कर पाता, युवक ने टंकी से छलांग लगा दी। युवक के कूदते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोगों की भीड़ जमा हो गई।घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन्स थाना पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। गंभीर रूप से घायल युवक को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया।परिजनों ने बताया कि नूर कमर मानसिक रूप से कमजोर था और नशे का आदी भी बताया जा रहा है। उसके पिता की पहले ही मृत्यु हो चुकी थी। पिता की मौत के बाद वह अपने भाई-बहनों के साथ रह रहा था, जबकि उसकी मां ने दूसरी शादी कर ली थी। बताया जा रहा है कि पारिवारिक परिस्थितियों और मानसिक स्थिति के चलते वह लंबे समय से परेशान चल रहा था।युवक की मौत की



खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन रो-रोकर बेहाल हैं। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की, लेकिन मृतक के परिजनों ने पोस्टमार्टम न कराने की गुहार लगाई है।

पुलिस मामले की जांच कर रही है और घटना से जुड़े सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है।इस दर्दनाक घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है।

# शीतलहर व कोहरे के चलते जनपद में स्कूलों का बदला समय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद में लगातार बढ़ती शीतलहर और घने कोहरे को देखते हुए जिलाधिकारी अनुज कुमार के द्वारा छात्र-छात्राओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य के दृष्टिगत महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है। जिलाधिकारी कार्यालय से जारी आदेश/विज्ञप्ति के अनुसार जनपद में संचालित नर्सरी से कक्षा 8 तक के सभी विद्यालयों के संचालन समय में परिवर्तन किया गया है।यह आदेश परिषदीय, माध्यमिक, राजकीय, सहायता प्राप्त एवं मान्यता प्राप्त (समस्त बोर्ड) विद्यालयों पर समान रूप से लागू होगा। नए आदेश के तहत अब सभी संबंधित विद्यालय प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक संचालित किए जाएंगे। पूर्व निर्धारित समय में विद्यालय खोलने की अनुमति नहीं होगी।जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। संबंधित विभागों, शिक्षा अधिकारियों और विद्यालय प्रबंधन को आदेश का पालन कराने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।प्रशासन का कहना है कि छोटे बच्चों पर ठंड और कोहरे का अधिक प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, ऐसे में यह निर्णय पूरी तरह छात्र हित में लिया गया है। अभिभावकों ने भी प्रशासन के इस फैसले का स्वागत किया है। प्रशासन ने मौसम की स्थिति पर नजर बनाए रखने की बात कही है और आगे आवश्यकतानुसार आदेशों में संशोधन भी किया जा सकता है।

## राष्ट्रीय परिषद के सदस्य मनोनीत होने पर परमेश्वर लाल सैनी का हुआ स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** भारतीय मानव कल्याण समिति भाजपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य परमेश्वर लाल सैनी का पटका पहनाकर एवं मिष्ठान खिलाकर अभिनंदन किया। समिति प्रबन्धक डॉ टी. एस. पाल ने बताया कि पूर्व एमएलसी एवं लोकसभा सम्भल से प्रत्याशी रहे परमेश्वरलाल सैनी को संगठन पर्व 2024-25 के अंतर्गत भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने राष्ट्रीय परिषद का सदस्य मना. नीत किया है।

राष्ट्रीय परिषद की 120वीं सूची में नाम रखकर सम्भल जनपद का गौरव बढ़ाया है। स्वागत करने वालो में शायर विनीत आशना, डॉ टी.एस. पाल, सुशील कुमार भोलेनाथ, रतन कुमार वार्ष्णेय, मुनीश वार्ष्णेय, ओमप्रकाश गुप्ता, श्यामसुंदर दुबे, रोशनलाल आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### नागरिक सुरक्षा कोर की और से आयोजित कार्यक्रम में 90 वार्डनों को प्रदान किया गया प्रशिक्षण




**मुरादाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्रालय, भारत सरकार एवं निदेशालय नागरिक सुरक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार बुधवार को एम0आई0टी0 इंस्टिट्यूट के सभागार में वार्डन एवं स्वयंसेवकों के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में 90 वार्डनों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन एडीएम सिटी ज्योति सिंह, के द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।इस अवसर पर उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा नीरज चक, सहायक उपनियंत्रक सतीश कुमार, प्रभागीय वार्डन सुरेन्द्र प्रकाश गुप्ता एवं मो. खालिद, निदेशक एम0आई0टी0 डॉ. रोहित गर्ग सहित सभी 90 वार्डन उपस्थित रहे। अपर जिलाधिकारी (नगर) ने अपने संबोधन में वार्डनों को निरंतर प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी दक्षता और क्षमता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। प्रथम दिवस मेजर डॉ. मीनू मेहरोत्रा, एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर ने "आधुनिक युद्ध और राष्ट्र की क्षमता" विषय पर व्याख्यान दिया। इसके पश्चात प्रो. आनंद कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष, डिफेन्स एंड स्ट्रेटेजिक स्टडीज, हिंदू कॉलेज ने "प्राकृतिक एवं मानव जनित आपदाओं में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की भूमिका" पर विस्तार से प्रकाश डाला।कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं वक्ताओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डिप्टी चीफ वार्डन पंकज सक्सेना, मास्टर ट्रेनर विवेक कुमार यादव सहित अनेक अधिकारी, कर्मचारी एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

# गांव जैतपुर पट्टी में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ राशन कोटे का चयन



**कुंदरकी।** कुंदरकी विकास खंड के गांव जैतपुर पट्टी में बुधवार को राशन कोटे के चयन को लेकर प्रस्ताव प्रक्रिया पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था एवं प्रशासनिक निगरानी में सफलतापूर्वक पूरी की गई राशन डीलर चयन की प्रक्रिया पंचायत भवन में की गई, जहां सुबह से ही ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। विकासखंड कुंद. रकी प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। सुरक्षा के मद्देनजर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था या विवाद की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। मतदान निर्धारित समय पर शुरू होकर तय समय पर समाप्त कराया गया। बीओ विनीत कुमार ने जानकारी दी कि राशन कोटे के लिए कुल दो प्रत्याशियों ने आवे. दन किया था। मतदान के बाद मतगणना कराई गई, जिसमें शाकरा बी को ग्रामीणों का भरपूर समर्थन मिला। एडीओ आईएसबी कमर अब्बास के अनुसार शाकरा बी ने 321 मत प्राप्त किए और अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 22 मतों से पराजित कर जीत दर्ज की। प्रस्ताव प्रक्रिया के शांतिपूर्ण संपन्न होने पर ग्रामीणों ने प्रशासन और पुलिस व्यवस्था की सराहना की।ग्राम सचिव रईस आलम ग्राम सचिव फिरोज आलम ग्राम सचिव अंकित चौधरी ग्राम सचिव अनुज कुमार सिंह ग्राम प्रधान जब्बार हुसैन उपस्थित रहे।

# राष्ट्रहित इंडियन पार्टी ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर किया प्रदर्शन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** बुधवार को राष्ट्रहित इंडियन पार्टी (सेक्युलर) के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कंजरी सराय माता महारानी मंदिर से जिलाधिकारी कार्यालय तक कूच कर धरना-प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन बीते तीन महीनों से दिए जा रहे ज्ञापनों पर कोई सुनवाई न होने के विरोध में किया गया।धरना प्रदर्शन के दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी के समक्ष अपनी समस्याएं और मांगें रखीं। मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश में गिहार जाति को सूचीबद्ध कर जाति प्रमाण पत्र जारी करने, जोगी, बंजारा और लोहार जातियों को अनुसूचित जाति/जनजाति का दर्जा देने, बैगा व सपेरा जाति के प्रमाण पत्र जारी करने, जातिसूचक अपमानजनक शब्दों पर रोक लगाने, सर्वोच्च न्यायालय के उपवर्गीकरण आदेश को लागू करने, भूमि कब्जा से संबंधित नया कानून बनाने सहित कई अहम मांगें शामिल रहीं।पार्टी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो 17 जनवरी 2026 को उत्तर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर व्यापक आंदोलन किया जाएगा। धरना प्रदर्शन में मंडल अध्यक्ष वरुण कुमार सक्सेना, जिला अध्यक्ष अशोक कुमार गिहार सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे।

### साइबर अपराध रोकने के लिए बड़ा कदम!



**भोजपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंकित के निर्देशन में साइबर अपराध की रोकथाम के लिए बुधवार को थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने क्षेत्र के जनसेवा केंद्र संचालकों और बैंक शाखा प्रबंधकों एवं सिम विक्रेताओं के साथ भोजपुर थाना प्रांगण में गोष्ठी कर साइबर ठगी जैसी घटनाओं को रोकने के लिए जागरूक करते हुए बताया कि वर्तमान समय में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहा है ठग फोन कॉल, मैसेज, या सोशल मीडिया के माध्यम से बैंक से जुड़ी गोपनीय जानकारी कर खाते से रुपये उड़ा लेते हैं। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने जन सेवा केंद्र के संचालकों और सिम विक्रेताओं से अपील करते हुए कहा है कि अगर आप किसी के खाते में रुपये ट्रांजेक्शन कर रहे हैं या सिम कार्ड बेच रहे हैं तो पहले उसकी वेरीफिकेशन कर ले और बैंक शाखा प्रबंधकों से बैंक की बिल्डिंगों के पीछे खाली स्थानों पर कैमरे लगवाएं। इस दौरान भोजपुर थाना क्षेत्र के बैंक शाखा प्रबंधक और जन सेवा केंद्र के संचालक व सिम विक्रेता मौजूद रहे।

### स्काउट गाइड शिविर के समापन के अंतिम दिन सजाया गया तंबू का शहर



**बिलारी।** क्षेत्र के गांव जरगांव में चल रहे भारत स्काउट एवं गाइड के तीन दिवसीय शिविर के समापन के मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर एसडीएम विनय कुमार सिंह पहुंचे। इस बीच स्काउट गाइड ने तंबूओं का शहर सजाया। जहां निरीक्षण करके सर्वश्रेष्ठ तंबू निर्माण करने वाली टोलियों को प्रस्तुत किया गया। बुधवार को जरगांव के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में भारत स्काउट एवं गाइड का तीन दिवसीय शिविर लगा। जिसमें एसडीएम विनय कुमार सिंह पहुंचे, जहां प्रतिभागियों को शिक्षा, व्यायाम और समाज के प्रति जागरूक बनने तथा जीवन में बड़ा लक्ष्य रखने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर सुंदर तंबू का निरीक्षण करके उन्हें पुरष्कृत भी किया गया। इस मौके पर भाजपा नमैनी मंडल अध्यक्ष पारस शर्मा एडवोकेट, कॉलेज प्रबंधक समरजीत सिंह, प्रधानाचार्य आदेश शर्मा, कोषाध्यक्ष रवि प्रकाश शर्मा, संजय राघव, राजपाल सिंह मीणा, चेतेंद्र सिंह, वीरपाल सिंह आदि सहित भारी तादाद में लोग मौजूद रहे।

# सीडीओ की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अनुश्रवण मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की हुई बैठक

**मुरादाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी की अध्यक्षता में विकास भवन के बापू सभागार में जिला स्तरीय अनुश्रवण मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में से एक निराश्रित गौवंश संरक्षण योजना के अन्तर्गत जनपद में किए जा रहे कार्यो के अनुश्रवण में आ रही कठिनाईयों के निदान एवं सुधार के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई। जनपद मुरादाबाद में कुल 35 गो-आश्रय स्थल संचालित है इन गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश के लिए बेहतर व्यवस्था है। संरक्षित गोवंश को भूसा, हरा चारा, दाना, नमक, गुड़, मिनरल मिक्सचर दिया जा रहा है। गोशाला में साफ सफाई भी उचित प्रकार किया जा रहा है। चूना मिला स्वच्छ ताजा पेयजल उपलब्ध है। बीमार गोवंशों हेतु आइसोलेशन वार्ड बना है। ठंड से बचाव हेतु केटल शेड के चारों तरफ पर्दे एवं हाईलोजन हीटिंग लाईट लगायी गयी है। गोशालाओं से लिंक चरागाह भूमि पर हरा चारा बोया गया है। समस्त गो-आश्रय स्थलों में ठण्ड से बचाव हेतु पराली एवं तिरपाल/अलाव एवं हीटिंग लाईट की व्यवस्था की गयी है। समस्त गौ आश्रय स्थलों के भरण-पोषण धनराशि भुगतान हेतु माह नवम्बर, 2025 तक की फण्ड रिक्वेस्ट मुख्यालय लखनऊ प्रेषित की जा चुकी है। समस्त गौ आश्रय स्थलों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की कार्यवाही प्रचालित है तथा फाजलपुर एवं भटावली गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरे लगाये जा चुके है एवं उनकी मॉनिटरिंग विकास भवन मुरादाबाद के कन्ट्रोल रूम से हो रही है। अन्य 13 गौ आश्रय स्थलों में सीसीटीवी कैमरे लगाये जा चुके है तथा शेष गौशालाओं में भी शीघ्र ही सीसीटीवी कैमरे लगाने की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जायेगी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए गोशाला प्रबन्धन की तारीफ की गयी। समस्त नगर निकाय में संचालित गो-आश्रय स्थलों में कैटल कैचर की व्यवस्था पूर्ण है। कुछ गोशालाओं में केयर टेकर को मानदेय भुगतान नही दिया जा रहा है जैसे कुन्दरकी, डींगरपुर, भदगवा, अक्का पाण्डे भोजपुर में केयर टेकरों को मानदेय नहीं मिला है जिस हेतु मुख्य विकास अधिकारी ने शीघ्र भुगतान के संबंध में खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि बिलारी गौशाला में नवाचार की व्यवस्था एवं महिलाओं को दीये एवं उपले बनाने की व्यवस्था के लिये दो मशीनों की व्यवस्था की जानी चाहिये। संरश्रित गोवंश के भरण पोषण, पराली संग्रहण के पर्यवेक्षण एव मूल्याकंन, जनपद में निराश्रित गोवंश के संरक्षण का मुद्दा प्राथमिकता पर रहा। उन्होंने कहा कि जनपद मुरादाबाद में पाकबाडा से अत्याधिक नकारात्मक खबर प्राप्त हो रही है अतः सड़को पर घूम रहे निराश्रित गोवंश की व्यवस्था अभियान चलाकर गोशाला में भिजवाया जाये। डा. राजकुमार सिंह नोडल अधिकारी को केयर टेकर के मानदेय का भुगतान सुनिश्चित करायें जाने हेतु निर्देशित किया गया एवं निरीक्षण के समय उपयोगिता प्रमाण-पत्र एवं अन्य निरीक्षण रिपोर्ट भी उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक में मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी डा0 सुनील दत्त, नोडल अधिकारी डा0 राजकुमार सिंह के साथ ही जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, पशुपालन विभाग के समस्त उपमुख्य/ पशुचिकित्सा अधिकारियों, अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत मुरादाबाद द्वारा बैठक में प्रतिभाग किया गया।

## थार चालक और उसमें सवार युवकों का शांति भंग में चालान, एसडीएम ने किया बड़ी हवेली रवाना

**कांठ( शाह टाइम्स )** चार दिन पहले लापरवाही के साथ गाड़ी चला कर 5 साल की बच्ची की जान लेने के आरोपी युवक और उसमें सवार दो अन्य युवकों का आज पुलिस ने शांति भंग में चालान कर दिया जिन्हें एसडीएम ने बड़ी हवेली के लिए रवाना किया है। बतादें कि 14 दिसंबर को थार गाड़ी से टक्कर लगकर 5 साल की बच्ची मिस्टी की जान चली गई थी इस मामले को लेकर काफी हंगामा हुआ आसपास के लोग इकट्ठे हुए और गाड़ी में भी तोड़फोड़ करते हुए तीनों आरोपियों को कमरे में बंद कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस तीनों को थाने ले गई जहां पर कार चालक और उसमे बैठे दोनों युवको के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

बताया गया कि पुलिस ने इस संबंध में किसी कानूनी प्रक्रिया के तहत उन्हें थाने से जमानत दे दी। इस बात की जानकारी मृतका के परिजनों को लगी तो माहौल गर्माने लगा उन्होंने थाने पहुंचकर इस कार्यवाही पर नाराजगी व्यक्त की बात आगे बढ़ी तो पुलिस ने इस सबसे बचने के लिए आज तीनों युवकों को उप जिला अधिकारी की अदालत में पेश किया। मगर वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया इस पूरे प्रकरण में की गई कानूनी कार्रवाई को लेकर लोगों ने आश्चर्य व्यक्त किया है।

## जाफराबाद में हुए हत्याकांड में 3 तरह की पिस्टल का इस्तेमाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जाफराबाद में सोमवार आधी रात हुए हत्याकांड में पुलिस सूत्रों का दावा है कि बाबा का बेहद करीबी बॉबी कबूतर आरोपी असद का बेहद खास दोस्त है। दोनों भाइयों की हत्या के समय बॉबी अपने करीबी मुबीन के साथ वहीं पर मौजूद था। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने तीन आरोपियों की पहचान भी कर ली है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि महज दो मिनट में आरोपियों ने 50 से अधिक राउंड गोलियां चला दीं। इससे साबित होता है कि हत्यारों के पास बेहद अत्याधुनिक हथियार थे। पुलिस को मौके से तीन अलग-अलग कैलिबर की गोलियां मिली हैं। इनमें 9 एमएम, .30 व 7.65 शामिल हैं। माना जा रहा है कि बदमाशों ने जिगाना पिस्टल का भी इस्तेमाल किया। पुलिस की टीम लगातार बदमाशों की तलाश में दबिश दे रही है। जाफराबाद इलाके की ऋषि कर्दम गली नंबर-17 सोमवार आधी रात गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठी। दो बाइक पर आए 4-5 बदमाशों ने करीब 50 राउंड गोलियां बरसाकर दो सगे भाइयों की हत्या कर दी। गोलियों से छलनी मो. फजील (31) की मौके पर मौत हो गई जबकि उसके दिव्यांग भाई नदीम (33) ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ा। पुलिस सूत्रों ने बताया कि फजील को 20 और नदीम को 17 गोलियां लगी हैं।

पुलिस ने घटना स्थल से 42 खोखे बरामद किए। दोनों भाइयों के बड़े भाई वसीम ने अपनी सगी बुआ के बेटे असद कुरैशी व अन्य पर हत्या का आरोप लगाया है। वसीम का कहना है कि सोमवार दोपहर को असद ने फोन पर जान से मारने की धमकी दी थी। जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में 6 टीमों को लगाया गया है। पुलिस के मुताबिक फजील और नदीम अपने छोटे भाई कफील के साथ गली नंबर-30/8, कश्मीरी बिल्डिंग, जाफराबाद में रहते थे। इनकी मां शाहिद बेगम बड़े बेटे और उसके परिवार के साथ ब्रह्मपुरी गली नंबर-21 में रहती हैं। नदीम का जैकेट के अलावा खराद मशीन का काम था जबकि फजील और कफील उसके साथ काम करते थे। सबसे बड़े भाई मो. वसीम की चौहान बांगर, अलताज दवाखाने के पास जैकेट का कारोबार है। करीब 5 साल पहले पहली मंजिल से गिरने के बाद नदीम दिव्यांग हो गया था और उसके शरीर के 85 फीसदी हिस्से ने काम करना बंद कर दिया था। यहां तक कि वह शौचालय भी नहीं जा पाता था। फजील बड़े भाई की देखभाल करता था। तीनों भाई खाना खाने के लिए अपनी अम्मी के पास ब्रह्मपुरी जाते थे। सोमवार देर रात करीब 1.30 बजे फजील अपने भाई नदीम को स्कूटी से ब्रह्मपुरी अम्मी के पास जा रहा था। इसी बीच ऋषि कर्दम वाली गली नंबर 17 के पास 4-5 लड़कों ने इन्हें स्कूटी समेत घेर लिया। दोनों भाई कुछ समझ पाते इससे पहले आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी।

### बलिदान दिवस पर प्रभातफेरी

**मुरादाबाद।** काकोरी ट्रेन एक्शन के क्रांतिकारियों, रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, ठाकुर रोशन सिंह एवं राजेंद्र लाहिड़ी के बलिदान दिवस (19दिसम्बर)की स्मृति में आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद की बैठक में 19दिसम्बर को प्रभातफेरी निकलने का निर्णय लिया है। प्रभातफेरी प्रातः 6बजे आर्य समाज स्टेशन रोड से प्रारंभ होकर बुद्ध बाजार चौक, गुलजारीलाल की धर्मशाला रोड, गुरु गोविंद सिंह,चौक कोर्ट रोड गुरहट्टी, जेल रोड, एकता द्वार होते हुए शहीद स्मारक कंपनी बाग में सम्पन्न होगी। बैठक में मंत्री रमेश सिंह आर्य एडवोकेट मथुरा प्रसाद आर्य यशपाल आर्य वीरेंद्र आर्य अमित आर्य हरिप्रसाद आदि उपस्थित रहे।



### सांसद खेल महोत्सव में बढ़ा रोमांच तीन टीम पहुंची सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली।** सांसद खेल महोत्सव में बुधवार को खेले गए मुकाबलों ने रोमांच बढ़ा दिया। खजूरी चौक के नमो विशाल मैदान पर हुए चार मैचों के बाद मुखर्जी नगर, मलका गंज, दयालपुर और नंद नगरी की टीमें सेमीफाइनल में पहुंच गईं। मैचों से पहले मैदान पर सांसद मनोज तिवारी के साथ केंद्रीय शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू, दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा, ग्रैमी अवार्ड से सम्मानित संदीप दास और विधायक अजय महावर पहुंचे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय किया और उनका हौसला बढ़ाया। इस मौके पर भाजपा के संगठन पदाधिकारी, पार्षद और आयोजन समिति के सदस्य भी मौजूद रहे। संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव गली मोहल्लों में छिपी प्रतिभाओं को आगे लाने का सशक्त माध्यम बन रहा है। मैचों की बात करें तो पहले मुकाबले में मुखर्जी नगर ने दिलशाद गार्डन को 4.3 ओवर में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। दूसरे मैच में दयालपुर ने करावल नगर पूर्व को 95 रन से मात दी। तीसरे मुकाबले में मलका गंज ने रामनगर को 92 रन से हराया। चौथे मैच में नंद नगरी ने घोंडा को 5 विकेट से पराजित किया। सांसद मनोज तिवारी ने खिलाड़ियों का उत्साह देखते हुए पुरस्कार राशि दोगुनी करने की घोषणा की। अब विजेता टीम को 2 लाख, उपविजेता को 1 लाख और विशेष प्रदर्शन पर 51 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा।

### जिंदगी



खुश रहकर गुजारो, तो मस्त है जिंदगी !
दुखी रहकर गुजारो, तो त्रस्त है जिंदगी !
तुलना में गुजारी, तो पस्त है जिंदगी !
इंतजार में गुजारी, तो सुस्त है जिंदगी !
सीखने में गुजारी, तो किताब है जिंदगी !
दिखावे में गुजारी, तो बर्बाद है जिंदगी !
मिलती है एक बार, प्यार से बिताओ जिंदगी !
जन्म तो रोज होते हैं, यादगार बनाओ जिंदगी !

**श्रीमती पारुल अग्रवाल (जैन) एडवोकेट**
**पूर्व उपाध्यक्ष दि बार एसोसिएशन एण्ड लाइब्रेरी मुरादाबाद।**

# मनरेगा योजना की सीडीओ ने की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी की अध्यक्षता में उपायुक्त श्रम रोजगार, समस्त कार्यक्रम अधिकारी/ खण्ड विकास अधिकारी, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, लेखाकार, लेखा सहायक एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर के साथ मनरेगा योजना के अंतर्गत विभिन्न बिन्दुओं में लक्ष्यानुरूप प्रगति हेतु समीक्षा बैठक आयोजित हुई। समीक्षा बैठक में मनरेगा योजना के अन्तर्गत समस्त अकुशल श्रमिकों की एक सप्ताह में शत प्रतिशत ई-केवाईसी पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये। समस्त कार्यक्रम अधिकारियों/खण्ड विकास अधिकारियों को अमृत सरोवर चिन्हित करने के भी निर्देश दिये गये। आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के श्रम बजट निर्धारण एवं कार्य योजना युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से बनाये जाने हेतु आगामी 02 कार्य दिवसों में समस्त ग्राम पंचायतों के लॉगिन आईडी पासवर्ड बनाये जाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने समस्त कार्यक्रम अधिकारियों/खण्ड विकास अधिकारियों को कार्य पूर्ण होने के उपरान्त बिल बाऊचर अनिवार्य रूप से एक माह के अन्दर फीड कराये जाने के निर्देश दिये। मनरेगा योजनान्तर्गत 81 से 99 दिवस पूर्ण कर चुके श्रमिको को रोजगार उपलब्ध कराते हुये 100 दिवस पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये। अनुसूचित जाति एवं महिला श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराते हुये निर्धारित लक्ष्य/मानकानुसार मानव दिवस सृजन किये जाने के निर्देश गये। उन्होंने कहा कि अकुशल श्रमिकों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित समय सीमा में भुगतान कराया जाए। मनरेगा योजनान्तर्गत कुल कराये जाने वाले कार्यों में व्यय होने वाली धनराशि में से 60 प्रतिशत कृषि एवं कृषि आधारित कार्यों पर व्यय की समीक्षा में विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, बिलारी, छजलैट एवं ठाकुरद्वारा की प्रगति सर्वाधिक खराब हैं। जिसके क्रम में सम्बन्धित कार्यक्रम अधिकारियों/ खण्ड विकास अधिकारियों एवं मनरेगा कार्मिको को प्रगति में सुधार कराये जाने के निर्देश दिये गये। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के समस्त अपूर्ण आवासों को पूर्ण करने हेतु भी उन्होंने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### राष्ट्रीय पैरा जूडो प्रतियोगिता 19 से श्रीगंगानगर में

**श्रीगंगानगर, वार्ता।** चौदहवीं राष्ट्रीय पैरा जूडो प्रतियोगिता 19 से 23 दिसम्बर तक राजस्थान में श्रीगंगानगर में खेली जाएगी। राजस्थान ब्लाइंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष वेदप्रकाश लखोटिया (आरपीएस) ने बुधवार को बताया कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 25 राज्यों से 400 से अधिक ब्लाइंड जूडो खिलाड़ियों और 60 अधिकारी शिरकत करेंगे। यह प्रतियोगिता श्रीगंगानगर में ही आयोजित राज्य स्तरीय चैंपियनशिप के समापन के साथ ही शुरू हो जाएगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी श्रीगंगानगर को चार वर्षों के बाद प्राप्त हुई है। इसका उद्घाटन 20 दिसम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे हनुमानगढ़ मार्ग पर स्थित ब्लूमिग डेट्स इंटरनेशनल स्कूल में होगा। प्रतियोगिता में विभिन्न भार वर्गों और आयु समूहों में मुकाबले होंगे।

### मैडसेन की कप्तानी में अगले साल होने वाले टी-20 विश्वकप में खेलेगा इटली

**रोम, वार्ता।** इटली क्रिकेट फेडरेशन ने कहा कि अगले साल होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप में राष्ट्रीय टीम वेन मैडसेन की अगुवाई में खेलेगी। आईसीसी गवर्निंग बॉडी ने मंगलवार देर रात एक बयान जारी कर नवम्बर के आखिर में टीम का कप्तान नियुक्त किए जाने के बाद मैडसेन की स्थिति की फिर से पुष्टि की। उन्होंने कहा कि जनवरी में आयरलैंड के खिलाफ अपनी टीम की द्विपक्षीय सीरीज और अगले साल सात फरवरी से भारत और श्रीलंका में होने वाले वैश्विक स्पर्धा दोनों में टीम का नेतृत्व करेंगे। इटली की गवर्निंग बॉडी ने अपने बयान में कहा कि मैडसेन इस पद पर महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू अनुभव लाते हैं, उन्होंने पहले भी टी-20 में इटली का प्रतिनिधित्व किया।

### मांडविया ने स्क्वैश टीम को किया सम्मानित

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने बुधवार को ऐतिहासिक विश्व कप जीतने वाली भारतीय स्क्वैश टीम को सम्मानित किया। जोशना चिनप्पा, अभय सिंह, वेलवन सेंथिलकुमार और अनाहत सिंह की मिश्रित टीम ने पिछले शनिवार को चेन्नई में इतिहास रचा था। इस जीत के साथ भारत ने अपना पहला स्क्वैश विश्व कप खिताब अपने नाम किया था। भारत ने टूर्नामेंट के फाइनल में टॉप सीड हांगकांग को 3.0 से हराया और स्क्वैश विश्व कप जीतने वाला चौथा देश बन गया, जो ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और मिस्र जैसे देशों की एलीट सूची में शामिल हो गया। खिलाड़ियों को बधाई देते हुए, डॉ. मांडविया ने कहा कि यह भारतीय खेल के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि भारत खेल के क्षेत्र में बहुत अच्छा कर रहा है। एक के बाद एक, हम नए मुकाम हासिल कर रहे हैं। हमारी महिला क्रिकेट टीम ने भी हाल ही में विश्व कप जीता है। केन्द्रीय मंत्री कहा कि हमारी स्क्वैश टीम का अपनी धरती पर विश्व कप जीतना गर्व का बहुत बड़ा क्षण है।

# वरुण-तिलक आईसीसी पुरुष टी-20 रैंकिंग में चमके



● **तिलक वर्मा रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर व स्पिनर वरुण गेंदबाजी में 818 अकों के साथ शीर्ष पर पहुंचे**

**दुबई, वार्ता।** भारत के आक्रामक बल्लेबाज तिलक वर्मा आईसीसी पुरुष अंतर्राष्ट्रीय टी-20 प्लेयर रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि स्पिनर वरुण चक्रवर्ती गेंदबाजी रैंकिंग में 818 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर है।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की ओर जारी ताजा रिपोर्ट में तिलक वर्मा ने पिछले हफ्ते कटक में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले मैच में 26 रन बनाने के बाद न्यू चंडीगढ़ में 62 और धर्मशाला में 26 रन बनाकर भारत के अभिषेक शर्मा की अगुवाई वाली सूची में पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान और इंग्लैंड के जोस बटलर को पीछे छोड़कर वह अपनी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग में दो पायदान ऊपर चढ़ कर 774 अंकों के चौथे स्थान पर पहुंच गए है। भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव को एक पायदान का नुकसान हुआ है वह 669 अंकों के साथ दसवें स्थान पर आ गए है। बल्लेबाजी रैंकिंग में भारत के अभिषेक शर्मा 909 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडन मारक्रम की तीसरे मैच में सिर्फ 117 रन के स्कोर में 61 रन की पारी ने उन्हें आठ स्थान ऊपर 29वें स्थान पर पहुंचा दिया है, जबकि क्विटन डी कॉक की दूसरे टी-20 में मैच जिताने वाली 90 रन की पारी ने उन्हें 14 पायदान ऊपर उठाकर 53वें स्थान पर पहुंचा दिया है। टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग की बात की जाए तो पिछले हफ्ते खेले गए दो टी-20 में दो-दो विकेट लेने वाले वरुण चक्रवर्ती ने अपने खाते में 36 रेटिग अंक जोड़ कर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 818 अंकों तक पहुंच गए है।

# मयंक का मुंबई इंडियंस में चयन



● **मयंक रावत का आईपीएल लीग में चयन होने से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल**

**टिहरी, वार्ता।** उत्तराखंड के टिहरी गढवाल जिले के खास पट्टी के ग्रामसभा गडोलिया तोक (रेंगली) के युवा क्रिकेटर मयंक रावत का आईपीएल की प्रतिष्ठित टीम मुंबई इंडियंस में चयन हुआ है। वर्तमान में वह दिल्ली में रह रहे हैं और वहीं से उन्होंने अपने क्रिकेट करियर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। होने पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। मयंक की इस उपलब्धि पर बुधवार को क्षेत्रवासियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। मयंक रावत के आईपीएल जैसी बड़ी लीग में चयन होने की खबर से उनके पैतृक गांव सहित पूरे क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल है। मयंक के पिता राम सिंह रावत (पूर्व छात्रसंघ विज्ञान प्रतिनिधि, एसआरटी कैंपस, पुरानी टिहरी) सहित पूरे परिवार को कमल सिंह बागड़ी सहित पूरे क्षेत्रवासियों ने बधाई दी। वर्तमान में मयंक दिल्ली की ओर से रणजी ट्रॉफी खेल रहे हैं। यह चयन खास पट्टी के लिए विशेष गौरव का विषय है। इससे पूर्व इसी पट्टी के ग्राम सिलोड़ निवासी बडोनी का भी आईपीएल में चयन हो चुका है। पट्टी से दो युवा खिलाड़ियों द्वारा अपनी प्रतिभा के दम पर उत्तराखंड का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया जा रहा है।

## पैसा नहीं, बल्कि आईपीएल में चयन सम्मान की बात: रमनेंद्र

**अमेठी, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए 14 करोड़ 20 लाख रुपये की कीमत में चुने गए प्रशांत वीर का परिवार बेटे की सफलता से गदगद है। युवा खिलाड़ी के पिता रमनेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि आईपीएल में चयन होना बेटे और परिवार के लिए गर्व का विषय है। आईपीएल के इतिहास में अमेठी के प्रशांत वीर ने कीर्तिमान स्थापित किया है। चेन्नई सुपर किंग ने प्रशांत वीर के लिए 14.20 करोड़ रुपये की बोली लगाई है। इसकी खबर सुनते ही प्रशांत के घर में खुशी का माहौल हो गया। इलाके के लोग बधाई देने उनके घर पहुंचने लगे। पिता रमनेंद्र त्रिपाठी ने कहा ष्मेरे बेटे का चयन आईपीएल में हुआ यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। पैसा तो किसी भी हुनर मंद को मिल जाता है यह सम्मान ही मेरे लिए गर्व का विषय है। प्रशांत चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलेंगे। बेटे को उम्मीद से ज्यादा कामयाबी मिली। टीम इंडिया में शामिल होना बेटे का अगला लक्ष्य है। पिता ने बताया कि कक्षा पांच के बाद से ही उसका रुझान क्रिकेट के प्रति हो गया। वह अपने उम्र के ज्यादा बड़े लोगों के साथ भी क्रिकेट खेलने जाता था। कक्षा आठ के बाद बेटा क्रिकेट की कोचिग के लिए मैनपुरी चला गया था। सभी अभिभावकों को बच्चों की रुचि के अनुसार उन्हें आगे बढ़ाना चाहिए। बच्चों को समझना चाहिए उनकी रुचि के साथ उनका साथ देना चाहिए। प्रशांत वीर की मां ने बताया जब बेटे के बारे में इस तरह की खबर सुनी तो वह पल मेरे लिए बहुत भावुक पल था।

## आरश्रीधर टी-20 विश्व कप तक श्रीलंका के फील्डिंग कोच बने

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका क्रिकेट ने अगले साल होने वाले पुरुष टी-20 विश्वकप तक के लिए आर श्रीधर को राष्ट्रीय टीम का क्षेत्ररक्षक कोच नियुक्त किया है। बीसीसीआई लेवल 3 क्वालिफाइड कोच श्रीधर ने पहले 2014 से 2021 तक भारत की पुरुष टीम के क्षेत्ररक्षक कोच के रूप में काम किया है। हाल ही में, उन्होंने अफगानिस्तान टीम के साथ कंसल्टेंट कोच के तौर पर काम किया। अब वह श्रीलंका के फील्डिग स्टैंडर्ड को बेहतर बनाने पर ध्यान देंगे। वह पाकिस्तान और इंग्लैंड के आगामी दौरों पर टीम के साथ मिलकर काम करेंगे और फिर टी-20 विश्व कप की तैयारियों की देखरेख करेंगे। श्रीलंका क्रिकेट के अनुसार श्रीधर ने कहा कि श्रीलंकाई खिलाड़ी हमेशा सहज प्रतिभा, लचीलेपन और सामूहिक भावना के लिए जाने जाते हैं। मेरा काम कोई सिस्टम थोपना नहीं है, बल्कि ऐसा माहौल बनाना है जहां खिलाड़ी क्षमता, जागरूकता और मैदान पर गर्व स्वाभाविक रूप से बढ़ सके। उन्होंने कहा कि फील्डिंग तब बेहतर होती है जब खिलाड़ी गेंद से, एक-दूसरे से और उस पल से जुड़ाव महसूस करते हैं।

# उस्मान डेम्बेले-एताना बोनमती को फीफा प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार

● **मंगलवार रात आयोजित एक समारोह में इन खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया**

**कतर, वार्ता।** स्पेन की एताना बोनमाटी और फ्रांस के उस्मान डेम्बेले को क्रमशः महिला और पुरुष वर्ग के फीफा के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया।

मंगलवार रात यहां आयोजित एक विशेष समारोह में इन खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। 28 वर्षीय डेम्बेले पीएसजी की ऐतिहासिक पहली चैंपियंस लीग जीत में अहम भूमिका निभाने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे। फाइनल मुकाबले में पीएसजी ने इंटर मिलान को 5-0 से हराया। डेम्बेले ने पिछले सीजन सभी प्रतियोगिताओं में कुल 35 गोल किए जिनमें से 21 गोल लीग-वन में थे और वह टूर्नामेंट के टॉप स्कोरर भी रहे। वहीं, बार्सिलोना की मिडफील्डर को क्लब और देश के लिए एक और शानदार साल के बाद द बेस्ट फीफा महिला खिलाड़ी चुना गया और वह लगातार तीन खिताब जीतने वाली पहली महिला फुटबॉलर बन गईं। बोनमाटी ने चैंपियंस लीग प्लेयर ऑफ द सीजन का खिताब भी जीता। इसके अलावा उन्होंने लगातार तीसरी बार विमेंस बैलन डी' ओर पुरस्कार भी हासिल किया। बोनमती की अगुवाई में बार्सिलोना ने घरेलू स्तर पर ट्रेबल जीता, जबकि स्पेन के साथ उन्होंने चैंपियंस लीग फाइनल और यूरो 2025 फाइनल तक का सफर तय किया।

पुरस्कार के बाद बोनमाटी ने एक वीडियो संदेश में कहा कि मैं अपना तीसरा फीफा द बेस्ट अवॉर्ड जीतने के लिए बहुत आभारी और गर्व महसूस कर रही हूं। मैं उन सभी लोगों की बहुत आभारी हूं जिन्होंने मेरे लिए वोट किया, खिलाड़ी, कोच और प्रशंसक। मेरे लिए सबसे अच्छी बात यह है कि जो खिलाड़ी मेरी तरह फुटबॉल खेलते हैं या जिन कोचों के खिलाफ मैं खेलती हूं, उन्होंने मुझे फीफा द बेस्ट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना। यह सबसे अच्छी बात है जो मैं कह सकती हूं।




# ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने जीता सोना



● **रावत ने निशानेबाजी में पुरुषों की 50 मी. राइफल थ्री पोजिशन फाइनल में विश्व रिकॉर्ड बनाकर जीता स्वर्ण पदक**

**भोपाल, वार्ता।** दो बार के ओलंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 68वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप प्रतियोगिता 2025 में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन फाइनल में विश्व रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता। मध्य प्रदेश स्टेट शूटिग रेंज में मंगलवार को हुए मुक. ाबले में ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर 470-5 का स्कोर के साथ स्वर्ण पदक, नीरज कुमार ने 463-7 के साथ स्कोर के साथ रजत पदक जीता और अखिल श्योराण 451-8 के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

किरण अंकुश जाधव अपने खिताब का बचाव करने में नाकाम रहे और 440-0 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहे। पेरिस 2024 के कांस्य पदक जीतने वाले स्वप्निल कुसाले 429.7 के साथ पांचवें स्थान पर रहे। अर्जुन बबूता 414.9 के साथ छठे स्थान पर रहे, जबकि मोनू कुमार 403.2 और मानवेंद्र सिंह शेखावत 401.6 के साथ फाइनल लाइन अप में शामिल हुए। ऐश्वर्य शुरू से ही शानदार फॉर्म में थे, उन्होंने क्वालिफिकेशन में टॉप पर रहने के लिए अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड 597 के स्कोर की बराबरी की। इससे पहले क्वालिफिकेशन में, स्वप्निल कुसाले (594-33x) ऐश्वर्य, अर्जुन बबूता (594-32x) और मानवेंद्र सिंह शेखावत (591-31x) के बाद चौथे स्थान पर रहे।

# स्टीव स्मिथ कान की समस्या एडिलेड टेस्ट से हुए बाहर



● **ऑस्ट्रेलिया ने टीम में बदलाव करते हुए स्मिथ की जगह उस्मान ख्वाजा को बुलाया**

**एडिलेड, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को कान की समस्या के कारण बुधवार को शुरु हुए तीसरे एशेज टेस्ट से बाहर कर दिया गया। उनकी जगह उस्मान ख्वाजा को टीम में जगह दी गई है। यहां तीसरे टेस्ट मैच का टॉस शुरु होने से 20 मिनट पहले ऑस्ट्रेलिया ने टीम में एक बदलाव करते हुए उस्मान ख्वाजा को वापस बुलाया गया है। ख्वाजा को नंबर 4 पर बल्लेबाजी करने के लिए सूचीब( किया गया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सूत्रों ने बताया कि स्मिथ को टेस्ट से पहले मतली और चक्कर आने जैसे लक्षण महसूस हुए, जिसके कारण उन्हें सोमवार के मुख्य अभ्यास सत्र में हिस्सा नहीं ले पाए। उन्होंने आज सुबह नेट्स में संक्षिप्त फिटनेस टेस्ट दिया, लेकिन आखिरकार उन्हें बाहर कर दिया गया। ऑस्ट्रेलिया को उम्मीद है कि वह मेलबर्न में चौथे टेस्ट के लिए ठीक हो जाएंगे। कप्तान पैट कमिस ने टॉस के समय कहा कि वह आज सुबह आए और कोशिश की, लेकिन उन्हें नहीं लगा कि वह इस मैच के लिए तैयार हो पाएंगे, इसलिए वह घर चले गए हैं।(हम) काफी भाग्यशाली हैं कि हमारे पास उस्मान जैसा कोई है जो तुरंत जगह ले सकता है।

# अफगानिस्तान ने नेपाल को हराया

**दुबई, वार्ता।** जैतुल्लाह शाहीन (तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद उजैरउल्लाह नियाजी (61) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर अफगानिस्तान ने अंडर-19 एशिया कप ग्रुप बी मुकाबले में नेपाल को 139 गेंदे शेष रहते छह विकेट से हरा दिया। यहां नेपाल की अंडर-19 टीम 124 रनों के स्कोर के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान ने 26-5 ओवर में चार विकेट पर 125 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से अपने नाम कर लिया।



उस्मान सादात और फैसल शिनोजादा की सलामी जोड़ी ने अभी 28 रन जोड़े थे कि छठे ओवर में अभिषके तिवारी ने फैसल शिनोजादा (13) को आउटकर अफगानिस्तान को पहला झटका दिया। इसी ओवर में अभिषेक तिवारी ने नजीफुल्लाह अमीरी (शून्य) को भी अपना शिकार बना लिया। अफगानिस्तान का तीसरा विकेट उस्मान सादात (13) के रूप में गिरा। 24वें ओवर में चंदन राम ने उजैरउल्लाह नियाजी को आउटकर दिया। उजैरउल्लाह नियाजी ने 59 गेंदों में सात चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 61 रनों की मैच विजई पारी खेली। कप्तान महबूब खान और अजीजुल्लाह मिआखिल 11-11 रन बनाकर नाबाद रहे। नेपाल के लिए अभिषेक तिवारी ने दो विकेट लिए। विपिन शर्मा और चंदन राम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी नेपाल की पूरी टीम अफगानिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण के आगे 46-4 ओवरों में 124 के स्कोर पर सिमट गई।

दिलशाद ने टीम के लिए सर्वाधिक 32 रनों की पारी खेली। चंदन राम ने (27), अभिषेक तिवारी ने (20), रोशनी विशकर्मा ने 12 रनों का योगदान दिया। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सके। अफगानिस्तान के लिए जैतुल्लाह ने तीन विकेट लिए। नूरिस्तानी उमरजई, वहीदुल्लाह व अब्दुल अजीज को दो-दो विकेट मिले।

# कैरी का शतक, ऑस्ट्रेलिया 326/8



**एडिलेड, वार्ता।** एलेक्स कैरी (106) की शतकीय और उस्मान ख्वाजा (82) की अ(शतकीय पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे एशेज टेस्ट मैच के पहले दिन बुधवार को स्टंप्स के समय आठ विकेट पर 326 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली हैं। यहां ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 33 रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिए। जेक वेदरॉल्ड (18) और ट्रेविस डे (10) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद उस्मान ख्वाजा और मार्नस लाबुशेन की जोड़ी ने पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 61 रनों की साझेदारी हुई। 25वें ओवर में जोफ्रा आर्चर ने मार्नस लाबुशेन (19) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। इसी ओवर में उन्होंने कैमरन ग्रीन (शून्य) को भी अपना शिकार बना लिया। बल्लेबाजी करने आए एलेक्स कैरी ने उस्मान ख्वाजा के साथ जूझारु बल्लेबाजी का परिचय देते हुए पांचवें विकेट के लिए 91 रन जोड़े। 48वें ओवर में विल जैक्स ने शतक की ओर बढ़ रहे उस्मान ख्वाजा को आउटकर पवेलियन भेज दिया। उस्मान ख्वाजा ने 126 गेंदों में 10 चौके लगाते हुए 82 रनों की शानदार पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया का छठा विकेट जॉश इंग्लिस (32) के रूप में गिरा।

उन्हें जॉश टंग ने बोल्ड आउट किया। कप्तान पैट कमिस 13 रन बनाकर आउट हुए। इसी दौरान एलेक्स कैरी ने 73वें ओवर की पांचवीं गेंद पर तीन रन लेकर अपना शतक पूरा किया। उन्होंने अपना शतक बनाने के लिए आठ चौके और एक छक्का लगाया। दिन का आखिरी विकेट एलेक्स केरी के रूप में गिरा उन्हें विल जैक्स ने आउट किया। कैरी ने 148 गेंदों में आठ चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 106 रनों की पारी खेली।

# पाक के खिलाड़ी पूरा बीबीएल खेलेंगे: सीए



● **सीए ने टी-20 विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के टी-20 दौरे की योजनाओं को अंतिम रूप देने के लिए पाक एक टीम भेजी है**

**सिडनी, वार्ता।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के मुख्य कार्यकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने कहा है कि पाकिस्तान के खिलाड़ी बिग बैश लीग (बीबीएल) का पूरा टूर्नामेंट खेलेंगे।

ग्रीनबर्ग ने कहा है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) को आश्वासन दिया गया है कि जनवरी में श्रीलंका के तय अंतर्राष्ट्रीय टी-20आई दौरे के बावजूद बीबीएल में पाकिस्तानी खिलाड़ी पूरा टूर्नामेंट खेलेंगे। सीए ने टी-20 विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के टी-20 दौरे की योजनाओं को अंतिम रूप देने के लिए पाकिस्तान में एक टीम भेजी है। टॉड ग्रीनबर्ग ने यह यह भी बताया कि मैके और डार्विन ऑस्ट्रेलिया की सर्दियों में बंगलादेश के खिलाफ टेस्ट मैचों की मेजबानी करेंगे और तारीखों की घोषणा जनवरी में की जाएगी। चिंता थी कि बीबीएल में खेलने वाले पाकिस्तानी खिलाड़ियों के ग्रुप, जिसमें बाबर आजम, शाहीन शाह अफरीदी, मोहम्मद रिजवान, शादाब खान, हारिस रऊफ और हसन अली शामिल हैं, उन्हें जनवरी की शुरुआत में श्रीलंका में एक छोटी टी-20 सीरीज खेलने के लिए वापस बुलाया जा सकता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड(पीसीबी) ने हाल ही में इसकी घोषणा की थी।

एडिलेड ओवल में तीसरे एशेज टेस्ट की सुबह पत्रकारों के एक ग्रुप के साथ लंबी बात. चीत में ग्रीनबर्ग ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि खिलाड़ी बीबीएल में बने रहेंगे। ग्रीनबर्ग ने कहा कि हमें बताया गया है कि अगर उन्होंने बीबीएल के लिए साइन किया है, तो वे पूरा बीबीएल खेलेंगे। टी-20 विश्वकप से पहले पाकिस्तान के ऑस्ट्रेलिया दौरे की तारीखों की घोषणा अभी नहीं की गई है, लेकिन ग्रीनबर्ग ने कहा कि यह दौरा होगा, और सीए और ऑस्ट्रेलियन क्रिकेटर्स एसोसिएशन ने दौरे से पहले सुरक्षा जांच के लिए देश में प्रतिनिधि भेजे हैं। उन्होंने कहा कि हमने अभी फरवरी में होने वाले अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैचों के लिए प्री-टूर करने के लिए कुछ लोगों को पाकिस्तान भेजा है। हम एशेज सीरीज के बाद खिलाड़ियों से बात करेंगे और उन्हें समझाएंगे कि सिक्योरिटी के साथ यह कैसे काम करेगा।

# हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर मुरादाबाद में दिखा बंद का असर, अधिवक्ताओं का जोरदार प्रदर्शन









**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट की बेंच की स्थापना की मांग को लेकर दिए गए बंद के आह्वान का मुरादाबाद में व्यापक असर देखने को मिला। शहर के मुख्य बाजार पूरी तरह बंद रहे और सड़कों पर अधिवक्ताओं की भारी भीड़ नजर आई। इस दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में रहा और प्रमुख चौराहों व बाजारों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था तैनात की गई।सुबह से ही हजारों की संख्या में अधिवक्ता जीआईसी चौराहे पर एकत्रित हुए। यहां से उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हाई कोर्ट बेंच की मांग को लेकर मार्च निकाला। यह मार्च शहर के प्रमुख बाजारों से होते हुए कचहरी परिसर तक पहुंचा। प्रदर्शन के चलते दुकानें, प्रतिष्ठान और व्यावसायिक गतिविधियां पूरी तरह ठप रहीं, जिससे आम जनजीवन भी प्रभावित हुआ। दरअसल, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बीते करीब 50 वर्षों से हाई कोर्ट बेंच की मांग की जा रही है। क्षेत्र के 22 जिलों में इस मांग को लेकर बंद का आह्वान किया गया था, जिसे बार एसोसिएशन के साथ-साथ विभिन्न राजनीतिक दलों का भी समर्थन मिला। अधिवक्ताओं का कहना है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की बड़ी आबादी को न्याय पाने के लिए लंबी दूरी तय कर प्रयागराज जाना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की भारी बर्बादी होती है। प्रदर्शन के दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता ने कहा कि यह आंदोलन किसी राजनीतिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि न्याय की मांग के लिए है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जनता लंबे समय से न्याय से वंचित है और हाई कोर्ट की बेंच स्थापित करना समय की मांग है। सरकार को इस गंभीर मुद्दे पर तत्काल निर्णय लेना चाहिए ताकि आम लोगों को सस्ता, सुलभ और समयबद्ध न्याय मिल सके। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने हाई कोर्ट बेंच की मांग पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो यह आंदोलन और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता को यह जानने का अधिकार है कि सरकार न्याय देना चाहती है या नहीं। इस बंद और प्रदर्शन के माध्यम से सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाने का प्रयास किया गया है। इस मौके पर आदेश श्रीवास्तव, आशुतोष त्यागी, इंतेजार नवाज, यासीन मलिक, तुषार, संजीव कुमर, रामेश आर्य, संजीव कुमार, लईक अहमद, पारूल अग्रवाल (जैन) आदीश कुमार जैन, मुकेश वर्मा, मौहम्मद सालिम, नासिर अली, विपिन कुमार प्रजापति, शमीम सैफी, जयचन्द्र, रईस अहमद, शाने आलम, इमरान अहमद सहित हजारों की संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर बार एसो. के बंद का राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने दिया समर्थन

**मुरादाबाद (शाह टाइम्स ब्यूरो)।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की मांग को लेकर बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी मुरादाबाद के बंद का नैतिक समर्थन दिया है। परिषद के पदाधिकारियों ने जिला चिकित्सालय में सांकेतिक प्रदर्शन कर अपनी मांगों को उठाया।परिषद के कोषाध्यक्ष हेमन्त चौधरी ने कहा कि प्रत्येक कर्मचारी को



समयबद्ध, सस्ता और सुलभ न्याय चाहिए, इसलिए पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच का होना नितांत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट की दूरी 700 किलोमीटर होने के कारण कर्मचारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। चौधरी ने कहा कि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद मुरादाबाद ने बंद का समर्थन करते हुए मांग की है कि पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना जल्द से जल्द की जाए। प्रदर्शन में पूनम मैसी, निश्चल भटनागर, पी पी सिंह, दीपक चौहान, राजेश पाठक, पंकज पाण्डेय, अरविन्द कुमार, देव सिंह, सुदामा आदि उपस्थित रहे।

# सस्ता और सुलभ न्याय के लिए पश्चिम (उ. प्र.) हाईकोर्ट बैंच लेकर रहेंगे : जयवीर सिंह यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** समाजवादी पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता आज सुबह से ही पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव के नेतृत्व एकत्र हुये जनपद में बुधवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर पार्टी कार्यालय से बाजार बंद कराते राजकीय इंटर कॉलीज चौराहे पर पहुंचे यहाँ अधिवक्ताओं के साथ सपाइयों ने जोरदार प्रदर्शन किया। वकीलों को फूल मलाएं पहनाई और उनके साथ सड़कों पर उतरते हुए व्यापारियों के सहयोग से बाजार बंद कराया, अधिवक्ताओं ने सभी दलों समाजिक संगठनों एवं व्यापारियों के साथ मिलकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान अधिकांश बाजारों की दुकानों पर ताले लटके नजर आए। अधिवक्ताओं हाईकोर्ट बेंच की मांग एवं बाजार बंद नारेबाजी करता जुलुस राजकीय कॉलीज से फैज गंज,मंडी चौक,अमरोहा गेट, चौमूखा पुल, टाउन हॉल, बाजार गंज, चौराहा गुरुहट्टी,कोर्ट रोड होता हुआ कचहरी पहुँचकर जिलाधिकारी महोदय को ज्ञापन सौंपा।




इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की मांग केवल अधिवक्ताओं की नहीं, बल्कि आम जनता की आवश्यकता बन चुकी है। उन्होंने कहा कि व्यापारी, किसान, मजदूर और आम नागरिक सभी एकजुट होकर इस मांग के समर्थन में खड़े हैं।उन्होंने बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 22 जिलों की आबादी लगभग 25 करोड़ है, लेकिन इसके बावजूद यहां हाईकोर्ट की बेंच नहीं है। लोगों को न्याय के लिए लगभग 700 किलोमीटर दूर प्रयागराज जाना पड़ता है इसलिए यह मांग न्यायोचित है हम इसका पुरजोर समर्थन करते हैं। जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव जिला महासचिव फुरकान अली, पूर्व प्रत्याशी लाखन सिंह सैनी, जिला उपाध्यक्ष वेदप्रकाश सैनी, वसीम कुरैशी,जिला प्रवक्ता धर्मेन्द्र यादव प्रदेश सचिव जय पाल सैनी, जहाँनउल्ला खान,सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव,प्रेमबाबू बाल्मीकि, दिव्यांशु सागर,सरदार सिंह पाल,बालकिशन शर्मा, फाजील मलिक,सुरेन्द्र शर्मा,मुनाफ अली आदि प्रमुख थे।

# पश्चिम उ. प्र. में हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर वकीलों ने रखी हड़ताल, लेकिन बाजार बन्दी रही बेअसर



**कांठ (शाह टाइम्स)** तहसील कांठ में भी वकीलों ने कलम बंद हड़ताल रखी और बिस्तर नहीं खोले लेकिन बाजार बंदी पूरी तरह बेअसर रही। बतादे की हाई कोर्ट जाने के लिए पश्चिम यूपी क्षेत्र के लोगों को काफी लंबी दूरी तय करनी पड़ती है जिसकी वजह से उन्हें सस्ता और सुलभ न्याय नहीं मिल पाता है।

इस समस्या के समाधान को लेकर संघर्ष समिति काफी वर्षों से पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेंच स्थापित करने की मांग करती रही है इसके लिए बार-बार आंदोलन किए जाते रहे हैं और प्रदर्शन कर ज्ञापन के माध्यम से सरकारों से बेंच स्थापित करने की मांग की जाती रही है इसी तरह के संघर्ष समिति के आह्वान पर आज भी अधिवक्ताओं ने तहसील में प्रदर्शन करते हुए हाईकोर्ट बैंच स्थापित कराई जाने की मांग उठाई और मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन एसडीएम को सौप कर कहा गया कि संघर्ष समिति की काफी लंबी समय से चली रही मांग को अब भाजपा की सरकार पूरा करने का काम करें। इसे लेकर आज वकीलों ने अपने चेंबर भी नहीं खोले और किसी भी तरह का कोई कार्य नहीं किया गया मगर जानकारी मिल रही थी कि व्यापार संघ ने भी इस हड़ताल को अपना समर्थन देते हुए बाजार बंद रखने का ऐलान किया था लेकिन ना तो इस प्रदर्शन में व्यापारी शामिल हुए और ना ही किसी प्रकार की बाजार बंदी की गई बाजार रोजाना की तरह ही पूरी तरह से खुला रहा हालांकि इस हड़ताल को लेकर पुलिस जरूर अलर्ट मोड पर रही कुल मिलाकर आज का प्रदर्शन शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। इस मौके पर तहसील बार के अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रमोद शर्मा डॉक्टर विनीत नैन शहाबुद्दीन चरन सिंह महावीर सिंह प्रेम सिंह कपिल कुमार नितिन कुमार करतार सिंह मोहम्मद अयूब चंद्रपाल सिंह शुगम पवार चरन सिंह ढाका दीपक बिश्नोई भूप्रकाश सिंह संजीव कुमार लक्ष्मण सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने बंद का समर्थन करते हुए जिला चिकित्सालय में किया सांकेतिक प्रदर्शन



**मुरादाबाद।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद द्वारा बुधवार को बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के आह्वान पर पश्चिम उत्तर प्रदेश बंद को नैतिक समर्थन दिया गया। इस अवसर पर परिषद के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने जिला चिकित्सालय परिसर में सांकेतिक प्रदर्शन कर अपनी मांगों को मजबूती से उठाया।प्रदर्शन के दौरान राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के कोषाध्यक्ष हेमन्त चौधरी ने कहा कि प्रत्येक कर्मचारी को समयबद्ध, सस्ता सुलभ न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की बेंच का होना नितांत आवश्यक है। वर्तमान में कर्मचारियों को विभागीय अथवा व्यक्तिगत मामलों के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट जाना पड़ता है, जिसकी दूरी लगभग 700 किलोमीटर है।

इतनी लंबी दूरी तय करने में कर्मचारियों को समय, धन और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ता है, जिससे उनके कार्य और पारिवारिक जीवन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।हेमन्त चौधरी ने कहा कि कई बार कर्मचारियों को एक सप्ताह या उससे अधिक समय तक इलाहाबाद में रुकना पड़ता है, जिससे कार्यालयीन कार्य प्रभावित होते हैं। यदि पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की बेंच स्थापित होती है तो न केवल कर्मचारियों को राहत मिलेगी, बल्कि आम जनता को भी न्याय सुलभ हो सकेगा। इसी जनहित और कर्मचारी हित को देखते हुए राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद मुरादाबाद ने पश्चिम उत्तर प्रदेश बंद को अपना नैतिक समर्थन दिया है।सांकेतिक प्रदर्शन में पूनम मैसी, निश्चल भटनागर, पी.पी. सिंह, दीपक चौहान, राजेश पाठक, पंकज पाण्डेय, अरविन्द कुमार, देव सिंह, भानु प्रताप सिंह, सुदामा सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की मांग को जायज बताते हुए सरकार से शीघ्र निर्णय लेने की अपील की।

# पुलिस मुठभेड़ में चोरी की कार के साथ वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**चन्दौसी।** कोतवाली चन्दौसी क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ के दौरान एक शातिर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। मुठभेड़ में अभियुक्त के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जिसे उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार के कुशल निर्देशन में कोतवाली चन्दौसी पुलिस आटा मॉल के सामने सैनिक चौराहा से कैथल जाने वाले रास्ते पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस की घेराबंदी से घबराकर अभियुक्त ने भागने का प्रयास किया और पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में की गई जवाबी फायरिंग में अभियुक्त आक. श बाबू के पैर में गोली लग गई। घायल अभियुक्त की पहचान आक. श बाबू पुत्र विजयपाल, निवासी मोहल्ला न्याय खंड-03, मकान संख्या 848, इन्द्रापुरम थाना इन्द्रापुरम जनपद गाजियाबाद के रूप में हुई है। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की एक स्विफ्ट डिजायर कार संख्या यूपी 16 बीक्यू 8903, 15-20 विभिन्न प्रकार की चाबियां/मास्टर की, एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक खोखा कारतूस एवं तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार अभियुक्त द्वारा उक्त स्विफ्ट डिजायर कार की चोरी की गई थी, जिसके संबंध में थाना सम्भल पर मु0अ0सं0 283/2025 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत था। अभियुक्त घटना के बाद से वांछित/फरार चल रहा था। पुलिस मुठभेड़ की सूचना पर क्षेत्राधिकारी चन्दौसी मनोज कुमार व इंस्पेक्टर अनुज कुमार तोमर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना चन्दौसी पर विधिक कार्रवाई की जा रही है। अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की जानकारी भी जुटाई जा रही है। इस कार्रवाई में इंस्पेक्टर चन्दौसी अनुज कुमार तोमर अपनी टीम के साथ, सर्विलांस टीम एवं स्वाट टीम शामिल रही।





## विजय दिवस: एनसीसी कैडेट्स ने मनाया 1971 के युद्ध की जीत का जश्न

**मुरादाबाद।** 23 यूपी बटालियन एनसीसी की सब यूनिट महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में विजय दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मेजर राजीव ढल ने बताया कि 16 दिसंबर 1971 को पाकिस्तान के 93000 सैनिकों ने भारतीय सेना के आगे आत्म समर्पण कर दिया था, जो दुनिया का सबसे बड़ा सैन्य आत्मसमर्पण था।मेजर राजीव ढल ने बताया कि 1971 के युद्ध में भारतीय सेना ने पाकिस्तान को हराया और बांग्लादेश को स्वतंत्र देश बनाया। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स को भारतीय सेना के गौरवशाली इतिहास के बारे में बताया और कहा कि भारतीय सेना ने अदमय साहस का परिचय देते हुए पाकिस्तान सेना के दांत खट्टे कर दिए।इस मौके पर हवल6दार रंजीत सिंह ने भारतीय सेना की गौरव गाथा एनसीसी कैडेट्स को बताई और कहा कि हाई एल्टीट्यूड पर जहां ऑक्सीजन की काफी कमी रहती है, हमारी सेवा लगातार डटी रहती है। सभी कैडेट ने अपने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए।कार्यक्रम के अंत में 1971 युद्ध में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों को एनसीसी कैडेट्स द्वारा नमन किया गया और उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर मेजर राजीव ढल, हवलदार रंजीत सिंह, कार्तिक अग्रवाल, शिवा, हमजा वारसी, कृष्णा शर्मा, करीना सहित बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट उपस्थित रहे।



## अग्रवाल सभा ने मीडिया कर्मियों को किया सम्मानित

**चन्दौसी।** अग्रवाल सभा चन्दौसी द्वारा कैंप कार्यालय स्थित पट्टी बाजार में अग्रकुल शिरोमणि महाराज अग्रसेन के 5149वें जन्मोत्सव के अवसर पर मीडियाकर्मियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में सभा अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल गोगी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए अग्रवाल सभा द्वारा गत वर्षो में किए गए सामाजिक कार्यों पर प्रकाश डालते हुए विस्तार से बताया कि अग्रवाल सभा समाज के सहयोग से जरूरतमंद परिवार को समय-समय पर आर्थिक सहयोग करती है। जिसमें कन्याओं के विवाह, बच्चों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी आदि सहयोग शामिल है। इस दौरान जीवेन्द्र अग्रवाल, विनय अग्रवाल मोनू, सीए अंकुर अग्रवाल, मुदित गर्ग, शुभम अग्रवाल, शिखर गोयल आदि रहे।

## विधिक जागरूकता को लेकर शिविर में दी गई जानकारी

**बिलारी।** बिचोला कुंदरकी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें भारी तादात में ग्रामीण मौजूद रहे। इस बीच ग्रामीणों को अनेकों कानून के बारे में जानकारी दी गई। बुधवार को लगे शिविर में ग्रामीणों को पास्को एक्ट, श्रमिकों के अधिकारों के संबंध में जागरूकता आदि के बारे में जानकारी दी गई। इस बीच अनेकों कानून बताए गए।साथ ही श्रमिकों के अधिकार भी बताए। ग्रामीणों को बताया कि सरकार द्वारा जारी सहायता नंबर के जरिए आप त्वरित सहायता पा सकते हैं। इसके अलावा महिलाओं को पास्को एक्ट आदि के बारे में भी जानकारी दी गई और महिला संबंधी अधिकार भी गिनाए। इस मौके पर कानूनी सहायता समिति सदस्य आफाक हुसैन एडवोकेट ने अनेकों कानून भी बताए। वह निशुल्क कानूनी सहायता भी प्राप्त कर सकते हैं। इस मौके पर नायब तहसीलदार, प्राविधिक स्वयंसेवक रिंकी, स्वयंसेवक अदनान हुसैन, लेखपाल नाजिया सुल्तान, आशिया जहां, ग्राम प्रधान माजिद हुसैन आदि सहित अनेको मौजूद रहे।

## पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र ने की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** बुधवार को पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक चन्दौसी परामर्श केंद्र प्रभारी डा0 रुकमपाल सिंह की देखरेख में गौशाला रोड स्थित पिंक चौकी चंदौसी में संपन्न हुई जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास काउंसलर द्वारा किया गया जहां कुल 15 पत्रावली सुनकर 06 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया तो वहीं 01 परिवार को मिलाया गया। साथ ही 03 पत्रावली पर आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद किया गया तथा दो पत्रावली पर विधिक कार्यवाही की संतुति की गई। इस अवसर पर काउंसलर श्वेता गुप्ता, हेड कांस्टेबल मनोहर सिंह, रुचि, सुधारानी आदि लोग उपस्थित रहे।

# क्षेत्राधिकारी ने किया थाने का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगतपुर।** बुधवार को क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा आशीष कुमार ने थाने का निरीक्षण कर एक गोष्ठी का आयोजन किया ।

जिसमें क्षेत्रीय ग्राम प्रधान एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। गोष्ठी दौरान क्षेत्राधिकारी ने बताया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम सुरक्षा समिति गठित है जो कि अपने गांव में प्रत्येक संदिग्ध गति विधि पर नजर रखे।वही ग्राम प्रधानों व्यक्तयो को समझाया कि गांव के छोटे मोटे मामले पंचायत स्तर पर समाधान कराये जाये।वही कोहरे का समय है सभी किसान भाई अपने ट्राली पर रिफ्लेक्टर लगवाये एवं अपने वाहन सावधानी से चलाएं कम उम्र के बच्चों को वाहन न चलाने दे वहीं क्षेत्र से आये व्यक्तियों से उनकी समस्याओं के बारे जानकारी जुटाई।

भगतपुर थाने के रखरखाव रजिस्टर व थाने में हथियारों की जांच की बही पुलिस को रात्रि गस्त बढ़ाने के निर्देश दिये।साथ की चौकीदारों को रात्रि गस्त हेतु सीटी,डंडा एवं टार्च का वितरण किया। गोष्ठी के दौरान थानाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह,चौकी नेपा इंचार्ज अरुण कुमार वर्मा,चौकी मानपुर इंचार्ज जयवीर सिंह के साथ थाने का समस्त पुलिस स्टाफ एवं क्षेत्र से आये गणमान्य व्यक्ति एवं ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।



शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 18 दिसम्बर 2025

# दिल्ली में प्रदूषण

सरकार की तमाम कोशिशों के बावजूद दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण का संकट कम होने का नाम नहीं ले रहा है। हालात इस समय इतने गंभीर हो चले हैं कि सुप्रीम कोर्ट को भी दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण संकट पर आई याचिकाओं पर सुनवाई करनी पड़ रही है। बुधवार को सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण पर कई अहम सुझाव दिए। उसने एनएचएआई और एमसीडी को दिल्ली की सीमाओं पर बने 9 टोल प्लाजा को स्थायी रूप से बंद करने या स्थानांतरित करने पर विचार करने को कहा। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति बागची और न्यायमूर्ति पांचोली की पीठ ने दिल्ली सरकार की एक याचिका पर एक महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण दिया। जिसमें दिल्ली में केवल ऐसे वाहनों को चलने की अनुमति देने की बात कही, जो बीएस 4 उत्सर्जन मानक या उससे ऊपर की श्रेणी की हों। इसका मतलब है कि न्यायालय अब इस निर्णय के बाद अधिकारी उन पुराने वाहनों के खिलाफ कार्रवाई कर सकेंगे जो बीएस 4 मानकों को पूरा नहीं करते हैं। इस तरह न्यायालय ने अपने ही पुराने आदेश में संशोधन किया है जो उसने 12 अगस्त को दिया था। तब उसने राजधानी क्षेत्र में दस साल से अधिक पुराने डीजल वाहनों और 15 साल से अधिक पुराने पेट्रोल वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने पर रोक लगा दी थी। कोर्ट के इसी फैसले से संशोधन के लिए दिल्ली सरकार ने एक याचिका दायर की थी, जिसमें पुराने वाहनों पर कार्रवाई की अनुमति मांगी गई थी। पीठ का यह कहना बिल्कुल सही है कि केवल प्रोटोकॉल तैयार करने के बजाए मौजूदा उपायों को ढंग से लागू करने की जरूरत है, क्योंकि इन प्रोटोकॉल का ढंग से पालन नहीं किया जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने मजदूरों की भी सुध लेते हुए दिल्ली सरकार को प्रतिबंधों के कारण बेकार बैठे निर्माण श्रमिकों की जांच करने और उनके खातों में पैसे भेजने का निर्देश दिया। इतना ही नहीं कोर्ट का यह भी कहना था कि प्रतिबंधों के कारण बेकार बैठे निर्माण श्रमिकों को वैकल्पिक काम उपलब्ध कराने पर विचार करना चाहिए। इस पर दिल्ली सरकार ने अपनी सफाई भी दी और कहा कि ढाई लाख निर्माण श्रमिकों में से 7 हजार का सत्यापन हो चुका है और उनके खातों में धनराशि हस्तांतरित कर दी जाएगी। हालांकि वहीं सुप्रीम कोर्ट ने एक छोटी सी नसीहत भी दे डाली और कहा कि श्रमिकों के खातों में भेजा गया पैसा गायब नहीं होना चाहिए। न किसी अन्य खाते में चले जाना चाहिए। टोल प्लाजाओं पर जाम को लेकर दिल्ली सरकार सख्त के साथ-साथ नाराज भी दिखी और कहा कि कल को दिल्ली सरकार कनॉट पैलेस में टोल प्लाजा बना देगी, क्योंकि उसे पैसे चाहिएं। सीजेआई ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार को 9 टोल प्लाजा कुछ समय के लिए बंद किए जाने पर विचार किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर यह साबित किया है कि सरकार से ज्यादा उसे आम आदमी के हितों की चिंता है।

## राजनीतिक प्रतिशोध के चलते कार्यवाही



गांधी परिवार के सामने जो कानूनी चुनौतियां पेश की जा रही हैं, उनमें कोई दम नहीं है और वे विशेष रूप से राजनीतिक विरोधियों को परेशान करने के लिए बनाई गई हैं, कार्यवाही के शुरुआती चरणों में प्राथमिकी का न होना यह साबित करता है कि आरोप पूरी तरह बेबुनियाद है, केन्द्र सरकार यह सब राजनीतिक प्रतिशोध के लिए कर रही है, चल रही कानूनी कार्यवाही सुनियोजित राजनीतिक प्रतिशोध है, यह केस सिर्फ गांधी परिवार को परेशान करने के लिए है, इस मामले में कोई प्राथमिकी नहीं है। हमारा नारा सत्यमेव जयते है और हम इस मामले में आए फैसले का स्वागत करते हैं, ईडी ने औपचारिक प्राथमिकी के बजाय निजी शिकायतों के आधार पर जांच शुरू की थी।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

# तो क्या सांप्रदायिक घटनाओं के बीच होगा नेपाल में चुनाव






यशोदा श्रीवास्तव

नेपाल में जिस तेजी से हिंदू वादी संगठनों की सक्रियता बढ़ रही है उससे ऐसा लगता है कि या तो मार्च में होने वाला चुनाव स्थगित हो जाए या फिर आतंकवाद के साए में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हो। चुनाव की तैयारी में जुटे राजनीतिक दलों ने ऐसी आशंका जताई है। प्रतिनिधि सभा के निवर्तमान एमाले सांसद मंगल प्रसाद गुप्ता की मानें तो नेपाल में राज संस्था के पक्ष में माहौल बनाने में हिंदू वादी संगठन तेजी से सक्रीय हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यद्यपि यह आसान नहीं है और न ही संभव लेकिन इन संगठनों का आंदोलन यदि तेज हुआ तो मार्च में होने वाला चुनाव जरूर बाधित हो सकता है। बता दें कि नेपाल की अंतरिम सरकार ने सत्ता संभालते ही मार्च में चुनाव कराकर चुनी हुई सरकार को सत्ता सौंप देने का वादा किया था। अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की अपने वादे पर कायम रहते हुए चुनाव की तैयारी हेतु लगातार चुनाव आयोग के अधिकारियों के साथ बैठकें करने में व्यस्त हैं। इसी के साथ नेपाल के राजनीतिक दलों की भी सक्रीयता बढ़ी है। कम्युनिस्ट दलों ने आपस में विचार-विमर्श कर एक मंच पर आने की पहल भी शुरू कर दी है। पूर्व प्रधान मंत्री केपी शर्मा ओली ने चुनाव बहिष्कार का फैसला किया था, लेकिन अब वे भी तैयार हो गए हैं। हाल ही अप्रत्यक्ष रूप से उन्होंने भारत पर निशाना साधकर स्पष्ट कर दिया है कि उनके चुनाव का मुख्य एजेंडा भारत विरोध ही रहेगा। ओली यदि अपने इसी रुख पर अड़े रहे तो उनका प्रचंड के साथ तालमेल शायद संभव न हो। प्रचंड भारत से किसी विवाद का हल बातचीत से चाहते हैं न कि बयानबाजी से। जेन जी आंदोलन के दौरान सभी दलों के शीर्ष नेता अपमानित हुए हैं। किसी को सरेआम मारा पीटा गया तो किसी का घर जला कर राख कर दिया गया। इसके बाद बड़े दलों ने एकजुटता की जरूरत महसूस की। कम्युनिस्ट दलें जहां एक मंच पर आने का संकेत दिया वहीं नेपाली कांग्रेस भी छोटे छोटे दलों के साथ एक अलग मंच बनाने में दिलचस्पी दिखाई। फिलहाल अभी न तो प्रचंड,ओली के एक मंच पर आने की तस्वीर साफ हुई है और न ही नेपाली कांग्रेस के साथ छोटे दलों की ही तस्वीर साफ हुई है लेकिन इसे लेकर कयासबाजी का दौर जारी है। मार्च में संभावित चुनाव के पहले नेपाल के विभिन्न इलाकों से सांप्रदायिक घटनाओं ने नेपाल के अंतरिम सरकार की चिंता बढ़ा दी है। इस बार राजा वादी शक्तियां हिंदुत्व और राज संस्था कि बहाली के लिए आर-पार की जंग की तैयारी में हैं। नेपाल के विभिन्न क्षेत्रों में हाल की सांप्रदायिक घटनाओं पर गौर करें तो कार्की सरकार की तरफ से इसे रोकने का कोई प्रयास सामने नहीं आया। चुनाव की तैयारी में सक्रिय नेपाल के राजनीतिक दलों में इस बात को लेकर चिंता है कि जेन जी आंदोलन की भांति यह चुनाव भी कहीं हिंदूवादी संगठनों के उग्र आंदोलन की भेंट न चढ़ जाए? पिछले दिनों मधेश प्रदेश सरकार के मदरसा विल मंजूर करने को लेकर हिन्दू संगठनों ने जिस तरह उग्र विरोध किया उससे यह संकेत मिलता है कि चुनाव नजदीक आते ही इस तरह के आंदोलन और तेज होंगे। मधेश प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री सरोज कुमार ने सदन में इस विल को ऐसे समय मंजूरी दी जब वे खुद ही सदन में विश्वासमत हासिल करने में विफल हो गए थे।

हिंदू वादी संगठन इसे मधेश में मुस्लिमों को बढ़ावा देने वाला कदम बताया। प्रदेश सभा में मदरसा विल पारित करने की घोषणा के बाद जनकपुर धाम सहित पूरे मधेश प्रदेश में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। विश्व हिन्दू परिषद नेपाल, नेपाल हिन्दू स्वयंसेवक संघ, नेपाल हिन्दू सेना सहित कई हिंदू संगठनों ने जगह जगह टायर जलाकर प्रदर्शन किया तथा मुख्यमंत्री का पुतला फूंका। एकाध जगह प्रदर्शनकारियों तथा पुलिस के बीच झड़प भी हुई । हिन्दू संगठनों का मानना है कि पूरे नेपाल में 90 प्रतिशत हिन्दू आबादी हैं। हिन्दू गुरुकुल के लिए सरकार कुछ नहीं करती, वहीं मदरसों को आधुनिक भवन, मौलवियों को सरकारी शिक्षक की तरह वेतन और उसमें पढ़ने वाले मुस्लिम छात्रों को सरकार की ओर से भोजन आदि की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मधेश क्षेत्र में मदरसा विल के बहाने हिंदू संगठनों का प्रदर्शन लगातार चल रहा है। नेपाल में इन दिनों हिंदू सम्राट सेना नामक नया हिंदू संगठन तेजी से पांव पसार रहा है।

पिछले दिनों इस संगठन ने भी मुस्लिम आयोग खारिज करने की मांग को लेकर कई जिलों में जबर्दस्त प्रदर्शन किया। यह संगठन हिंदू राष्ट्र और राज संस्था की भी मांग कर रहा है। हिंदू सम्राट सेना ने नेपाल को रोहिंग्या से भी खतरा बताया है। यह संगठन नेपाल में रोहिंग्या की गहन खोज के साथ उन्हें बाहर निकालने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहा है। हिंदू सम्राट सेना के केंद्रीय उपाध्यक्ष कृष्ण सनातनी के नेतृत्व में नेपाल के विभिन्न जिलों में हिंदू हितों की मांग को लेकर आंदोलन की रूपरेखा तय की गई है। नेपाल के तराई में सक्रिय एक हिंदू नेता ने बताया कि आगामी मार्च में होने वाले प्रतिनिधि सभा के चुनाव तक नेपाल के कोने कोने तक हिंदुत्व की अलख जगाने की योजना पर तेजी से काम हो रहा है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में नेपाल के समस्त हिन्दू संगठन एक मंच पर आकर मुस्लिम विरोधी मुहिम को और धार देंगे ताकि नेपाल का 90 प्रतिशत हिंदू एक होकर राज संस्था के समर्थन में खड़ा हो। इधर नेपाल में तेजी से फैल रहे सांप्रदायिक घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए नेपाल मदरसा संघ के उपाध्यक्ष मौलाना मशहूद खां नेपाली ने कहा कि दुनिया में नेपाल सदैव गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल रहा है। दशकों तक हम राजशाही के अधीन रहे हैं। यहां के मुसलमानों को न तब दिक्कत थी और न आज ही है लेकिन इधर नेपाल में जिस तरह हिंदू संगठनों की सक्रियता बढ़ी है तथा उनके उग्र आंदोलनों को सरकारी शह मिल रहा है, उससे ऐसा लगता है कि हिमालय जैसे शांत इस नन्हें राष्ट्र में भी सांप्रदायिकता का जहर घोलने वाली शक्तियां तेजी से पांव फैला रही है। ए जहरीली शक्तियां अपने मकसद में कामयाब हो गई तो नेपाल और यहां के जनमानस चाहे वह हिंदू मुस्लिम हों या पहाड़ी मधेश हों, किसी के लिए भी ठीक नहीं है। कार्की सरकार को इसे हर हाल रोकना होगा वरना मार्च में होने वाले प्रतिनिधि सभा के चुनाव में ग्रहण लगना तय है।

# सर्दियों में रूखे हाथों की ऐसे करें देखभाल

**स्नान से पहले हाथों पर गुनगुना तेल लगाकर हाथों पर अच्छी तरह मालिश कीजिए जिससे हाथों की त्वचा मुलायमध्कोमल हो जाती है। इसके लिए आप नॉरियल तेल तिल जैतून या बादाम तेल का उपयोग करे तो ज्यादा बेहतर होगा। नहाने के तत्काल बाद जब आपकी त्वचा गीली हो तो हाथों पर मॉइस्चराइजर क्रीम लगा लीजिए जिससे त्वचा में नमी को बनाए रखने में मदद मिलेगी, बादाम, दही और चुटकी भर हल्दी डालकर बने मिश्रण को हाथों पर लगाकर 30 मिनट बाद हाथों को ताजे ठंडे पानी से धो डालिए। इस प्रक्रिया को आप हफ्ते में दो बार अपना सकते हैं। रात्रि को सोने से पहले हाथों पर पौष्क क्रीम की हल्के मालिश करने के बाद सो जाइए। हाथों की त्वचा को मुलायम बनाए रखने के लिए आप कुछ घरेलू हर्बल प्रसाधनों की मदद भी ले सकती है।**



शहनाज हुसैन

मौसम कोई भी हो लेकिन हाथ दिन रात लगातार काम करते हैं हाथों की त्वचा मौसम की मार ,धूल, साबुन, पानी को लगातार सहते हुए रूखी और बेजान हो जाती है और सर्दियों में यह समस्या सबसे ज्यादा गंभीर रूप धारण कर लेती है गृहणी और कामकाजी दोनों महिलाओं के हाथ दैनिक दिनचर्या के दौरान बार बार साबुन और डिटर्जेंट के सम्पर्क में आते हैं आजकल कोरोना काल में बार-बार सैनीटाइजर के सम्पर्क में आने से हाथों को दोहरा नुकसान झेलना पड़ रहा है जिसकी बजह से हाथों की त्वचा रूखी और बेजान हो जाती है।

सर्दियां शुरू हो चुकी हैं और तापमान अपने न्युनतम स्तर पर जा रहा है। सर्दियों में हम जहां शरीर के बाकि हिसों को ढक कर रखते हैं तथा गर्म कपड़े, स्वेटर, शाल आदि ओढ़ लेते हैं, लेकिन हमारे हाथ लगातार मौसम की मार झेलते हैं जिससे हमारे हाथ लाल, खुरदरे, सूखे, बेजान और मुरझाए दिखने लगते हैं। आप चाहे कामकाजी महिला हों या होम मेकर, आपके हाथ हर मौसम में सबसे ज्यादा खुले रहते हैं जिससे अन्य अंगों की बजाय हाथ सबसे ज्यादा सूखे होते हैं। सर्दियों में बाताबरण में नमी और बर्फीली हवाओं से आप के हाथ शुष्क और खुरदरे हो जाते हैं ध्वातावरण में अचानक बदलाव से हाथों की त्वचा प्रभावित होती हैं। सर्द ऋतु की तेज बर्फीली हवाओं से त्वचा शुष्क होने के साथ ही हाथों का फटना भी शुरू हो जाता है। ऐसे में सवाल उठता है की इस ठन्डे मौसम में हाथों कीबाहरी संवेदनशील त्वचा में जलन, खुजली, सूखापन, एक्जिमा, डर्मेटाइटिस आदि बीमारियों को कैसे रोका जाए, मेरा यह मानना है की साबुन, केमिकल, डिटर्जेंट और अलकोहल आधारित सैनी टाइजर का हाथों पर बार बार प्रयोग करने से हाथों की ऊपरी त्वचा में प्रोटीन को नुकसान पहुंचेगा, जिससे हाथ लाल, खुरदरे, सूखे, बेजान और मुरझाए दिखने लगते हैं। इनके ज्यादा प्रयोग से आपके हाथों में कट घाव लग सकते हैं जिससे बैक्टीरिया हमारी त्वचा में प्रवेश कर सकता है जिससे एक्जिमा जैसे रोग घर कर सकते हैं। आपके हाथों में झुनझुनी का अहसास हो सकता है और त्वचा फफोलेदार और पीड़ा दायक हो सकती है वास्तव में हाथों की पिछली ओर की त्वचा काफी पतली होती है तथा इसमें तैलीय ग्रन्थियों की कमी रहती है जिसकी वजह से हाथों में झुर्रियां पड़ जाती हैं। आजकल कोरोना काल में बार-बार साबुन सैनी टाइजर से हाथ धोने से नाखुन भी शुष्क होकर भुरभुरे हो जाते हैं तथा नीरस होकर आसानी से टूट जाते हैं। हमारे हाथों की बाहरी परत की त्वचा वॉटरप्रूफ बैरियर की तरह काम करती है । यह परत समतल कोशिकाओं से बनी होती है जोकि त्वचा की सामान्य नमी को बनाए रखते हुए त्वचा की बाहरी पदार्थों से रक्षा प्रदान करती है। जब हम हाथों को साबुन को झाग सैनी टाइजर से बार-बार धोते हैं तो यह प्रकृतिक बैरियर टूट जाता है तथा हाथों की त्वचा को नुकसान पहुंचना शुरू हो जाता है तथा ऐसे में हाथों की त्वचा की रक्षा करना अनिवार्य हो जाता है। सबसे पहले यह सुनिश्चित करें कि हाथ धोने के बाद उन्हें अच्छी तरह सूखने दें तथा हाथ सूखने के बाद ही हैंड क्रीम लगाएं। हाथों के अच्छी तरह सूखने से बैक्टीरिया और वायरस दोनों मर जाते हैं, जबकि गीली त्वचा से इनके फैलने का खतरा बढ़ जाता है। इसके इलाबा सिंगल यूज नैपकिन का प्रयोग करें क्योंकि एक ही कपड़े से बार-बार हाथ पोंछने से बैक्टीरिया के फैलने का खतरा बढ़ सकता हैं। हाथ सूखने के बाद त्वचा पर जैल या खुशबू रहित हैंड क्रीम उपयोग में लाएं या आप मॉइस्चराइजिंग मास्क भी अप्लाई कर सकते हैं सर्दियों में शावर जैल या ग्लिसरीन युक्त साबुन का प्रयोग बेहतर होगा। सबसे पहले सुबह के स्नान के समय हाथों को आयॅल तथा माईस्चराईज करने की शुरुआत करनी चाहिए। कच्चे दूध की मालिश हाथों को कोमल बनाए रखने में काफी मददगार साबित होती है कच्चे दूध को निकालकर फ्रिज में रख लीजिए और जब भी समय मिले तो हाथों पांवों पर मल कर धीरे धीरे मालिश करें ध्इससे त्वचा मुलायम होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# स्वतंत्र भारत के इतिहास में चुनाव आयोग की प्रतिष्ठा पर संकट






निर्मल रानी

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारतवर्ष में दुनिया की सबसे जटिल समझी जाने वाली चुनावी प्रक्रिया को अपनाने व इसे पूरा कराने को लेकर जिस केंद्रीय चुनाव आयोग की पीठ पूरी दुनिया थपथपाया करती थी व दुनिया के विभिन्न देशों के संसदीय प्रतिनिधिमंडल व चुनाव विशेषज्ञ जिस भारतीय चुनाव संचालन को देखने व समझने के लिए अब भी भारत आते रहते हैं वही चुनाव व चुनाव आयोग इन दिनों विपक्षी दलों के अति गंभीर आरोपों से जूझ रहा है। चुनाव आयोग व इस तरह के कई अन्य केंद्रीय संस्थानों पर सत्ता का पक्षपात करने के आरोप तो पहले भी लगते रहे हैं। परन्तु वर्तमान चुनाव आयोग जिसतरह सत्ता को फायदा पहुंचाने वाले नए नए चुनावी नियम बना रहा है,विपक्ष की प्रमाण सहित दी जाने वाली शिकयतों की अनसुनी कर रहा है,सत्ता द्वारा चुनाव आचार संहिता की धज्जियां उड़ाने के बावजूद आंखें मूंदे बैठा रहता है,और अब एस आई आर के बहाने कथित तौर पर जहां करोड़ों फर्जी मतों को जोड़ने की कोशिश की जा रही है वहीं संभावित रूप से विपक्ष की ओर जाने वाले मतों को चिन्हित कर उन्हें किसी न किसी बहाने से मतदाता सूची से काटने का काम किया जा रहा है। यानी स्पष्ट रूप से लोकततंत्र में लोक के मताधिकार पर श्डाका श डाला जा रहा है।

वैसे तो पूरा विपक्ष ही चुनाव आयोग को केवल संदेह नहीं बल्कि सत्ता से मिलकर संविधान के साथ विश्वासघात किए जाने की दृष्टि से देख रहा है। लोक सभा व राज्य सभा के सर्वोच्च सदनों में चुनाव आयोग को निशाना बनाया जा रहा है। परन्तु नेता विपक्ष राहुल गांधी ने तो चुनाव आयोग द्वारा की और कराई जाने वाली धांधली पर तो बाकायदा शोध कर डाला है और वे अपने इस चुनाव धांधली सम्बन्धी शोध परिणाम को प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदर्शित करने से लेकर जनता जनार्दन के बीच सड़कों व गलियों तक पहुंच रहे हैं। इस संबंध वे अब तक 4 प्रेस कॉन्फ्रेंस कर वोट चोरी के पूरे सबूत पेश कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त वे अगस्त-सितंबर 2025 के बीच बिहार में 16 दिनों की 1,300 किमी लंबी वोटर अधिकार यात्रा भी SIR के विरुद्ध निकाल चुके हैं। इसके अलावा 200 से अधिक सांसदों व विधायकों के साथ वे 11 अगस्त 2025 को दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त मुख्यालय तक एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन रूपी पैदल मार्च भी कर चुके हैं। एक ओर तो राहुल चुनाव आयोग द्वारा उपलब्ध कराए गए डेटा के अनुसार ही आयोग द्वारा बरती गई अनियमितताओं संबंधी साक्ष्य पेश करते हैं तो दूसरी ओर चुनाव आयोग कभी इन आरोपों को बेबुनियाद बता कर अपना पल्ला झाड़ लेता है तो कभी उल्टे राहुल से ही शपथ-पत्र मांगने लगता है परन्तु लगता है कि राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस पार्टी ने तो गोया चुनाव आयोग को पूरी तरह बेनकाब करने का संकल्प ही कर लिया है। गत 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में कांग्रेस ने एक विशाल रैली आयोजित की। वोट चोर, गद्दी छोड़ के शीर्षक से किए गए इस आयोजन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने देशभर से लाखों कार्यकर्ता जुटाए। इस रैली का भी मुख्य उद्देश्य हरियाणा, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में हाल के विधानसभा चुनावों में कथित ष्वोट चोरीष और मतदाता सूची में हेराफेरी के आरोप लगाना था। इस विशाल रैली में भी कांग्रेस ने भाजपा और चुनाव आयोग पर मिलीभगत का गंभीर आरोप लगाते हुए लोकतंत्र तथा संविधान की रक्षा का संकल्प लिया। इस तरह की किसी रैली में यह पहला मौका था जब कि सीधे तौर पर सबसे तीखा हमला मुख्य चुनाव आयुक्त और उसके दो आयुक्तों पर बोला गया। सांसद प्रियंका गांधी ने एक बार और राहुल गांधी ने तो दो बार अपने भाषण में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा चुनाव आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी का नाम लेकर उनपर सीधे निशाना साधा। इन नेताओं ने उनका नाम लेते हुए आरोप लगाया कि श्चुनाव आयोग भाजपा सरकार के साथ मिलकर काम कर रहा है, वोट चोरी को संरक्षण दे रहा है तथा आयोग निष्पक्ष नहीं है। ए लोग नहीं भूलें कि वे देश के चुनाव आयुक्त हैं, नरेंद्र मोदी के नहीं। राहुल ने यह भी कहा कि श्प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव आयुक्तों को कानूनी सुरक्षा इम्यूनिटी देने वाला कानून बदला है, ताकि उनके खिलाफ कोई कार्रवाई न हो सके। कांग्रेस सत्ता में आने पर इस कानून को बदलेगी और आयुक्तों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। यहां भी राहुल ने दोहराया कि ष्चुनाव आयोग असत्य के साथ खड़ा नजर आ रहा है। उन्होंने बताया कि कैसे हरियाणा में चुनाव चोरी हुआ, किस तरह कर्नाटक में लाखों वोट डिलीट हुए और महाराष्ट्र में फर्जी वोट जोड़े गए परन्तु चुनाव आयोग ने कोई जवाब नहीं दिया। यहां भी राहुल ने चुनावी धांधलियों के कई और उदाहरण पेश किए। यही नहीं बल्कि राहुल गांधी द्वारा देश भर से चुनाव आयोग के विरुद्ध लगभग 6 करोड़ हस्ताक्षर कराए गए हैं। यह अभियान कथित वोट चोरी के आरोपों के खिलाफ चलाया गया था, और इन हस्ताक्षरों को राष्ट्रपति को सौंपने की योजना है। इन 6 करोड़ हस्ताक्षर को भी 14 दिसंबर 2025 को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित वोट चोर गद्दी छोड़ रैली के दौरान प्रदर्शित किया गया। इसी रैली में कांग्रेस के कई प्रमुख राष्ट्रीय नेताओं ने चुनाव प्रक्रिया को हर कदम पर संदिग्ध बताते हुए संस्थाओं पर दबाव डालने का आरोप लगाया जबकि कुछ वक्ताओं ने चुनाव आयोग को भाजपा की कठपुतली बताते हुए आयोग पर सबूतों की जांच नहीं करने का भी आरोप लगाया। कुछ नेताओं का मत था कि देश में निष्पक्ष अंपायर की कमी है। जबकि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तो मुख्य रूप से भाजपा पर वोट चोरी करके सत्ता में आने का आरोप लगाया और चुनाव आयोग पर अप्रत्यक्ष रूप से सवाल उठाए। इसमें कोई संदेह नहीं कि यह रैली कांग्रेस की ओर से चुनावी अनियमितताओं के खिलाफ अब तक का एक सबसे बड़ा शक्ति प्रदर्शन थी, जिसमें चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सार्वजनिक रूप से खुलकर गंभीर सवाल उठाए गए। साथ ही यह भी सच है कि चुनाव आयोग पर प्रमाण सहित लगने वाले इसतरह के आरोपों और आयोग द्वारा इन आरोप को नजर अंदाज करने से भी स्वतंत्र भारत के इतिहास में चुनाव आयोग की प्रतिष्ठा यहां पर भी सबसे बड़ा संकट सामने आ खड़ा हुआ है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सीरिया में इजरायल की सैन्य कार्रवाई बढ़ी

## अमेरिका के दबाव के बावजूद दोनों के रिश्तों में सुधार की संभावनाएं फिलहाल खत्म होती दिख रही

**बेरूत।** दक्षिण-पश्चिमी सीरिया के बेइत जिन गांव में रहने वाले कासिम हमादेह की जिंदगी एक ही दिन में उजड़ गई। पिछले महीने सुबह-सुबह गोलियों और धमाकों की आवाज के साथ इजरायली सेना ने उनके गांव में छापा मारा। कुछ ही घंटों में हमादेह ने अपने दो बेटे, बहू और दो पोतों को खो दिया। उस दिन इजरायली कार्रवाई में कुल 13 ग्रामीण मारे गए।



■ कुछ ही घंटों में हमादेह ने अपने दो बेटे, बहू और दो पोतों को खो दिया, उस दिन इजरायली कार्रवाई में कुल 13 ग्रामीण मारे गए

वहीं इस कार्रवाई को लेकर इजरायल का कहना है कि उसके सैनिक एक आतंकी समूह के सदस्यों को पकड़ने गए थे, जो इजरायल पर हमले की योजना बना रहे थे। इजरायली सेना के मुताबिक, पहले उन पर गोलीबारी की गई, जिसमें छह सैनिक घायल हुए, जिसके बाद सेना ने जवाबी कार्रवाई की और हवाई समर्थन लिया, लेकिन गांव के लोगों ने इन दावों को खारिज किया है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने इजरायली सैनिकों को घुसपैठिया समझकर विरोध किया, जिसके जवाब में टैंकों और तोपों से गोलाबारी की गई और बाद में ड्रोन हमला हुआ। दमिश्क की सरकार ने इस घटना को नरसंहार बताया है। इस तरह की हालिया कार्रवाइयों से सीरिया और इजरायल के बीच तनाव और बढ़ गया है। अमेरिका के दबाव के बावजूद दोनों देशों के रिश्तों में सुधार की संभावनाएं फिलहाल खत्म होती दिख रही हैं। पिछले साल दिसंबर में, जब सुन्नी इस्लामिक विद्रोहियों ने सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद को सत्ता से हटाया, तब इजरायल-सीरिया संबंधों में सुधार की उम्मीद जगी थी। सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शारा ने कहा था कि वह इजरायल से टकराव नहीं चाहते। लेकिन इजरायल अल-शारा के अतीत और उनके संगठन के अल-कायदा से पुराने संबंधों को लेकर संदेह में रहा। इजरायली सेना ने वहां चौकियां, सैन्य ठिकाने और निगरानी पोस्ट बनाए हैं। माउंट हर्मोन जैसे रणनीतिक इलाकों में हेलिपैड भी तैयार किए गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ड्रोन लगातार उड़ते रहते हैं और टैंक व सैन्य वाहन गश्त करते दिखते हैं। इजरायल का कहना है कि उसकी मौजूदगी अस्थाई है और इसका मकसद हमलों को रोकना है, लेकिन उसने यह नहीं बताया कि वह कब वापस जाएगा। सुरक्षा समझौते को लेकर बातचीत भी अब तक बेनतीजा रही है। सीरिया के लोग इजरायल की मंशा को लेकर इसलिए भी चिंतित हैं, क्योंकि पड़ोसी लेबनान और गाजा में इजरायल की सैन्य मौजूदगी अब भी जारी है। लेबनान में एक साल से ज्यादा समय पहले युद्धविराम होने के बावजूद इजरायल कुछ पहाड़ी इलाकों पर काबिज है और लगातार हवाई हमले करता रहता है। गाजा में भी इजरायल और हमास के बीच संघर्ष के बाद बफर जोन बनाने की योजना है।



यरूशलम। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ हाथ मिलाते केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर।

## लीबिया के तट पर नाव पलटी, 32 अवैध बांग्लादेशी प्रवासी बचाए

**त्रिपोली।** लीबिया के उत्तर-पूर्वी शहर अल-हानिया के तट के पास एक नाव पलटने के बाद 32 बंगलादेशी प्रवासियों को बचा लिया गया है। लीबिया की अवैध-अप्रवासन विरोधी एजेंसी की अल-जबल अल-अख्दर शाखा ने एक बयान में यह जानकारी दी है। एजेंसी ने बताया कि नाव पर सवार सभी प्रवासियों को मंगलवार को सुरक्षित बचाकर अल-बायदा बंदीगृह में स्थानांतरित किया गया है, जहां उन्हें जरूरी मेडिकल देखरेख में रखा गया है। कुछ प्रवासियों को छोटी-मोटी चोटें भी आई थीं।

## भारत-अर्जेंटीना में कृषि सहयोग के लिए कार्य योजना पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और अर्जेंटीना के राष्ट्रीय कृषि प्रौद्योगिकी संस्थान ने बुधवार को आईसीएआर-आईएनटीए कार्य योजना 2025-2027 पर हस्ताक्षर किए हैं, जो कृषि अनुसंधान, प्रौद्योगिकी आदान-प्रदान एवं क्षमता निर्माण में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने वाली एक रणनीतिक पहल है। अर्जेंटीना के राजदूत मारियानो कौसिनो ने इस समझौते को राष्ट्रपति जेवियर मिलेई और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन का प्रत्यक्ष परिणाम कहा और दोनों अर्थव्यवस्थाओं की पूरक शक्तियों पर बल दिया। कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डीएआरई) के सचिव और आईसीएआर के महानिदेशक ने बुधवार को भारत में अर्जेंटीना के राजदूत के साथ कार्य योजना का आदान-प्रदान किया, जो भारत-अर्जेंटीना कृषि सहयोग में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। अर्जेंटीना के राजदूत कौसिनो ने कहा कि यह महत्वपूर्ण कदम जुलाई 2025 में अर्जेंटीना यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मिलेई और प्रधानमंत्री मोदी के बीच हुए ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन का परिणाम है।

# गाजा में इजरायल का साथ देगी पाक आर्मी!

## अमेरिका के ट्रैप में बुरी तरह फंस गए आसिम मुनीर

**तेल अवीव।** पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर फिलहाल सबसे कठिन परीक्षा से गुजर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की गाजा योजना को लेकर पाकिस्तान पर दबाव बढ़ रहा है। ट्रम्प चाहते हैं कि गाजा में तैनात होने वाले स्टेबलाइजेशन फोर्स के लिए पाकिस्तान अपने सैनिक भेजे। ऐसा हुआ तो पाकिस्तान के भीतर भारी विरोध हो सकता है। कहा जा रहा है आसिम मुनीर ट्रम्प से मिलने जल्द ही वाशिंगटन जा सकते हैं। यह 6 महीनों में यह उनकी तीसरी मुलाकात होगी। मुलाकात में ट्रम्प के गाजा पीस प्लान पर चर्चा हो सकती है।

इस योजना के तहत मुस्लिम देशों की एक जाइंट फोर्स बनाई जानी है, जो गाजा में युद्ध के बाद पुनर्निर्माण और आर्थिक सुधार की निगरानी करेगी। हालांकि कई देश इस योजना से दूरी बनाए हुए हैं, क्योंकि इसमें हमास को निरस्त्र करने की जिम्मेदारी भी मिल सकती है। इससे उन देशों के सीधे संघर्ष में फंसने का खतरा है। आसिम मुनीर ने ट्रम्प के साथ करीबी संबंध बनाए हैं, ताकि अमेरिका और पाकिस्तान के रिश्ते सुधर सकें। जून में ट्रम्प ने उन्हें व्हाइट हाउस में लंच पर बुलाया था। यह पहली बार था, जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख को अकेले बुलाया। एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर पाकिस्तान गाजा फोर्स में शामिल नहीं होता तो ट्रम्प नाराज हो सकते हैं। यह नाराजगी पाकिस्तान के लिए घाटे का सौदा साबित सकता है, क्योंकि पाकिस्तान अमेरिका से निवेश और सुरक्षा सहायता चाहता है। पाकिस्तान दुनिया का इकलौता मुस्लिम देश है, जिसके पास परमाणु हथियार हैं। पाकिस्तान भारत के साथ तीन युद्ध लड़ चुका है और मई में दोनों के बीच सैन्य टकराव भी हुआ है। इसके अलावा वह अफगानिस्तान के साथ भी संघर्ष में शामिल रहा है। डिफेंस एक्सपर्ट आयशा सिद्दीका का कहना है कि इतनी बड़ी सैन्य ताकत होने के कारण आसिम मुनीर पर अपनी क्षमता दिखाने का दबाव है। हाल ही में संविधान संशोधन के जरिए आसिम मुनीर की शक्तियां बढ़ाई गई हैं। उन्हें वायुसेना और नौसेना की कमान भी सौंपी गई है, कार्यकाल 2030 तक बढ़ा दिया गया है। उन्हें आजीवन फील्ड मार्शल का दर्जा मिला है और जीवनभर कानूनी सुरक्षा भी दी गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि पाकिस्तान में शायद ही किसी और के पास इतनी ताकत और स्वतंत्रता हो,लेकिन देश के अंदर हालात चुनौतीपूर्ण हैं। गाजा में पाकिस्तानी सैनिक भेजने से अमेरिका और इजरायल विरोधी पार्टियों के प्रदर्शन तेज हो सकते हैं। इन दलों के पास बड़ी संख्या में समर्थकों को सड़कों पर उतारने की क्षमता है। अक्टूबर में एक कट्टरपंथी इजरायल विरोधी संगठन पर प्रतिबंध लगाया गया था, लेकिन उसकी सोच अब भी मौजूद है। वहीं, जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी भी सेना प्रमुख से नाराज है और उसके पास मजबूत जनसमर्थन है। अगर गाजा फोर्स तैनात होने के बाद हालात बिगड़े, तो इसका सीधा असर पाकिस्तान पर पड़ेगा। पाकिस्तानी नागरिकों के बीच यह धारणा बन सकती है कि आसिम मुनीर इजरायल के हित में काम कर रहे हैं। यही वजह है कि गाजा को लेकर लिया गया कोई भी फैसला पाकिस्तान के लिए बेहद संवेदनशील साबित हो सकता है।



**अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की गाजा योजना को लेकर पाकिस्तान पर दबाव बढ़ रहा**

## रूस व अमेरिका के साथ करीबी संबंध बनाए रखने को चीन तैयार: चीनी राजदूत

**बीजिंग।** रूस में चीन के राजदूत झांग हनहुई ने कहा कि चीन अंतर्राष्ट्रीय मामलों पर रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ करीबी संपर्क बनाए रखने के लिए तैयार है। राजदूत ने रूसी संवाद समिति स्पुतनिक से कहा कि हम अंतर्राष्ट्रीय मामलों पर रूस, संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य देशों के साथ करीबी संपर्क बनाए रखने के लिए तैयार हैं। हनहुई ने बताया कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बुसान में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ एक बैठक के दौरान इस बात की ओर इशारा किया था कि चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका संयुक्त रूप से अपनी जिम्मेदारी प्रदर्शित कर सकते हैं। साथ ही, दोनों देश अपने साथ-साथ पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण, व्यावहारिक एवं उपयोगी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं।

## ट्रम्प ने वेनेजुएला आने जाने वाले तेल टैंकरों की 'पूर्ण नाकाबंदी' का आदेश दिया

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंम्प ने मंगलवार को वेनेजुएला में आने-जाने वाले सभी प्रतिबंधित तेल टैंकरों की 'पूर्ण नाकेबंदी' का आदेश दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति का यह आदेश वेनेजुएला और निकोलस मादुरो सरकार पर और दबाव बढ़ाने की कोशिशों का परिणाम है। ट्रम्प ने कहा कि वेनेजुएला अब तक के सबसे बड़े सैन्य बेढ़े से घिरा हुआ है।



■ वेनेजुएला अब तक के सबसे बड़े सैन्य बेढ़े से घिरा हुआ: ट्रम्प

यह नाकेबंदी मुख्य रूप से वेनेजुएला के प्राथमिक राजस्व स्रोत को निशाना बना रही है। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में 'पूर्ण और संपूर्ण नाकेबंदी' शब्दों पर जोर देते हुए संकेत दिया कि सैन्य तैनाती को और भी बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने यह सुझाव भी दिया कि वेनेजुएला अपनी जमीन, तेल और अमेरिका को सौंप दे, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि अमेरिका के सैन्य अभियान का उद्देश्य नशीली दवाओं के व्यापार को रोकने से कहीं अधिक है। ट्रम्प प्रशासन ने बार-बार वेनेजुएला पर नशीली दवाओं की तस्करी में शामिल होने का आरोप लगाया है। सितम्बर के बाद से फेंटानिल और अन्य अवैध दवाएं ले जाने के आरोपी जहाजों पर अमेरिकी सैन्य हमलों में कथित तौर पर कम से कम 90 लोग मारे गए हैं। हाल के महीनों में अमेरिका ने क्षेत्र में अतिरिक्त युद्धपोत भी तैनात किए हैं, जो बढ़ती सैन्य उपस्थिति का संकेत देते हैं। दुनिया के सबसे बड़े प्रमाणित तेल भंडार वाले वेनेजुएला ने अमेरिका पर उसके प्राकृतिक संसाधनों को जब्त करने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। ट्रम्प ने मंगलवार रात कहा कि वेनेजुएला पूरी तरह से दक्षिण अमेरिका के इतिहास में अब तक के सबसे बड़े नौसैनिक बेड़े से घिरा हुआ है। यह और बड़ा होता जाएगा और उन्हें लगने वाला झटका ऐसा होगा जैसा उन्होंने पहले कभी नहीं देखा होगा।

# भारत-इथियोपिया विकासशील देशों की आवाज करें बुलंद

## प्रधानमंत्री को मिला इथियोपिया का सर्वोच्च सम्मान ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया

**अदीस अबाबा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत और इथियोपिया को प्राचीन ज्ञान और आधुनिक आकांक्षाओं का संगम बताते हुए कहा है कि दोनों देशों को विकासशील देशों की आवाज को वैश्विक स्तर पर और बुलंद करने के लिए एकजुट होकर प्रयास करना होगा।

मोदी ने इथियोपिया की दो दिन की यात्रा के अंतिम दिन बुधवार को यहां इथियोपियाई संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। इथियोपिया की पहली द्विपक्षीय यात्रा पर गए मोदी ने संसद को संबोधित करने के अवसर को गौरवपूर्ण बताते हुए कहा कि लोकतंत्र के इस मंदिर के माध्यम से वह इथियोपिया के आम नागरिकों , किसानों, उद्यमियों, गौरवशाली महिलाओं और उन युवाओं से संवाद कर रहे हैं जो देश का भविष्य गढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने उन्हें इथियोपिया का सर्वोच्च सम्मान 'ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया' प्रदान किए जाने के लिए इथियोपिया की जनता और सरकार का आभार व्यक्त किया। दोनों देशों के बीच संबंधों के महत्व का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात पर गहरा संतोष व्यक्त किया कि इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के प्राचीन संबंधों को सामरिक साझेदारी का दर्जा दिया गया है। भारत और इथियोपिया के बीच सभ्यतागत संबंधों का स्मरण करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देश प्राचीन ज्ञान और आधुनिक आकांक्षाओं का संगम हैं। इस संदर्भ में उन्होंने कहा कि भारत का राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' और इथियोपिया का राष्ट्रगान, दोनों ही अपनी भूमि को मां के रूप में संबोधित करते हैं। दोनों देशों के साझा संघर्ष की ओर संकेत करते हुए प्रधानमंत्री ने 1941 में इथियोपिया की मुक्ति के लिए इथियोपियाई नागरिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़ने वाले भारतीय सैनिकों के योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इथियोपियाई जनता के बलिदानों का प्रतीक अदवा विजय स्मारक को श्रद्धांजलि अर्पित करना उनके लिए सम्मान की बात है। प्रधानमंत्री ने भारत-इथियोपिया साझेदारी को और सशक्त तथा व्यापक बनाने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता व्यक्त की।



■ अफ्रीकी संघ के मुख्यालय के रूप में अदीस अबाबा की भूमिका का उल्लेख किया


## इथियोपिया से ओमान के लिए रवाना हुए मोदी

**अदीस अबाबा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों की चार दिन की यात्रा के अंतिम पड़ाव में बुधवार को इथियोपिया से ओमान के लिए रवाना हो गए। मोदी ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक के निमंत्रण पर ओमान जा रहे हैं। इस दौरान दोनों नेता भारत-ओमान रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के उद्देश्य से वार्ता करेंगे जिसमें व्यापार, निवेश, ऊर्जा और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। यह यात्रा भारत और ओमान के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 70वीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रही है।

# राहुल गांधी जर्मनी की राजधानी बर्लिन पहुंचे

## हवाई अड्डे पर इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और नेताओं ने स्वागत किया

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी बुधवार को जर्मनी की राजधानी बर्लिन पहुंच गए। गांधी का हवाई अड्डे पर इंडियन ओवरसीज कांग्रेस (आईओसी) के कार्यकर्ताओं और नेताओं ने स्वागत किया।



■ गांधी ने जर्मनी के बड़े शहरों में शामिल म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू प्लांट का दौरा किया

गांधी बुधवार को बर्लिन में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अनुसार गांधी भारतीय प्रवासी समुदाय से संवाद करेंगे और यूरोप में पार्टी के विभिन्न अध्यक्षों से मिलकर प्रवासी भारतीयों से जुड़े मुद्दों और पार्टी की विचारधारा को बढ़ावा देने पर चर्चा करेंगे। वह 20 दिसम्बर तक जर्मनी के दौरे पर रहेंगे। गांधी ने जर्मनी के बड़े शहरों में शामिल म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू प्लांट का दौरा किया। दौरे के बाद उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर तस्वीर साझा करते हुए लिखा म्यूनिख, जर्मनी में बीएमडब्ल्यू वेल्ट और बीएमडब्ल्यू प्लांट के दौरे के दौरान बीएमडब्ल्यू की दुनिया का अनुभव करने का अवसर मिला, विश्व स्तरीय निर्माण को करीब से देखने का एक अविश्वसनीय अनुभव। टीवीएस की 450 सीसी मोटरसाइकिल को देखना एक यादगार अनुभव था, जिसे बीएमडब्ल्यू के साथ साझेदारी में विकसित किया गया है। उन्होंने कहा कि विनिर्माण मजबूत अर्थव्यवस्थाओं की रीढ़ है। दुख की बात है कि भारत में विनिर्माण में गिरावट आ रही है। विकास को गति देने के लिए हमें अधिक उत्पादन करने, सार्थक विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र बनाने और बड़े पैमाने पर उच्च गुणवत्ता वाली नौकरियां सृजित करने की आवश्यकता है।







## युद्ध नहीं रुका, तो 'खत्म हो सकता है' यूक्रेन: लुकाशेंको

**वाशिंगटन।** बेलारूस के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर लुकाशेंको ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष का समाधान नहीं निकाला गया तो यूक्रेन का अस्तित्व खत्म हो सकता है। लुकाशेंको ने अमेरिकी समांचार चैनल न्यूजमैक्स टीवी को दिए गए एक साक्षात्कार में कहा कि अगर यह संघर्ष चलता रहा तो इसका परिणाम यूरोप और पूरी दुनिया के लिए बहुत गंभीर हो सकता है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की इस समय शांति समझौते के लिए तैयार नहीं हैं, लेकिन उन्हें समझना होगा कि अगर जल्द ही कोई हल नहीं निकाला गया तो यूक्रेन खत्म हो सकता है।

# अमेरिका ने ईयू पर जवाबी कार्रवाई की दी धमकी

## अमेरिकी डिजिटल सेवा प्रदाता कंपनियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई को बनाया

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका ने यूरोपीय संघ (ईयू) को धमकी दी कि यदि ईयू अमेरिकी डिजिटल सेवा प्रदाता कंपनियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करता है, तो अमेरिका भी जवाबी कार्रवाई करेगा।

**एजेंसी ने कई यूरोपीय तकनीकी दिग्गजों के नाम भी गिनाए जिनकी अमेरिका में व्यापक उपस्थिति है**

यूनाइटेड स्टेट्स ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव (यूएसटीआर) के कार्यालय ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यदि ईयू और उसके सदस्य देश भेदभावपूर्ण माध्यमों से अमेरिकी सेवा प्रदाताओं को प्रतिबंधित करने, सीमित करने और रोकने पर अड़े रहते हैं, तो अमेरिका के पास इन अनुचित उपायों का मुकाबला करने के लिए उसके पास मौजूद हर उपकरण का उपयोग शुरू करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा। यूएसटीआर के अनुसार, संभावित जवाबी कार्रवाई में शुल्क का आकलन करना या विदेशी सेवाओं पर प्रतिबंध लगाना शामिल हो सकता है। एजेंसी ने यह भी चेतावनी दी कि वह उन अन्य देशों के प्रति भी इसी तरह का दृष्टिकोण अपना सकती है जो इस क्षेत्र में ईयू की तरह नियम अपना रहे हैं। यूएसटीआर ने आरोप लगाया कि ईयू और कुछ सदस्य देशों ने अमेरिकी सेवा प्रदाताओं को निशाना बनाते हुए भेदभावपूर्ण और परेशान करने वाले मुकदमों, करों (टैक्स), जुर्मानों और निर्देशों का एक निरंतर सिलसिला चलाया है। यूएसटीआर ने कहा कि अमेरिका वर्षों से ईयू के साथ इन मामलों पर चिंता जताता रहा है लेकिन ईयू की ओर से न तो कोई सार्थक भागीदारी हुई और न ही अमेरिकी चिंताओं को बुनियादी तौर पर स्वीकार किया गया। यूएसटीआर ने यह भी कहा कि ईयू के सेवा प्रदाता दशकों से अमेरिका में स्वतंत्र रूप से काम कर रहे हैं और अमेरिकी बाजार और उपभोक्ताओं तक पहुंच का लाभ उठा रहे हैं। एजेंसी ने कई यूरोपीय तकनीकी दिग्गजों के नाम भी गिनाए जिनकी अमेरिका में व्यापक उपस्थिति है। यह हालिया टिप्पणियां ईयू के कड़े होते तकनीकी नियमों और अमेरिकी 'टेक' दिग्गजों को निशाना बनाने वाले मुकदमों पर अमेरिकी अधिकारियों के बीच बढ़ती निराशा को दर्शाती हैं। यूरोपीय आयोग ने हाल ही में अमेरिकी 'टेक' दिग्गज गूगल और मेटा के खिलाफ दो अविश्वास जांच शुरू किए हैं और एलन मस्क की कंपनी 'एक्स' पर 'डिजिटल सर्विसेज एक्ट' के तहत नियमों का पालन नही करने के कारण 12 करोड़ यूरो (लगभग 14 करोड़ अमेरिकी डॉलर) का भी जुर्माना लगाया है।